e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 32

सुविचार

जो व्यक्ति पवित्र और साहसी है, वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।

शुक्रवार
02.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

# प्रभात मंत्र

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

## चार स्तंभों को मज़बूत करेगा बजट : पीएम मोदी

नई दिल्ली : वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने साल 2024 के लिए मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश किया. इस दौरान वित्तमंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनवाईं. बजट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया. पीएम मोदी ने कहा कि आज का यह बजट अंतरिम बजट तो है ही, लेकिन यह समावेशी और इनोवेटिव भी है. यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला, किसान सभी को सशक्त करेगा. पीएम मोदी ने आज पेश हुए बजट को देश के भविष्य निर्माण का बजट बताया. पीएम मोदी ने कहा कि यह बजट युवा भारत की युवा आकांक्षाओं को प्रतिबिंब करता है. बजट के भीतर दो महत्वपूर्ण फैसले किए गए हैं. उन्होंने कहा कि अनुसंधान और नवाचार के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के फंड का ऐलान किया गया है.



# बजट 2024 : रक्षा क्षेत्र में 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी, 300 यूनिट बिजली फ्री

## गरीबी दूर करने के लिए काम कर रही है सरकार : निर्मला सीतारमण

एजेंसी

नई दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा, पीएम जनधन योजना के तहत आदिवसी समाज तक पहुंचना है. विशेष जनजातियों के लिए विशेष योजना लेकर आए हैं. इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में तेजी आई है. सरकारी योजनाएं जनता तक पहुंच रही हैं. सरकार गरीबी हटाने के लिए काम कर रही है. सरकार ने चुनौतियों का डटकर सामना किया है. ग्रामीण विकास के लिए योजनाओं को लागू किया है. हर घर जल योजना से पानी पहुंचाया जा रहा है. 78 लाख स्ट्रीट वेंडर को मदद दी गई है. किसानों को सशक्ति बनाने पर जोर दिया है. 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ दिया जाता है. पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है. आम लोगों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है. युवाओं को सशक्त बनाने पर भी काम किया है. तीन हजार नए आईटीआई खोले गए हैं. 54 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है. एशियाई खेलों में भारत के युवाओं को कामयाबी मिली है. तीन तलाक को गैरकानूनी घोषित किया है. महिलाओं को संसद में आरक्षण देने के लिए कानून लेकर आए हैं. निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश की जनता भविष्य की तरफ देख रहे हैं. वे आशान्वित हैं. पीएम मोदी के नेतृत्व में हम आगे बढ़ रहे हैं. अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखे जा रहे हैं. सरकार सबका साथ सबका विकास के लिए काम कर रही है. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हर घर जल, सभी को बिजली, गैस, वित्तीय सेवाएं और बैंक अकाउंट खोलने के लिए काम किया है. वित्त मंत्री ने कहा कि खाद्यान्न की चिंताओं को दूर किया है, 80 करोड़ लोगों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया है. मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आय बढ़ी है. 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा,हम लोगों को सशक्त बनाने का काम कर रहे हैं.वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार गरीब लोगों को घर खरीदने और घर बनाने में आर्थिक मदद देगी। उन्होंने कहा कि मिडिल क्लास के लोगों के लिए, झुग्गी और चॉल में रहने वालों के लिए घर खरीदने और बनाने के लिए सरकार मदद करेगी इसके लिए योजना लायी जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि जो लोग किराये के घरों में रह रहे हैं, उन्हें इस स्कीम से फायदा होगा। साथ ही जो लोग अनाधिकृत कॉलोनियों में रह रहे हैं, उन्हें भी अपना घर खरीदने और बनाने में मदद मिलेगी।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नए संसद भवन में आम बजट पेश कर रही हैं। चुनावी साल होने के कारण यह एक अंतरिम बजट है।



"सीआईआइ के अध्यक्ष आर दिनेश ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बुनियादी ढांचे, कैपएक्स के नेतृत्व वाले विकास के लिए सरकार के प्रोत्साहन का स्वागत करते हैं।"



"अधीर रंजन चौधरी ने कहा, क्या यह बेरोजगारों को रोजगार देने वाला बजट है? इस बजट में लोकसभा चुनाव के लिए लोगों को चुभाने के लिए कुछ नहीं है। लोकसभा में कांग्रेस सचेतक ने कहा कि यह बजट निराशाजनक है। यह कॉरपोरेट का हितैषी बजट है। इसमें गरीबों और आम लोगों के लिए कुछ भी नहीं है।"



"अंतरिम बजट 2024-25 पर आप सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा, यह निराशाजनक बजट है। देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है लेकिन बजट में इसके बारे में कुछ भी नहीं है्यह आम जनता के लिए निराशाजनक बजट है।"



"सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा गुरुवार को संसद में पेश किए गए अंतरिम बजट को भारतीय जनता पार्टी का 'विदाई बजट' करार दिया। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गई टिप्पणी में कहा, कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वह व्यर्थ है।"

# 2 करोड़ लोगों को मिलेगा आवास



## 3 करोड़ महिला लखपति दीदी बनाने का टारगेट

महिलाओं के लिए उम्मीद से कम घोषणाएं हैं। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सर्वाइकल कैंसर रोकने के लिए 9-14 साल की बच्चियों को फ्री टीका लगाया जाएगा। सभी आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं और हेल्पर्स को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा।

## किसानः फसलों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस का दायरा नहीं बढ़ा



फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी मिनिमम सपोर्ट प्राइस का दायरा नहीं बढ़ाया है। वहीं, साल में 6,000 रुपए की किसान सम्मान निधि में भी इजाफा नहीं किया गया है। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर को 1.27 लाख करोड़ दिए हैं, जो पिछली बार के मुकाबले केवल 2त्न ही ज्यादा है। पिछली बार एग्रीकल्चर बजट में 1.25 लाख करोड़ मिले थे।

## हाउसिंग पर ये है प्लान



सरकार अगले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अतिरिक्त 2 करोड़ घर बनाने का लक्ष्य रख रही है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि नागरिकों को घर खरीदने या बनाने में मदद के लिए मध्यम वर्ग के लिए एक नई आवास योजना शुरू की जाएगी।

## पर्यटन पर खास फोकस



सरकार राज्यों को प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्र विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इसके अलावा, विकास को प्रोत्साहित करने के लिए राज्यों को दीर्घकालिक ब्याज मुक्त लोन प्रदान किया जाएगा। सरकार ने कहा कि लक्षद्वीप सहित आईलैंड्स में बंदरगाह कनेक्टिविटी, पर्यटन बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के लिए प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर : मेट्रो और नमो भारत प्रोजेक्ट बढ़ेंगे

मेट्रो और नमो भारत जैसे प्रोजेक्ट्स को बढ़ाया जाएगा। कोयले से गैस बनाने की कैपेसिटी 2030 तक 100 मीट्रिक टन की जाएगी। इससे नेचुरल गैस, मेथेनॉल और अमोनिया के इम्पोर्ट का खर्च घटेगा। देश में रेलवे फ्रेट कॉरिडोर के अलावा 3 और रेलवे कॉरिडोर बनाए जाएंगे। साथ ही 40 हजार रेल कोचेस को वंदे भारत स्टैंडर्ड का बनाया जाएगा। जी-20 समिट के दौरान घोषित इंडिया-मिडिल ईस्ट यूरोप कॉरिडोर को भारत और दुनिया के लिए गेमचेंजर बताया। हालांकि इसकी प्रोग्रेस के बारे में कुछ नहीं कहा।

## सरकार की कमाई और खर्च का हिसाब

वित्त मंत्री ने कहा कि अगले फाइनेंशियल ईयर यानी 2024-25 में सरकार की कमाई 30.80 लाख करोड़ (उधारी छोड़कर) और खर्च 47.66 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में सरकार को टैक्स कलेक्शन से कुल 26.02 लाख करोड़ मिलने का अनुमान है।

## टैक्स को लेकर हुआ ये ऐलान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि टैक्स ढांचे में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा, चाहे वह प्रत्यक्ष कर हो या अप्रत्यक्ष। हालांकि, सॉवरेन वेल्थ फंड और पेंशन फंड में किए गए निवेश को एक और साल के लिए टैक्स फ्री कर दिया गया है। वित्त वर्ष 2025 में कुल राजस्व प्राप्ति अब 30 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया जा रहा है, जो वित्त वर्ष 2024 में 26.99 लाख करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से अधिक है।

## राजकोषीय घाटे को कम करने पर ध्यान

फिस्कल प्रूडेंस के रास्ते पर चलते हुए, सरकार की ओर से बार-बार कहा गया कि वह वित्त वर्ष 2026 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 फीसदी तक कम करना चाहती है। अंतरिम बजट के दौरान, फाइनेंस मिनिस्टर सीतारमण ने राजकोषीय घाटे को लेकर बड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 फीसदी के पिछले लक्ष्य से घटाकर सकल घरेलू उत्पाद का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। वहीं वित्त वर्ष 2025 के लिए ये लक्ष्य त्नष्ठक्का 5.1 फीसदी निर्धारित किया गया है। फाइनेंशियल ईयर 2025 के लिए शुद्ध उधारी 11.75 लाख करोड़ रुपये देखने को मिली है जबकि केंद्र की सकल उधारी 14.13 लाख करोड़ रुपये देखी गई है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025 के लिए रक्षा क्षेत्र में आवंटन को 4 फीसदी बढ़ाकर 6.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। ये वित्त वर्ष 2024 के बजटीय अनुमान 5.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

## डिफेंस : पिछले साल के मुकाबले 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी

डिफेंस खर्च के लिए 6.2 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। यह पिछले साल से केवल 0.27 लाख करोड़ यानी 3.4 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि अंतरिम बजट में सबसे बड़ा हिस्सा डिफेंस का ही है। इसे कुल बजट का 8त्न मिला है। सरकार डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करेगी, ताकि देश हथियारों के लिए आत्मनिर्भर बने।

## शिक्षा-रोजगारः 1 लाख करोड़ का कॉर्पस फंड

शिक्षा और रोजगार पर कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई। हालांकि 1 लाख करोड़ के कॉर्पस फंड का ऐलान किया है। इससे 50 साल तक की अवधि के लिए इंट्रेस्ट फ्री लोन दिया जाएगा।

## बजट की मुख्य बातें

* इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं, मिडिल क्लास को लगा जोर का झटका
* झुग्गी और चॉल में रहने वालों के लिए घर खरीदने और बनाने के लिए सरकार करेगी मदद, इसके लिए योजना लायी जाएगी
* 3 नए रेल कॉरिडोर शुरू होंगे
* एक करोड़ घरों को 300 यूनिट की मुफ्त बिजली हर महीने सौर ऊर्जा के जरिए मिलेगी
* 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किए जाएंगे लखपति दीदी
* प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अगले 5 साल में ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ और घर बनाए जाएंगे
* पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए ई-वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे.
* टियर 2 और टियर 3 शहरों को हवाई मार्ग से जोड़ा जाएगा.
* लक्षद्वीप में नई परियोजनाएं शुरू होंगी.
* पर्यटन क्षेत्र में विदेशी निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा.
* जुलाई में पूर्ण बजट आएगा, जिसमें विकसित भारत का रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगा.
* इंफ्रास्ट्रक्चर में 11 फीसदी ज्यादा खर्च किया जाएगा.
* 80 करोड़ लोगों को नि:शुल्क खाद्यान उपलब्ध कराया जा रहा है
* स्टार्टअप के लिए टैक्स छूट एक साल के लिए बढ़ा दी गई है
* राज्यों को ब्याज मुक्त कर्ज योजना जारी रहेगी
* आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएगा
* तिलहन के अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा
* 2014-23 के दौरान 596 अरब डॉलर विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आया
* ब्लू इकोनॉमी 2.0 के तहत नई योजना शुरू की जाएगी
* इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाएगा

50 साल के लिए 1 लाख करोड़ के ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा

* 40 हजार सामान्य रेल कोच वंदे भारत जैसे कोच में बदलेंगे
* मातृ और शिशु देखरेख की योजनाओं को बढ़ावा मिलेगा
* 9-14 साल की लड़कियों के टीकाकरण पर ध्यान दिया जाएगा

सरकार मध्यम वर्ग के लिए आवास योजना लाएगी

* 5 इंटीग्रेटेड एक्वापार्क स्थापित किए जाएंगे
* भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के जरिए एक परिवर्तनकारी पहल की गई है
* डिफेंस के लिए 6.2 लाख करोड़ का बजट रखा गया है.
* 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है
* पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है

मनरेगा के लिए 60 हजार करोड़ से 86 हजार करोड़ का बजट किया गया है

* स्किल इंडिया मिशन में 1.4 करोड़ युवाओं को ट्रेंड किया गया है
* 3000 नए आईटीआई बनाए गए हैं
* 25 करोड़ लोगों की गरीबी दूर की गई है

पीएम मुद्रा योजना के तहत 22.5 लाख करोड़ मूल्य के 43 करोड़ लोन मंजूर किए गए हैं

* महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए
* 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता दी गई
* गरीब कल्याण योजना में ? 34 लाख करोड़ खातों में भेजे गए हैं.

## छत्तीसगढ़ में पिकअप वाहन से 3 करोड़ 80 लाख के नकली नोट बरामद

रायपुर : महासमुंद जिले की सरायपाली पुलिस ने एक पिकअप गाड़ी से प्लास्टिक के बोरे में छिपाकर रखे 3 करोड़ 80 लाख के नकली नोट बरामद किए हैं। सभी नकली नोट 500 के हैं। पुलिस ने पिकअप के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने गुरुवार को बताया कि मुखबिर से सूचना मिली था कि नेशनल हाईवे नंबर 53 से एक संदिग्ध पिकअप वाहन गुजरने वाली है। पुलिस ने तुरंत नाकेबंदी कर सरायपाली आने और जाने वाले रास्ते को सील कर दिया।

## रांची का तापमान

अधिकतम 22°

न्युनतम 10°



### सस्पेंस बरकरार : चंपई सोरेन को सरकार बनाने के लिए नहीं मिला न्योता

## हैदराबाद नहीं जा सके सत्ताधारी दल के विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : चंपई सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य में सरकार बनाने के लिए दोबारा दावा पेश किया। उन्होंने 43 विधायकों के समर्थन का वीडियो भी दिखाया।



हालांकि राज्यपाल ने अभी भी उन्हें सरकार बनाने का न्योता नहीं दिया है। राज्यपाल ने कहा है कि प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। इस दौरान आलमगीर आलम, प्रदीप यादव, सत्यानंद भोक्ता और विनोद सिंह मौजूद रहे। राज्यपाल ने ही इन पांच नेताओं को मिलने का वक्त दिया था।चंपई सोरेन ने कहा, हमें सरकार बनाने के लिए बहुमत का दावा किए हुए कई घंटे हो गए हैं. राज्यपाल ने कहा कि जल्द ही निर्णय लेंगे. बता दें कि चंपई सोरेन ने राज्यपाल को वो वीडियो भी दिखाया जिसमें हमारे 43 विधायक दिखाई दे रहे हैं। इधर झामुमो और सहयोगी दलों के विधायक गुरुवार की शाम रांची एयरपोर्ट पर पहुंचे. ये सभी चार्टर प्लेन के जरिए हैदराबाद जाने के लिए सवार हुए पर कम विजिबिलिटी के कारण नहीं जा सके।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा हेमंत की गिरफ्तारी का मामला, आज सुनवाई



एजेंसी

नई दिल्ली : झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया. उच्चतम न्यायालय धन शोधन मामले में गिरफ्तार किए गए झामुमो नेता हेमंत सोरेन की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा. हेमंत सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि झामुमो नेता गिरफ्तारी के खिलाफ अपनी याचिका झारखंड उच्च न्यायालय से वापस ले ली है. प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हुए.

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन
आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

**संक्षिप्त खबरें**

### बिजली तार के संपर्क में आने से एक मवेशी की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बिजली तार के संपर्क में आने से एक मवेशी की मौत हो गई बाल बाल बचा गौ पालक किसान। विदित हो की सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के मन्हे ग्राम में अचानक मौसम खराब होने से मवेशी को घर लाने के दौरान घटना होने की बात बताई जा रही है। गौ पालक किसान मन्हें निवासी बन्धे उराँव का पुत्र बुधु उराँव ने बताया कि मवेशी को चरवाही के लिए घर ले गया था। लेकिन अचानक मौसम खराब होने के कारण मवेशी को घर लेकर वापस आ रहे थे कि गांव में स्थित अखड़ा के समीप बिजली तार टूट कर झूला हुआ था जिसपर अचानक ध्यान पड़ा जब तक कुछ समझ पाता कि मवेशी बिजली तार के संपर्क में आ गया और घटने स्थल पर ही बैल की मौत हो गई। साथ ही बताते हुए कहा कि इस घटना से 20 हजार का आर्थिक नुकसान हुआ है। वही ग्रामीणों का कहना है कि अगर मवेशी की मौत नही होने से ग्रामीणों के साथ अप्रिय घटना हो सकता था।

## इतिहास रचेगा बागेश्वर सरकार की कार्यक्रम : अरुणा शंकर

# बागेश्वर धाम सरकार के कार्यक्रम की तैयारी शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर बागेश्वर धाम के सेवादार नितेश सिंह, समिति के सचिव दीनानाथ, समिति के सदस्य अतुल सिंहा, मंटू शरद शरण एवं कमलेश सिंह ने रांची एवं बाहर से आए पंडाल बनाने हेतु ठेकेदार के साथ औरनार गांव जाकर स्थल निरीक्षण किया। प्रथम महापौर सह संयोजक अरुणा शंकर ने स्थल पर मीडिया को बताया कि हमारी पूरी टीम एक-एक बारीकियो पर ध्यान रखकर कार्य कर रही है। हम सब बाहर से आए एक्सपर्ट के साथ बिजली, पानी, सड़क, शौचालय, पार्किंग, प्रतिदिन 1 लाख लोगों हेतु प्रसाद (भोजन) एवं न्यूनतम 2 लाख लोगों को बैठने की व्यवस्था की समीक्षा कर अपनी तैयारी पूरी कर रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन द्वारा जैसे ही कार्यक्रम की अनुमति हम सब को दी जाएगी,



हमारी टीम रात दिन एक करके इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देने का काम करेगा। प्रथम महापौर ने बताया कि मुझे खुशी है कि गांव के मुखिया,सरपंच, ग्रामीण एवं भूमि मुहैया करने वाले लोग सभी उत्साही हैं। सबों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मैं पूरे झारखंड के सनातनियों की ओर से औरनार ग्राम वासियों का तहे दिल से हार्दिक अभिनंदन करती हूं। जिनके सहयोग से झारखंड में पहली बार बागेश्वर सरकार को पलामू की धरती में लाने का ऐतिहासिक कार्यक्रम संभव होने जा रहा है। प्रथम महापौर ने पूरे शहर वासियों से अनुरोध किया है कि यह कार्यक्रम आपके शहर में एक इतिहास रचने जा रहा है। जो आप सबों के बिना संभव नहीं था। मुझे आप सबों के सहयोग की अपेक्षा है।

# झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले बुलंद, मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़ : उप प्रमुख सुनील सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत कई पंचायत में उप प्रमुख सुनील सिंह ने पंचायतों में अवैध तरीके से बिना लाइसेंस धारी झोला छाप डॉक्टर द्वारा क्लिनिक चलाया जा रहा हैं जिसका औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कई प्रकार की त्रुटि पाया जिसपर उन्होंने कहा कि झोला छाप डॉक्टर सुद्रवर्ती क्षेत्र में भोले भाले ग्रामीण का इलाज़ कर पैसा उगाही करने का काम कर रहे हैं नहीं इनके पास चिकित्सा विभाग द्वारा लाइसेंस हैं और नही पढ़ाई का योग्यता है और क्लिनिक में किसी प्रकार का कोई सुरक्षा व्यवस्था हैं।ऐसी परस्थिति में गरीब असहाय ग्रामीण का जान जाने का हमेशा खतरा बना रहता है ऐसे लोगों पर अधिकारियों को जांच कर कारवाई करने की जरूरत हैं जिससे की झोला छाप डॉक्टर पर नकेल लग सकें जिससे की गरीब असहाय ग्रामीण जनता का जान बच सकें और बेहतर इलाज के लिए वो सरकारी अस्पताल में जाकर अपना बेहतर इलाज करा सकें जहां उनकी



जान पर किसी प्रकार की कोई खतरा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बड़ा ही दुर्भाग्य की बात है की प्रमुख गायत्री देवी का गृह पंचायत के करकट्टी में झोला छाप डॉक्टर चानो देवी पति विनय चौधरी अपने आवास पर ही क्लिनिक में नॉर्मल डिलेवरी और मलेरिया, बुखार जैसे मरीजों का इलाज करता है इसी प्रकार रबदा पंचायत में मां मनोशा चांनसी क्लिनिक नाम से झोला छाप डॉक्टर आशीष विश्वास ने क्लिनिक चला रहा हैं जो घाव, घोस,कान,खुजली का छोटा ऑपरेशन करने का काम करता है साथ ही उन्होंने कहा कि सर्दी,बुखार,मलेरिया, टाइफड का इलाज़ निधड़क बेखौफ होकर मनमानी ढंग से कर रहा हैं जबकि नेनुवा खुरा कला पंचायत में महेंद्र प्रसाद यादव व शम्भू चंद्रवंशी आर्यन प्राईमरी हेल्थ क्लिनिक अवैध तरीके से चला रहा हैं जो यह जांच का विषय है ऐसे लोगो पर जांच कर त्वरित कार्रवाई चिकित्सा पदाधिकारी को करने की जरूरत हैं ऐसे लोगो पर पदाधिकारी जांच कर जल्द कारवाई नहीं किए तो किसी प्रकार की अनहोनी घटना भी घट सकती हैं इन पर जल्द लगाम लगाने की जरूरत हैं।इस संबंध में सभी क्लिनिक का डॉक्टर का कहना है कि लाइसेंस नहीं है लेकिन सुद्रवर्ती क्षेत्र में सेवा भाव की नजर से हमलोग इलाज़ करने का काम कर रहे हैं और लाइसेंस के लिए भी चिकित्सा विभाग में आवेदन देकर आग्रह किया हैं।

# सबरी जयंती भव्य तरीका से मनाने के लिए भुइयां समाज ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** छतरपुर अनुमंडल के अंतर्गत कर्मा चराई के धार्मिक स्थल कुटी के प्रांगण मे अनुमंडल स्तरीय भुइयाँ समाज की बैठक विधायक प्रतिनिधि मनोज कुमार भुइयाँ की अध्यक्षता की गई। बैठक की सफल संचालन नागेंद्र कुमार ने किया। इस बैठक मे छतरपुर -नौड़ीहा बाजार की भुइयाँ समाज ने शामिल हुए और प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 24 फरवरी को साबरी जयंती भव्य तरीका से मनाने के लिए ध्वनि मतों से पारित किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई पूर्व सांसद श्री मनोज कुमार भुइयाँ ने तन मन और धन से हमेशा तत्पर रहते है और अपने समाज के विकास के लिए कदम से कदम मिला कर चल रहे है और रात दिन प्रयासरत है। वही पर सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कहा कि शबरी माता जैसी हमारे समाज मे जन्म लेना गौरव की बात है। ग्रंथ के अनुसार माता शबरी पुरुषोत्तम श्री राम के भक्त थे। और शबरी जयंती फागुन माह के कृष्ण पक्ष सप्तमी को मनाया जाता है। इस मौके पर राजीव रंजन भुइयाँ, शिव भुइयाँ, विगन भुइयाँ, राम पुकार भुइयाँ, रामजीवन भुइयाँ, चनर भुइयाँ, प्रभु भुइयाँ ,जय राम भुइयाँ महेन्द्र भुइयाँ , मोहन भुइयाँ समेत सैकड़ों भुइयाँ समाज के महिला पुरुष मौजूद थे।

# चलो गांवों की ओर कार्यक्रम को ले भाजपा नगर मंडल की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** चलो गांवों की ओर कार्यक्रम को लेकर विश्रामपुर नप मुख्यालय में भाजपा नगर मंडल की एक बैठक हुई.बैठक की अध्यक्षता महामंत्री मनीष कुमार व संचालन उपाध्यक्ष रजनीश कुमार ने किया.बैठक की शुरुआत मुख्य अतिथि कार्यक्रम प्रभारी रामचंद्र यादव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया। रामचंद्र यादव ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को चलो गांवों की ओर कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। मौके पर भाजपा नेता शिववंश मिश्रा, जिला कार्यसमिति किरण देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, महामंत्री अर्चना देवी, प्रभुषण चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

# कन्या मध्य विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## शिक्षक कन्हाई राम हुए सेवानिवृत, शिक्षकों ने दी विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हाई राम आज सेवानिवृत हो गये। सेवानिवृति के अवसर पर उनके सम्मान में विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्षता शिक्षक नीतीश कुमार व संचालन आशीष राणा ने किया। शिक्षकों ने कन्हाई राम के कार्यकाल की सराहना करते हुये कहा कि इन्होंने अनुसाशन व संस्कार पूर्ण शिक्षा बच्चों को दी है। कन्हाई राम ने कहा कि स्कूल के छात्राओं का हमेशा



अपने बच्चों जैसा ख्याल रखा है। बच्चों ने भी मुझे पूरा सम्मान दिया है.समारोह में स्कूली बच्चों ने विदाई गीत गाकर माहौल को कुछ समय के लिये गमगीन कर दिया। मौके पर दयाशंकर बाजपेयी शिक्षिक अरविंद कुमार, संजय कुमार, देवेश कुमार, कमरुल हक, अनिता कुमारी, रविरंजन पाठक, कमरोज आलम, चंदन कुमार, बेबी देवी सहित कई शिक्षक-शिक्षिका व स्कूली छात्र-छात्रा मौजूद थे।

# पदाधिकारियों ने श्री बंशीधर मंदिर में किया पूजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय से संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को ऐतिहासिक श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना किया. विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत दर्शन-पूजन कर मनोवांछित फल की कामना किया. महासंघ के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय ने कहा कि इस मंदिर में आकर काफी सुकून मिलता है.महासंघ के महासचिव बंशीधर सिंह ने कहा कि बराबर श्री बंशीधर मंदिर का नाम सुनते रहा हूं, पर कभी यहां आकर भगवान श्री कृष्ण व माता राधिका का दर्शन करने का सौभाग्य नहीं मिला था. आज भगवान श्री कृष्ण की कृपा से यहां आकर दर्शन-पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ.मंदिर तो एक से बढ़कर एक देखा है पर भगवान श्री कृष्ण की इस तरह की आदमकद प्रतिमा का दर्शन पहली बार करने का अवसर मिला है. मंदिर में स्थापित भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा अद्वितीय है.इस तरह की प्रतिमा इससे पहले कहीं नहीं देखा. यहां आकर मन को काफी शांति मिली. कोषाध्यक्ष आलोक कुमार पाठक ने कहा कि मंदिर में स्थापित भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा के जैसा किसी मंदिर में भगवान की प्रतिमा नहीं देखा।

# शिव शनिदेव मंदिर का कलश यात्रा के साथ दो दिवसीय वार्षिकोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शिव शनिदेव मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के पहले दिन गुरुवार को कलश यात्रा से आरंभ हो गई । शिव शनिदेव मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर का भ्रमण करते हुए औरंगा नदी के तट पर पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान एवं भक्तों ने कलश में जल भरा जिसके पश्चात पुनः कलश यात्रा मंदिर परिसर में पहुंची जहां मुख्य यजमान अनिल



गुप्ता सह पत्नी रिंकी गुप्ता के द्वारा शनि देव की विधि विधान से पूजा की गई।एवं भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर शिव शनि देव मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका, पुजारी मनोज दास, रामनाथ अग्रवाल, कृष्णा प्रसाद मुरारी अग्रवाल, मनोज कुमार समेत भक्तजन उपस्थित थे।शिव शनिदेव मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका ने बताया कि शिव शनिदेव मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है, जिसको लेकर गुरुवार को आज मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। एवं 2 फरवरी दिन शुक्रवार को शनि देव भगवान का अभिषेक किया जाएगा। एवं इसके बाद विधिवत पूजन एवं हवन कर भंडारा आयोजित की जाएगी उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मंदिर परिसर में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें।

# बजट 2024 विकसित भारत निर्माण की दिशा में सुदृढ़ कदम : सांसद प्रतिनिधि राकेश झा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद सुनील कुमार सिंह के जिला प्रतिनिधि राकेश झा ने कहा है कि बजट 2024 से विकसित भारत के संकल्प को नियत अवधि में तय कर दिया गया है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट भारत प्रथम के मंत्र के साथ विकसित भारत निर्माण की दिशा में सुदृढ़ कदम है। अवसंरचनात्मक विकास पर जोर के साथ गरीबों का हित,महिला सशक्तीकरण व युवाओं के लिये अधिक अवसर बजट के केंद्र में है। बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया है। सांसद प्रतिनिधि राकेश झा ने कहा कि अब सभी गरीबों को पक्का घर का सपना भी पूरा होगा। उन्होंने कहा कि बजट संतुलित के साथ साथ समाज



के सभी को साथ लेकर देश को विकसित करने की झलक दिखलाती है।

# सड़क कालीकरण मे भारी अनियमितता, जिप सदस्य को दिया मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के सुदूरवर्ति क्षेत्र चंगरू पंचायत मे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत अमवाटिकार से लाभर तक हो रहे सड़क कालीकरण मे भारी अनियमितता को देखते हुए दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार को मनिका पश्चमी क्षेत्र के जिप सदस्य बलवंत सिंह को आवेदन देकर घटिया सड़क निर्माण की जाँच कराने मांग की है। ग्रामीण अजय प्रसाद,संजय कुमार, अनिता देवी, राजो देवी, कुंती देवी,अनिल सिंह, सुरेस सिंह,



सुरेंद्र सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर कहा कि चुंगरू पंचायत मे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत अमवाटिकार से लाभर तक सड़क का निर्माण हो रहा है जो सांवेदक के द्वारा सड़क निर्माण कार्य मे भारी अनियमिता बरती जा रही है। आवेदन मे कहा गया कि अगर सड़क निर्माण कार्य का जाँच नही हुई तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है अंतरिम बजट : सांसद वीडी राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद वीडी राम ने कहा कि अंतरिम बजट सर्वांगीण सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी है तथा विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मजबूत आधारशीला का कार्य करेगा। यह बजट युवा शक्ति, महिला, किसान, एवं गरीब वर्गो चारों स्तम्भों को सशक्त बनाने का कार्य करेगा। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और वित मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि यह अंतरीम बजट 2024-25 का सर्वसमावेशी है तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत



बनाने का लक्ष्य है। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ। 2 करोड़ घर अगले 5 साल में और बनाए जाएंगे। कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी का प्रयोग किया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40,000 सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जाएगा। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के अंतर्गत हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी।देश में 1000 से ज्यादा नए एयरक्राफ्ट खरीदे जाएगें। तीन नए रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। आयुष्मान भारत का फायदा अब सभी आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स को मिलेगा। किसान हमारे अन्नदाता हैं। किसान सम्मान योजना के तहत वित्तीय सहायता दी जाती है। किसानों को कई तरह का समर्थन दिया जा रहा है।युवाओं को सशक्त कर रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बदलाव हुआ है। बच्चों के विकास के लिए अच्छी शिक्षा दे रहे हैं। सबका साथ, सबका विकास मंत्र के साथ सरकार ने चुनौतियों पर काबू पाया और अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिली है। 11.8 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला है। 4 करोड़ से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना का फायदा मिला है। पीएम किसान संपदा योजना से 38 लाख किसान हुए लाभान्वित।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी समारोह झारखंड के विभिन्न स्थानों पर मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी समारोह विगत 24 जनवरी को झारखंड के विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया.उक्त आशय की जानकारी पूर्वमंत्री सह डॉ लोहिया कर्पूरी विचार केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र केशरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया है.प्रेस को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि झारखंड के पांच स्थानों पर जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी समारोह मनाया गया जिसमें रांची में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी थे.कार्यक्रम की अध्यक्षता नाई संघ



के रामवृक्ष ठाकुर ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, खीरु महतो, विधायक नवीन जायसवाल, गौतम सागर राणा, अवधेश ठाकुर, गौरी यादव थे। उन्होंने कहा कि दुमका में पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा तथा समाजवादी नेता रंजीत जायसवाल, खरौंधी में प्रतिमा स्थल पर जननायक कर्पूरी ठाकुर लोक चेतना मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृष्णा विश्वकर्मा, उदघाटन कर्ता सीताराम जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मथुरा पासवान, सलीम अंसारी, डॉ रामचरित्र मेहता, उप प्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य,देव कुमार यादव, राजेन्द्र यादव, बाबूलाल पासवान,विनोद यादव, भवनाथपुर में प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय कुमार केशरी, उदघाटन कर्ता सूरज गुप्ता, विशिष्ट अतिथि दीपक ठाकुर, मो0 नईम के सोनू ठाकुर, नीतीश कुमार, मूंगा साव, मिथलेश गुप्ता, भृगुण ठाकुर, चंदन ठाकुर, भरत ठाकुर तथा धुरकी में प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय कुमार केशरी, उदघाटन कर्ता सूरज गुप्ता, विशिष्ट अतिथि धीरज जायसवाल, हजारी प्रसाद यादव, चन्द्रिका यादव, सुभाष यादव, जानकी सिंह, समिति के सदस्य राकेश ठाकुर, रामाशंकर जायसवाल, नंदकिशोर यादव, घनश्याम प्रसाद, रमजान अंसारी, इस्लामुद्दीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोगो ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। श्री केशरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सबों को धन्यवाद दिया है।

# अंतरिम बजट पर विभिन्न राजनीतिक नेताओ की प्रतिक्रिया













**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट पेश किया . अंतरिम बजट पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है. बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने कहा कि यह बजट पूर्णरूप से संतुलित है.बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है.भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकारी जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला ने कहा कि बजट कॉर्पोरेट परस्त है.यह बजट गरीब, किसान, युवा विरोधी है.बजट में नौजवानों के लिए रोजगार की कोई व्यवस्था की बात नही की गई है.कांग्रेस सेवा दल के जिला मुख्य संगठक ईश्वरी चौधरी ने कहा कि अंतरिम बजट आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर पेश किया गया है.इसमें गरीब ,किसान ,मजदूर वह मध्यम वर्ग के लोगों के हित को ध्यान में नही रखा गया है.बजट पूर्णता उद्योगपतियों के हक में है.आम आदमी पार्टी के नेता मंटू पांडेय ने कहा कि आम आदमी के हित का बजट नही है.उक्त बजट सिर्फ होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुये पेश किया गया है, जबकि आम किसान को बजट से बहुत उम्मीद थी, लेकिन यह बजट भी पूर्व की भांति सिर्फ छलावा है. आमतौर पर बजट कारपोरेट घरानों के हित को लेकर पेश किया गया है.कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि इस बजट में वर्तमान की बात ना करके भविष्य का सपना दिखाया गया है.बजट चुनाव के हिसाब से तैयार किया गया है.इसमें सबसे खास बात यह है कि मध्यम वर्गीय लोगों को जो राहत मिलना चाहिए था वह नही है।

# बजट को किसी ने सराहा, तो किसी ने इसे नकार दिया

**संक्षिप्त खबरें**

## रांची में मोनिया लता और खिलारी में प्रणव अम्बष्ट अंचल अधिकारी नियुक्त

**रांची।** राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा झारखंड के 52 अंचल अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है । रांची शहर आंचल के अंचल अधिकारी मुंशी राम को हटाया गया। वहीं मोनिया लता रांची की अंचल अधिकारी नियुक्त की गई है। वहीं प्रणव अम्बष्ट को खेलरी, रवि कुमार को रातू, प्रभात भूषण नामकुम, शिव शंकर पांडे बड़गाई, सच्चिदानंद वर्मा बुढ़मू ,मनोज म्हथा सोनहातू के अंचल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## स्कूल ऐसी कोई प्रथा ना अपनाएं कि बच्चों को शारीरिक दंड सहना पड़े : प्रियंक कानूनगो

**रांची :** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने सभी राज्यों के स्कूली शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। पत्र लिखकर कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से देखा जा रहा है कि त्योहारों के उत्सव में बच्चों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। ये उत्पीड़न स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल ऐसी कोई प्रथा नहीं अपनाएं, जिससे बच्चों को शारीरिक दंड या भेदभाव का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा कि स्कूल में रक्षाबंधन के त्योहार के दौरान बच्चों को राखी या तिलक या मेहंदी लगाने की अनुमति नहीं देते हैं और उन्हें शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से प्रताड़ित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 17 के तहत स्कूलों में शारीरिक दंड निषिद्ध है।

## अंतरिम बजट आत्मविश्वास के लिए भी जानी जाएगी : अर्जुन मुंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह एक अंतरिम बजट है। गरीब, महिलाएं, युवा और हमारे अन्नदाता किसान भाइयों पर विशेष जोर देते हुए पंचामृत लक्ष्यों के अनुरूप आर्थिक नीति को ध्यान में रखकर विकसित भारत बनाने के लिए आगे बढ़ने का संकल्प है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को ध्यान में रखकर 2047 तक विकसित भारत बनाने पर केंद्रित है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, सोशल सेक्टर, कृषिऔर ब्लू इकोनॉमी पर विशेष जोर है।भारत अभी विश्व की सबसे मजबूत और तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है।मोदी सरकार ऐसी आर्थिक नीतियां अपनाएगी जो विकास की रफ्तार को आगे बढ़ाएगी। कुल मिलाकर यह कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत यह अंतरिम बजट आत्मविश्वास के लिए भी जानी जाएगी।

## 2047 में विकसित भारत के संकल्प को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने वाला बजट : मरांडी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को संसद में पेश अंतरिम बजट केलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवम वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को बधाई एवम शुभकामनाएं दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस अंतरिम बजट में मोदी सरकार की पिछले 10वर्षों की विकास गाथा है।2047के विकसित भारत की रूप रेखा है।गांव, गरीब , किसान,महिला ,युवा सभी वर्गों के उत्थान की सोच है।कहा कि बजट में स्पष्ट नीति और नीयत की झलक है। मरांडी ने कहा कि यह अंतरिम बजट विकास के दशक का बजट है जिसमे 25करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। 3करोड़ लोगों को पक्का छत दिया है। सड़क ,बिजली पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की पहुंच आम आदमी तक हुई है। कहा कि यह त्वङ्घह का बजट है। जिसमे गरीब,युवा,अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण पर जोर है।

## एमएससी में सेक्टर की तरफ सरकार ने बड़ा कदम उठाया है : आजसू



परवाज़ खान केंद्रीय मीडिया प्रभारी आजसू पार्टी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अंतरिम बजट 2024 के माध्यम से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री की नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देश पर भविष्य के मजबूत भारत निर्माण वाला अंतरिम बजट 2024 देश वासियों के समक्ष पेश किया है। जिसमें अनेक विविधता है धार्मिक स्थल का पुन निर्माण , गरीबों की आय का अवसर दिया गया है तो साथ किसानों पर भी बड़े निर्णय लिए गए हैं। ऑटो सेक्टर और एमएससी में सेक्टर की तरफ सरकार ने उसे मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। चुनावी साल है और यह देश का अंतरिम बजट था उम्मीद से ज्यादा केंद्र सरकार ने देशवासियों के लिए और मजबूत देश के निर्माण हेतु ठोस कदम उठाई है ।

## प्रगति, उन्नति और नई गति का बजट : डॉ आरिफ बट



रांची। एक फरवरी को 2024-25 का केंद्रीय बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया।इस बजट में विकसित भारत की सोच के 2047 की भविष्य को देखते हुए पेश किया गया है। उक्त बातें भाजपा अल्पसंख्यक प्रदेश मंत्री डॉ आरिफ नसीर बट ने कही। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को समर्पित, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, युवा उत्थान व आम आदमी को राहत देने वाले इस विकसित भारत बजट को पेश करने हेतु फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण का अभिनंदन। यह बजट नरेंद्रमोदी के अमृत काल के भारत का निर्माण करने वाला बजट है।

## बजट महिला,युवा, किसान व गरीबों के हित में पेश किया गया : त्रिपाठी



रांची। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आम बजट पेश किया गया। 31 जनवरी से 9 फरवरी तक संसद में बजट सत्र चालू है । इस दौरान आगामी लोकसभा विधानसभा चुनाव को देखते हुए बजट पेश किया गया है। जिस पर झारखंड की रांची में आम लोगों ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। संमार्गम फाउंडेशन सचिव सिद्धार्थ त्रिपाठी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट में महिला,युवा, किसान तथा गरीबों के हित में पेश किया गया। जिसमें 3 करोड़ दीदी को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों के लिए किसान निधि योजना का पैसा बढ़ाने की बात कही गई है। मध्यम वर्गों के लिए एक करोड़ और नया घर बनाने की बात की गई है।इस बजट में आत्मनिर्भर भारत की बात की गई है। सौर ऊर्जा, मुफ्त बिजली की भी बात कही गई है , जो मिडिल क्लास लोगों के लिए राहत की बात है।लेकिन इस बजट में महंगाई और रोजगार का विशेष ख्याल नहीं रखा गया है। जिससे मिडिल क्लास लोग तथा युवाओं को निराशा हाथ लगी है। साथ ही साथ इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं होने से वेतन भोगी वर्ग को निराशा हाथ लगी है। कुल मिलाकर यह बजट एक तरफ खुशी तो एक तरफ गम वाला बजट पेश किया गया है ।

## हेमंत सोरेन दे रहे हैं सौ यूनिट बिजली मुफ्त, बीजेपी कर रही है विचार : गुप्ता



केंद्र द्वारा जो आम बजट पेश किया गया है। इस बजट में जो देखने और पढ़ने और सुनने को मिला उसमें 100 यूनिट बिजली फ्री करने की विचार कर रही है ,जबकि झारखंड सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 100 यूनिट बिजली फ्री कर चुके हैं। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता सह झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। गुप्ता ने कहा कि केंद्र में बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा हित और आने वाली लोकसभा, विधानसभा चुनावों को देखते हुए बजट बनाया और पेश किया है। इसमें नया और आम जनता, युवाओं , मजदूर, किसानों के लिए कुछ नहीं है। यह बजट जो है आम लोगों की बजट है ही नहीं , यह कोऑपरेटिव घराने की बजट है । नीचे तपके टैक्स कोई छूट नहीं दिया है। जबकि ऊपर तपके कोऑपरेटिव घरानों के टैक्स कम किया जा रहा है। इस। बजट में रोजगार कहीं नहीं दिखता है । मैं मानता हूं कि हम लोगों के लिए बजट नहीं है । यह फिर से अपने ही लोगों को फायदा पहुंचाने में काम किया।

## बजट निराधार है , मजदूर के लिए कुछ सुविधा नहीं : सोनी



रांची। मजदूर नेता संतोष कुमार सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर देश में आए बजट को निराधार बताया यह बजट लोक लुभानी है युवाओं को प्रलोभन दिया जा रहा है ताक लोकसभा 2024के चुनाव में इसे भुनाया जा सके। संतोष सोनी ने बताया कि मजदूरों के लिए जो बजट पारित करना चाहिए था उसे मजदूरों के लिए कुछ नहीं है । आवास योजना भी मजदूरों को उपलब्ध नहीं हो पाया। इसके अलावा रोजगार के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था इस बजट में नहीं दिख रही है । पूरी तरह से आम जनता को ठगने वाला बजट है।

## आम बजट न होकर खास लोगों का बजट, आम जनता के साथ छलावा : सीपीआई



सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवम अजय सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की वित्त मंत्री सीता रमन के द्वारा पेश किया गया आम बजट जनता के साथ छलावा है, यह बजट आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए एवम कॉरपोरेट जगत के चंद लोगो के ध्यान रखते हुए बनाया गया है, ।इस बजट से कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुंचेगी, जनता को पहले भी बजट में धोखा दिया है, पिछले वर्ष बजट में कहा था कि किसानों के आमदनी को दोगुना किया जाएगा, लेकिन आज किसानो की हालात बदतर होता जा रहा है । न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एम एस पी की गारंटी के लिए किसान सड़कों पर है। मोदी सरकार ने किसानों के साथ वादा खिलाफी किया है । आम बजट में भी किसानों को धोखा दिया , महंगाई बेकारी बेरोजगारी पर किसानों के लिए सिर्फ धोखा ही धोखा मिला है। इसलिए यह आम बजट आम जनता विरोधी बजट है। रोजगार ,के सवाल बजट में कोई प्रावधान नहीं है दो करोड़ रोजगार देने के वादे 10वर्षो में भी नही पूरा हो सका जो देश के युवा वर्ग से धोखा है।इन्फ्रास्ट्रक्चर में बजट की बढोतरी की गई परंतु इससे कोई लाभ नहीं होगा।पिछले बजट का लगभग 17सौ लाख रुपए खर्च नही कर पाई थी।यह बजट केवल सपना दिखाने वाला बजट है यह बजट खासकर युवाओं एवम छात्र विरोधी है।

## हेल्थ सेक्टर में सरकार की ओर से मुख्य रूप से महिलाओं के लिए बड़े ऐलान किए गए : डॉ विकास



रिम्स में न्यूरो विभाग में पदस्थापित डॉ विकास ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सर्वाइकल कैंसर के लिए वैक्सीनेशन बढ़ाए जाने की घोषणा की। इस बीमारी से निपटने के लिए 9-14 साल की बच्चियों का टीकाकरण होगा।इसमें सबसे बेहतर बात यह है कि महिलाओं में कैंसर खासकर सर्वाइकल कैंसर काफी कम होगा और हम इसे समय रहते डिटेक्ट कर पाएंगे। न्यूट्रीशन डिलीवरी, अर्ली चाइल्डहुड केयर और डेवलपमेंट के लिए सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 में तेजी लाई जाएगी। मिशन इंद्रधनुष के टीकाकरण प्रयासों को -WIN प्लेटफॉर्म के जरिए आगे बढ़ाया जाएगा।आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थ कवर सभी आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं तक बढ़ाया जाएगा। हालांकि सरकार को और डॉक्टर / कॉलेज की संख्या बढ़ने पर / तथा गांव में छोटे सेंटर्स को बढ़ावा देने के लिए बजट का उपयोग करना चाहिए।

# उपायुक्त और एसएसपी ने शहर के विधि व्यवस्था का लिया जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को पूरे रांची शहर और संवेदनशील स्थानों में विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा की पूरे रांची जिले में विधि-व्यवस्था अच्छे से संधारित हो। इसको लेकर सभी प्रखंडो सभी थाना में मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल की तैनाती कराई गई है, ताकि किसी परिस्थिति और आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी संभावित उपायों को दुरुस्त करके रखा जा सके। 150 से अधिक प्रतिनियुक्ति स्थल बनाई गई है, जहां पर पुलिस फोर्स तथा मजिस्ट्रेट की व्यवस्था की गयी है। भीड़ नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए है। सभी प्रमुख स्थानों पूरी व्यवस्था रखी गई है, जहां धरना प्रदर्शन की संभावना है, वहां दंडाधिकारी और पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। सबको जरुरी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बताया गया है कि कैसे असामान्य स्थिति पैदा होती है, तो किस प्रकार कार्रवाई की जानी है। उनसे निपटने के लिए शहर के चारों ओर ड्राप गेट, बैरिटेक लगा दिया गया है। ताकि कोई भी आपात स्थिति उत्पन्न होने पर विधि-व्यवस्था अनुकूल बनी रहें। उपायुक्त ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि विधि-व्यवस्था ज्यादा महत्वपूर्ण होती है।



# रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा किया गया पौधारोपण कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पौधारोपण कार्यक्रम के तहत समिति के सदस्यों ने पहाड़ी मंदिर प्रांगण के अलावा सुखदेवनगर थाना परिसर में भी पौधारोपण किया। समिति के राजेश साहू ने बताया कि आज हमने पहाड़ी मंदिर में आम, अमरुद, जामुन समेत कई फलदार पौधे लगाए जो भविष्य में वृक्ष का आकार लेंगे। सुखदेवनगर थाना में भी सुन्दर फूलों के पौधे लगाकर समिति द्वारा प्राकृतिक प्रेम का सन्देश दिया गया। मेहुल प्रसाद ने बताया कि समिति पहाड़ी मंदिर में व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार सकारात्मक प्रयास कर रही है। और भविष्य में भक्तों के सुगम आगमन हेतु कई योजनाओं पर समिति कार्य करने के लिए तत्पर है। सुखदेवनगर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति को उनके इस सार्थक प्रयास के लिए बधाई देते हुए कहा कि समिति कटिबद्ध तरीके से कार्य कर रही है पौधारोपण करना एक पवित्र कार्य है तथा इसका दूरगामी परिणाम जल संरक्षण एवं स्वादिष्ट फलों के रूप में स्थानीय लोगों को प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, सदस्य राजेश साहू, मेहुल प्रसाद, बादल सिंह, राम सिंह, दिलीप वर्मा, दीपक नंदा, शेरू, प्रदीप ठाकुर, मनोज बाबा, अमरेंद्र सिंह एवं सुबोध कुमार ने अहम् भूमिका निभाई।



# मारवाड़ी महिला महाविद्यालय की स्थिति में हो सुधार : आजसू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू की रांची विश्वविद्यालय इकाई एवं मारवाड़ी महाविद्यालय इकाई के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय छात्र आजसू के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, विशाल कुमार यादव , रूफी प्रवीण के नेतृत्व में मारवाड़ी महिला महाविद्यालय में छात्र- छात्राओं की मूलभूत समस्याओं को लेकर जड़ा ताला।

लगभग 3 घंटे चले तालाबंदी के दौरान छात्र-छात्राओं मे विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ रोष दिखा। छात्र आजसू के सदस्यों ने अपनी मांग को लेकर मारवाड़ी महाविद्यालय प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

छात्र आजसू पिछले कई महीनो से मारवाड़ी महिला महाविद्यालय की मूलभूत सुविधाओं में सुधार की मांग कर रही है लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन एवं महाविद्यालय प्रशासन कुंभकरण की नींद सो रही है। मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के अध्यक्ष विशाल कुमार यादव, मारवाड़ी महिला महाविद्यालय अध्यक्ष रूफी परवीन , ईशा गुप्ता ने विरोध किया। मारवाड़ी महाविद्यालय के वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर आरके शर्मा , डॉ संजीव चतुर्वेदी, मारवाड़ी महाविद्यालय के डीएसडब्ल्यू एवं मारवाड़ी महिला महाविद्यालय की इंचार्ज प्रभाव महतो मौके पर पहुंचे एवं छात्र-छात्राओं को समझाते हुए आश्वासन दिया 48 घंटे के अंदर सभी समस्याओं का निदान कर दिया जाएगा ।

## 52 अंचल अधिकारीयों का हुआ तबादला

**रांची।** राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 52 अंचल अधिकारीयों एवं सहायक बंदोबस्त पदाधिकारीयों का तबादला किया गया है ।जिसमें सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी रांची के पद पर मोनिया लता को नियुक्त किया गया है। वहीं खिलारी अंचल अधिकारी के पद पर प्रणव अम्बष्ट को नियुक्त किया गया है। इसके साथ रवि कुमार रातू, प्रभात भूषण नामकुम, शिव शंकर पांडे बड़गाई, सच्चिदांद वर्मा , मनोज मेहता सोनाहतू अंचल अधिकारी बनाए गए हैं। इस संबंध में विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# छात्रवृत्ति योजना 2023-24 के अनुमोदन हेतु अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति अनु. जन.जा., अनु.जा. एवं पि.जाति योजना 2023-24 के अन्तर्गत योग्य संस्थानों को स्वीकृति के लिए अनुमोदन हेतु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, राँची संजय कुमार भगत, जिला कल्याण पदाधिकारी रांची, संगीता शरण, एडीआइओ रांची एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त द्वारा परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, राँची से जानकारी लिया गया जिसपर उनके द्वारा बताया गया कि सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में जिलान्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ी जाति प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2023-24 में योग्य विद्यालयों के पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान का अनुमोदन जिला स्तरीय गठित अनुमोदन समिति द्वारा किया जाना है।




राँची जिला में सरकारी विद्यालय, सरकारी सहायता / अनुदान प्राप्त विद्यालयों [गैर सरकारी अल्पसंख्यक) (सामान्य सहायता प्राप्त सहित) प्रारम्भिक विद्यालयों, गैर सरकारी अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों, अराजकीय प्रस्वीकृत मदरसों एवं संस्कृत विद्यालयों विद्यालयों में वर्ग 1 से 10 में अध्यनरत्त अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, एवं पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं का आवेदन ई-कल्याण के पोर्टल पर विद्यालय के प्रधानाध्यापकों द्वारा 146934 छात्र-छात्राओं का डाटा ऑनलाईन पंजीकरण किया गया है। जिसमें से 85862 छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय कमिटि द्वारा पूर्व में स्वीकृति दी जा चुकी है। पुनः विद्यालय द्वारा स्वीकृत 44148 छात्र-छात्राओं के आवेदन का अनुमोदन एवं भुगतान की स्वीकृति जिला स्तरीय गठित कमिटि द्वारा दी गई।

# हेमंत सोरेन ने राज्य की जनता के लिए चार सालों में बहुत काम किया है : झामुमो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार को भाजपा ने ईडी के नाम से गिरा दिया है। हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए चार सालों में एतिहासिक कदम उठाए और बेहतर काम किए यही भाजपा का बर्दाश्त नहीं हो रहा था। आनेवाले लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनाव में भाजपा की बुरी स्थिति होगी। गुप्ता ने कहा कि

**झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यह गुनाह :** ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। एसटी 28 प्रतिशत, एससी 12 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। सरना धर्म कोड पारित किया। पत्थलगड़ी आंदोलन मुकदमें वापस लिया। CNT SPT एक्ट लागू किया। FRA,2006 लागू किया । 5वीं अनुसूची लागू किया पेसा कानून लागू किया। पुरे देश में पुलिस को एक साल में 13 माह की वेतन देकर दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय में कार्यरत रसोइया दीदी लोगों को 12 माह की मानदेय भुगतान किया। भूमिहीन को 5 डी. ज़मीन का पट्टा देने का काम किया। सभी प्रकार की परीक्षा शुल्क केवल 100 रूपया किया। पारा शिक्षकों को पंचायत और प्रखण्ड के अन्तर्गत जोड़ने का काम किया। सबको राशन कार्ड उपलब्ध कराने की काम किया। पेंशन की लिमिटेड हटाने का काम किया। निजी कंपनी में भी 75 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया।महिलाओं और पिछड़े वर्ग को पैंशन योजना 50 वर्ष से लागू करने का काम किया। बंद फैक्टरी और बंद विद्यालय चालू करने का काम किया। राज्य सरकार के अधीन कार्यरत कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना बहाल किया। 100 यूनिट बिजली फ्री देने का काम किया। प्रति माह 10 लीटर पेट्रोल पर 250 रूपया सब्सिडी देने का काम किया।किसानों की चार चार बार कर्जमाफी किया।

10 रूपया में साड़ी धोती देने का काम किया।केन्द्र सरकार (बिजली विभाग) को सभी बकाया राशि भूगतान करने की काम किया। सीडब्ल्यूएस की जांच शिविर ज़िला से प्रखण्ड में करा दिया।जन वितरण प्रणाली दुकान में दाल देने का काम किया। सभी छात्र छात्राओं की छात्रवृत्ति राशि बढ़ाने की काम किया। छात्र छात्राओं के एजुकेशन लोन आसानी से उपलब्ध कराने की काम किया।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की काम किया। आंगनवाड़ी में अध्यन रत बच्चों को जूता मौजा स्वेटर देने का काम किया।

तीन कमरा वाला आवास उपलब्ध कराने का काम किया। सातवीं से दसवीं जेपीएससी कराया। खिलाड़ियों की सिंधी नियुक्ति कराया। साढ साल बुजुर्ग कलाकारों के लिए पेंशन शुरू की अनुमति दी। मॉबलिंचिंग पर विधानसभा से पारित कराकर राजभवन भेजने का काम किया।



## आज से झारखंड में होगा भारत जोड़ो न्याय सोनाल शांति

**रांची :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो फरवरी को झारखंड में प्रवेश करेगी। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के गोकर्ण से प्रारंभ होकर खारग्राम, तारापीठ, रामपुरहाट, बांसलोई, रतनपुर, बीरभूम, राजग्राम होते हुए पश्चिम बंगाल और झारखंड की सीमा नासीपुर मोड़ से झारखंड के पाकुड़ जिले में प्रवेश करेगी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## नारो जंगल मे 19 वर्षीय युवक का मिला शव, पुलिस जुटी जांच में

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड क्षेत्र के नारो जंगल में एक युवक का मिला शव। युवक मांडर के नारो निवासी 19 वर्षीय सोहेल खान पिता एजाज खान का है। परिजनों ने बताया कि सोहेल बोर्ड का एक्जाम लिखने वाला था टांगरबसली में कोचिंग क्लास करता था सुबह मोबाइल में किसी का आया था, आते है कह कर घर से निकला। जब घर नहीं आने लगा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन करने लगे। कुछ देर बाद पता चला कि नारो जंगल मे एक लाश है जब जाकर देखा तो शव सोहेल का है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मांडर पुलिस को दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। हत्या का कारण पता नही चल पाया है पुलिस इस पर जाँच कर रही है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर सुजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी दिनांक 4 एवं 5 फरवरी को रामगढ जिला में काँग्रेस पार्टी द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी आ रहे है । जिसे लेकर आज पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी कि एक बैठक पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें



यात्रा कि तैयारीयों पर चर्चा की गई और जिसमे निर्णय लिया गया कि इस दो दिवसीय यात्रा में पतरातू प्रखंड से हजारों कार्यकर्ता विधायक अंबा प्रसाद जी के नेतृत्व में शामिल होंगे और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी तथा यात्रा का जोरदार स्वागत करेंगे । जैसा कि इस यात्रा को पूरे देश के सभी राज्यों एवं झारखंड में भी जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है । उसी क्रम में रामगढ़ से यात्रा गुजरने वाली है । प्रखंड सुजीत कुमार पटेल ने पतरातू प्रखंड कमेटी के सभी कांग्रेस जनो एवं आम जनो से लोकतंत्र को बचाने कि इस न्याय यात्रा को अपना नैतिक समर्थन देने और देश के संविधान को बचाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाने हेतु यात्रा में शामिल होने की अपील की है । साथ ही बैठक में झारखंड राज्य में भाजपा के इशारे पर ईडी और सीबीआई द्वारा झारखंड के लोकप्रिय सरकार को भंग करने की राजभवन द्वारा साजिश करने और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिशतन गिरफ्तार करने पर रोष प्रकट किया । मौके पर मुख्य रूप से डॉ. के के शर्मा ,उपेंद्र प्रसाद यादव , कृष्णा सिंह,अशोक प्रसाद ,अनिल सिंह , तारिक रजा , अंजन प्रसाद , संजीव सिह ,कमलेश राम , धीरज पटेल, दिनेश दास , राजेश पाठक , संजय साव , सहित दर्जनो उपस्थित थे।

## पिपरवार में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस विदाई सह सम्मान समारोह की अध्यक्षता पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय एवं संचालन प्रभारी कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालम ने किया।इस कार्यक्रम मे बचरा से सेवानिवृत्त अधिकारी सीनियर मैनेजर मैकेनिकल बटोही दास,पिपरवार के चीफ स्टोर कीपर बाल किशोर महतो,अशोक परियोजना के पम्प ऑपरेटर राजु बरही,चीफ स्टोर कीपर मोहम्मद यूनुस अंसारी, सीएचपी सीपीपी के ओएस रमेश सिंह,गरभु शाह,लोडिंग इंस्पेक्टर राम आशीष राम, पेलोडर ऑपरेटर रामचंद्र महतो को भाववीनी विदाई दी गई।कार्यक्रम मे जीएम सीबी सहाय एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा अंगवस्त्र,श्रीफल, उपहार एंव सेवा प्रमाण पत्र देकर उनके सभी रिटायर कर्मियों को विदाई दी।इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने रिटायर कर्मियों के उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की समारोह को संबोधित करते हुए जीएम सीबी सहाय ने कहा कि सेवानिवृत्ति की प्रक्रिया निरंतर होते रहती है। मौके पर मुख्य रूप से स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जीएसपी शर्मा,पंकज कुमार चौधरी,पिपरवार कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग,अशोका कार्मिक प्रबंधक हेमचंद महतो,एरिया क्वालिटी अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, एरिया सिक्युरिटी आफिसर अरुण कुमार महतो,कार्मिक प्रबधंक ज्योति कुशवाहा, सुभोजित हलधर सहित दर्जनों कोयला कामगार उपस्थित थे।

## कर्रा में जागरूकता शिविर का आयोजन

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को डाकघर कर्रा के द्वारा डाकपाल लुइस कच्छप की अगवाई में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रुरल पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस नरेगा खाता सुकन्या समृद्धि योजना आर डी खाता बचत खाता छात्रवृत्ति के



लिए बेसिक खाता 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाना आधार से मोबाइल नंबर को लिंक करने जैसे कार्य किए गए और इन सब कार्यो की विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई उप डाक पाल लुईस कच्छप ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन्हें भी इन सब कार्यो के लिए कोई भी जानकारी लेनी हो या खाता खुलवाना हो तो वह अपने संबंधित डाकघर में जाकर खाता खुलवा सकते हैं किसी को कोई समस्या हो तो वह डाकघर कर्रा आकर अपनी समस्याओं से मुझे अवगत करायें। शिविर में 77 बचत खाता खोले गए, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के 9 खाता खोले गए, 0 से 5 वर्ष के 30 बच्चों का आधार कार्ड, 18 लाख का डाक जीवन बिमा एवं 22 लाख 50 हजार का ग्रामीण डाक जीवन बीमा किया गया। मौके पर विभाग के मनोज कुमार ओम कुमार जायसवाल, अमित कुमार केसरी, खिलेश्वर साहू ,रजनीश पाठक सभी ब्रांच ऑफिस के ब्रांच पोस्ट मास्टर डाक विभाग की कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## एएस के इंग्लिश मीडियम के बच्चों ने चंचला घाघ में मनाया पिकनिक

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रनिया प्रखंड के हरासुकु स्तित ए एस के इंग्लिश मीडियम के बच्चों और शिक्षकों ने चंचल घाघ में गुरुवार को पिकनिक मनाया इस दौरान बच्चों ने जमकर मस्ती की और पिकनिक का आनंद उठाया वही चंचल घाघ के कल कल करती पानी की धारा और कई प्रकार के



आकृति तथा मनोरम छठा का आनंद उठाते हुए पठन-पाठन भी किया मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल मार्क्स स्टेनली डोडराय आरजू डोडराय सिमोन कंडुलना राहिल दहंगा रोज बरला मनीषा दहंगा दयामनी मड़की अमर कुमार सिन्हा कुवारी लुगुन सहित अन्य शिक्षक अभिभावक और बच्चे शामिल रहे।

## कुरूंगा में हनुमान जी की संगमरमर की मूर्ति का भव्य प्राण प्रतिष्ठा किया गया

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 94 बटालियन के कुरुंगा अवस्थित कैंप में हनुमान जी की संगमरमर की मूर्ति का भव्य प्राण प्रतिष्ठा कमांडेंट राधेश्याम सिंह के द्वारा किया गया जिसे राजस्थान के मकराना से मंगवाया गया था यह भव्य मंदिर जवानों के आपसी सहयोग से निर्मित किया गया। इसी



क्रम में प्राण प्रतिष्ठा के तुरंत बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में आसपास के क्षेत्र से ग्रामीण ने भंडारे का लुत्फ उठाया। प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व कलश यात्रा में शामिल क्षेत्र की महिलाओं के बीच उपहार स्वरूप साड़ी का वितरण भी किया गया। तत्पश्चात सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत लाभुकों में साइकिल एवं सोलर लालटेन वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपयुक्त खूंटी लोकेश मिश्रा एसपी खूंटी अमन कुमार एवं अन्य अधिकारियों के साथ कमांडेंट राधे श्याम सिंह 94 बटालियन उपस्थित थे।

# रिमझिम बारिश के बीच कोयलांचल का मौसम हुआ सुहाना, ठंड का बड़ा प्रकोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल चुका है।गुरुवार को पिपरवार कोयलांचल में सुबह की शुरुआत घना कोहरे के साथ हुई,इसके बाद दिन भर पूरा इलाका बादलों की चपेट में रहा।इस दौरान कई जगहों पर हल्की बारिश ने पूरे इलाके का मौसम और सुहाना बना दिया।वही बदलते मौसम के बीच पूरे इलाके में ठंड का प्रकोप एक बार और बढ़ गया है।जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह से पिपरवार कोयलाचल क्षेत्र में ठंड का प्रकोप कम हो गया था, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली थी,लेकिन एक बार फिर मौसम में आई बदलाव के कारण ठंड का प्रकोप बढ़ गया



है।खराब मौसम और ठंड के कारण आम लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।वहीं क्षेत्र के प्रमुख बाजार और चौक चौराहों का माहौल सुनसान देखा जा रहा है।बचरा चार नम्बर चौक, बचरा बाजारटांड़,राय बाजार सहित अन्य जगहो के बाजारो मे सन्नाटा पसरा हुआ है।वही मौसम में आई बदलाव और ठंड के प्रकोप से स्कूली बच्चों के अलावा दैनिक मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सीसीएल के कोयला खनन पर भी इसका असर देखा जा रहा है।

# सेल्फ हेल्प ग्रुप की बैठक का आयोजन ठाकुरगांव में सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुढ़मू/रांची :** शाइनिंग झारखंड के तत्वावधान में गिंजो ठाकुरगांव में स्वयं सहायता समूह की बैठक हुई। संस्था के संस्थापक सचिव पूजा राज ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा गरीब उन्मूलन कार्यक्रम, महिला सशक्तीकरण एवं स्वावलंबन के बारे में ग्रामवासियों को जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि हमारी संस्था महिलाओ के सर्वांगीण विकास पर सतत प्रयासरत है।झारखंड के प्रत्येक दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में हमारी संस्था कार्य कर रही है। वहीं संस्था के प्रोग्राम कोर्डिनेटर रामाधार पाठक ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे स्वयं सहायता समूह के



कार्यक्रमो की जानकारी दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी महिलाओ को विकासोन्मुख कार्यक्रम को लागू कर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। आज के संस्था के कार्यक्रम पदाधिकारी के अलावे सरिता कुमारी, मधु सिंह, रूबी कुमारी, मनीषा कुमारी, सुनीता देवी, लक्ष्मी देवी, नीतू देवी, सोनी देवी, सुमित्रा देवी, मनीषा देवी, यशोदा देवी, समेत गिंजो ठाकुरगांव, गुरुगाई आदि गांव के महिला सम्मिलित हुवे।

# हेल्प डेस्क सेंटर चुनाव के बीच महिला प्रखंड अध्यक्ष बनी किरण देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आजसू पार्टी का हेल्प डेस्क सेंटर को लेकर आजसू पार्टी सम्मेलन केंद्रिय सचिव जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा आजसू पार्टी हेल्प डेस्क सेंटर बनने से गाँव के विभिन्न समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तर पर हो पायेगा विशिष्ट अतिथि–आजसू पार्टी राँची जिला महिला अध्यक्ष वीणा देवी ने कहा महिला आजसू पार्टी की रीढ़ है जो सरकार की कायाकल्प कर सकती है इसी बीच महिला संगठन को मजबूत करने के लिए किरण देवी को अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष के रूप चुनाव किया गया और 15 महिला और 15 पुरूष का चुनाव



आजसू पार्टी हेल्प डेस्क सेंटर के रूप में चुनाव किया गया। संचालन प्रखंड सचिव धर्मेंद्र सिंह ने किया मौके पर झारखंड आंदोलन कारी केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी,जिला प्रवक्ता रोशनलाल मुंडा, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी,प्रेम साहू, अजित महतो, महाबीर महतो, जयसंकर मुंडा, सुनील करमाली, सविता देवी, मुनि देवी, शर्मिला देवी, सरिता उराँव, सविता देवी, साहेबराम महतो, कृष्णा कन्हैया केसरी, ॠषि हज़ाम, योगेंद्र महतो ,आकाश महतो, बिरसा हज़ाम ,रसाल तिर्की, सरिता देवी गीता देवी, संजय कुमार,राजू महली, निर्मला देवी, सुनीता देवी, रूदन देवी आदि सैकड़ों महिला पुरूष उपस्थित थे।

# बारिश के बावजूद भी लोगो की समस्याओं से अवगत हुए समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत

**लापुंग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत सापुकेरा पंचायत के विभिन्न गांवों में भरी बारिश के बावजूद लोगों की समस्याओं से अवगत हुए समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। जिसमे सबसे मुख्य समस्या आवास का है, आज भी लोग कच्चे घरों में रहने को मजबूर है, सरकारी योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में कई बिचौलियों से होकर गुजरना पड़ता है जो कि बहुत दुखद है।भगत ने लोगो को कहा की हमारे क्षेत्र में एक सही प्रतिनिधित्व की बहुत जरूरत है ताकि बिचौलियों से बचा जा सके। मौके पर ज्योतिष राम साहू, वीरेंद्र साहू, मांगा उरांव, शंकर साहू, धनंजय उरांव, सोमा उरांव, कृष्णा उरांव, मोहन उरांव, हिंदुवा मुंडा ओम प्रकाश साहू, शिव शंकर मुंडा, रोमा इक्का, सूरज सिंह, बिरसा गोप एवम सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।



*महिला होमगार्ड के लिए पिपरवार मे सुकृति भवन का हुआ उदघाटन*

# कोयला उत्पादन के साथ क्षेत्र के विकाश पर भी हो रहा है काम : सीबी सहाय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया में सुरक्षा कर्मी के रूप में तैनात महिला होमगार्ड के लिए सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा बचरा पंचवटी सभागार परिसर मे बनाये गए सुकृति भवन का गुरूवार को समारोहपूर्वक उदघाटन किया गया।सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा के ऑनलाईन उपस्थिति में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने शिलापट्ट से पर्दा हटाकर एवं फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया।इस मौके पर समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा ने ऑनलाइन उपस्थित लोगों को संबोधित किया।समारोह में महिला होमगार्ड के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।वहीं आए हुए सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपरवार जीएम सीबी सहाय ने कहा कि पिपरवार एरिया में सुरक्षा के लिए तैनात महिला होमगार्ड को क्लब मे रहने में काफी परेशानी




होती थी,जिसको देखते हुए सीसीएल प्रबंधन के द्वारा पंचवटी सभागार के परिसर में महिला होमगार्ड के लिए सुकृति भवन बनाया गया है। भवन बन जाने के बाद अब महिला होमगार्ड को यहां रहने में काफी सुविधा मिलेगी।वही क्लब खाली होने के बाद अब उसकी मरम्मति करायी जाएगी, जिसमें सीसीएल कर्मचारी शादी विवाह एवं अन्य कार्यक्रम में उपयोग कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन कोयला उत्पादन के साथ-साथ क्षेत्र के विकास कार्यों पर भी ध्यान दे रही है। आने वाले दिनों में सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा कई ऐसे विकास कार्य किये जाएंगे जिससे यहां के कर्मचारी और ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।समारोह का संचालन कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग ने किया।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय, जीएसपी शर्मा, सुमन कुमार, जेएन दत्ता, आरएन गौतम, अरूण महतो, इन्द्रजीत सिंह, डॉ. एफआर साह, मुकेश तोषांग, डीपी राय, नागेश गोपालन,शिशिर गर्ग, रवि बाड़ा, ज्योति कुशवाहा, उज्जवल कुमार, हेमचन्द महतो, नागेन्द्र राम के अलावे श्रमिक प्रतिनिधि मुद्रीका प्रसाद, रविन्द्रनाथ सिंह,भीम सिंह यादव,इस्लाम अंसारी, भीम प्रसाद मेहता, दिलिप गोस्वामी सहित कई अधिकारी,कर्मचारी,श्रमिक प्रतिनिधि व सुरक्षा कर्मी मौजुद थे।

# बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों ने की गेट मीटिंग, हड़ताल को सफल बनाने की अपील की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में असंगठित मजदूरों ने गेट मीटिंग किया। इस गेट मीटिंग में असंगठित मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 16 फरवरी से बचरा साईडिंग में होने वाले हड़ताल को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक के दौरान सभी असंगठित मजदूरों ने एक स्वर में इस हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया।बैठक को संबोधित करते हुए मजदूरों ने कहा कि हाई पावर कमेटी के द्वारा लागू किए गए नियमों का यहां पालन नहीं हो रहा है। मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी से वंचित रखा जा रहा है।वहीं कई सुविधा मजदूरों को नहीं मिल रही



है,जिसके कारण मजदूरों की परेशानी बढ़ गई है।प्रबंधन को लिखित आवेदन देने के बावजूद प्रबंधन एवं कंपनी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है, जिसके खिलाफ मजदूरों ने 16 फरवरी से बचरा साइडिंग में बंदी की घोषणा की है। बैठक के दौरान असंगठित मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की।इस बैठक में मुख्य रूप से बिजली महतो, चमन महतो, दिलीप चौधरी, शंकर महतो, चंद्रदेव ठाकुर, मंटू कुमार सिंह, करण कुमार, बसंत कुमार, बालेश्वर महतो, लटन महतो, राजेश ठाकुर, सुरेश गोप सहित कई मजदूर उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–*RE-01/RDSD/RAMGARH/05/2022-23(2nd Call) 2023-24*

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | RE-01/RDSD/RAMGARH/05/ DMFT /17/2023-24 | पतरातु | पतरातु प्रखण्ड के जयनगर पंचायत अन्तर्गत रामनारायण प्रसाद के चाहरदिवारी से बाई०पी० पाण्डेय के घर होते हुए जुगल चौरसिया के घर तक तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य (0.073 कि०मी०) | 1148024 | 23000 | 2500 | 2 माह (दो माह) |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 07.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.02.2024 से 15.02.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 19.02.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़।

PR 317609 (Rural Work Department) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

**PR 314978 REO(23-24)D**

पत्रांकः– दिनांक–

अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा संख्याः–15/RE/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि /अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ RANCHI/ 25/ STPKG/20/ 2023-24 | ककरिया बेड़ो पथ से टिगरा तक पथ का सुदृढ़कीकरण कार्य। (ल0–0.999 कि0मी0) | 12,01,54,400.00 | बारह करोड़ एक लाख चौवन हजार चार सौ रूपय | 15 माह | द्वितीय |
| | | ककरिया बेड़ो पथ से तेतरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–1.202 कि0मी0) | | | | |
| | | सरसा लतरातु पथ से बलान्दु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–2.645 कि0मी0) | | | | |
| | | लरयाटोली मोड़ से रायटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–1.650 कि0मी0) | | | | |
| | | कातिंगकेला से दानेकेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.850 कि0मी0) | | | | |
| | | कारूम मोड़ से अकमरोमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–2.020 कि0मी0) | | | | |
| | | मलगो बिरमकेल पथ से कोयसारा भाया झींकी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.900 कि0मी0) | | | | |
| | | दोलैचा से कुसुमटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–1.540 कि0मी0) | | | | |
| | | ककरिया से कुरकुरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–2.885 कि0मी0) | | | | |
| | | लोधमा से गारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.173 कि0मी0) | | | | |
| | | सपुकेरा से बरगॉय तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.990 कि0मी0) | | | | |
| 2 | RWD/ RANCHI/ 26/ STPKG/19/ 2023-24 | लापुंग चाल्हा मोड़ से तपकारा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–5.834 कि0मी0) | 11,80,36,300.00 | ग्यारह करोड़ अस्सी लाख छत्तीस हजार तीन सौ रूपय | 15 माह | द्वितीय |
| | | टांगरकेला मोड़ से भुरनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.498 कि0मी0) | | | | |
| | | जरिया से जमाकेल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–0.980 कि0मी0) | | | | |
| | | सोहागी मोड़ से सोहागी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.025 कि0मी0) | | | | |
| | | लेटे से पबिरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–4.641 कि0मी0) | | | | |
| | | बोकरोंदा से बड़काहुरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.811 कि0मी0) | | | | |
| | | ककरिया फतेहपुर पथ से दरमी टोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–4.650 कि0मी0) | | | | |
| | | पोटका से सेमलटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.530 कि0मी0) | | | | |
| | | पोटका से मुरूप तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–2.853 कि0मी0) | | | | |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–03.02.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–12.02.2024 अपराह्न 5.00 बजेतक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–15.02.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची

PR.NO.317613 REO(23-24):D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट उद्घाटन के साथ न्युवोको विस्टास का विस्तार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह, ने तेजी से प्रगति कर रहे हैदराबाद में अपने बिल्कुल नए रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट के उद्घाटन के साथ अपनी मौजूदगी का विस्तार किया है। इस नए प्लांट के साथ ही न्युवोको विस्टास क्वालिटी और कार्यकुशलता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने में सफल रहा है। नया प्लांट क्षेत्र में 5वां है और मेडचल में काफी महत्वपूर्ण लोकेशन पर स्थित है, जो निर्माण सामग्री के लिए क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए न्युवोको की क्षमताओं का विस्तार करता है। इस संबंध में प्रशांत झा, चीफ, रेडी-मिक्स (आरएमएक्स) कंक्रीट एंड मॉडर्न बिल्डिंग मैटीरियल्स बिजनेस, न्युवोको विस्टास ने इस नए प्लांट के उद्घाटन पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि नया शुरू किया गया प्लांट हैदराबाद में कंपनी की स्थिति को मजबूत करती है। यह भी मेडचल और उसके आसपास के क्षेत्रों के डायनेमिक कंस्ट्रक्शन इकोसिस्टम को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह विस्तार कंस्ट्रक्शन क्षेत्र की बदलती मांगों को पूरा करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। न्युवोको हाई क्वालिटी और पर्यावरण मानकों का पालन करता है और इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और ग्राहक संतुष्टि पर ध्यान केंद्रित करता है। न्युवोको भारत में निर्माण उद्योग की वृद्धि और विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।




## मायुमं टाटानगर अचीवर्स शाखा का क्रिकेट टूर्नामेंट 3-4 फरवरी को

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा दो दिवसीय अचीवर्स कप सीजन 2 का आयोजन 3 व 4 फरवरी को सुबह 7.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक निर्मल महतो स्टेडियम कदमा में होगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीम क्रमशः मायुमं टाटानगर अचीवर्स शाखा, सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, मायुमं स्टील सिटी, यंग इंडियंस, जेसीआई जमशेदपुर रॉयल्स, इनकम टैक्स, जीएसटी और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स शामिल होगी। यह जानकारी शाखा अध्यक्ष रवि गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इस खेल कार्यक्रम के आयोजक में एनएच हिल्स, एक लक्जरी बुटीक होटल का योगदान भी मिल रह हैं। क्रिकेट टूर्नामेंटनेट को सुव्यवस्थित और सफल बनाने में सचिव अंशुल रिंगसिया, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, खेल संयोजक विजय सोनी, कोषाध्यक्ष आदित्य जाजोदिया, आनंद अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, अमित अग्रवाल आदि लगे हुए हैं।

## सेवानिवृत्त अंचल निरीक्षक को दी विदाई



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ु प्रखण्ड के अंचल निरीक्षक दिलीप सतपति का सेवानिवृत्ति होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सरायकेला खरसावॉ जिला के जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने दिलीप सतपति को सेवानिवृत्त के बाद परिवार के साथ खुशहाल जीवन बिताने एवं दीर्घायु की कामना करते हुए कुकड़ु प्रखण्ड बनने से लेकर आज तक सेवा देने के लिए आभार जताया। मौके पर कुकड़ु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश गोप, कुकड़ु प्रखण्ड प्रमुख प्रतिमा वाला सिंह पातर, सभी राजस्व कर्मचारी,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे ।

## झामुमो नेता अजय रजक ने 50 असहायों के बीच बांटे कंबल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी सह वरिष्ठ झामुमो नेता अजय रजक ने गुरुवार को भीषण ठंड को देखते हुए जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत देवघर गांव में विभिन्न गांवों से पहुंचे 50 जरूरतमंद बुजुर्गों के बीच कंबलों का वितरण किया। अजय ने बताया कि बारिश के बाद से ही कनकनी ठंड बढ़ गई है। ऐसे में असहाय लोगों को काफी दिक्कतें हो रही थी। हाथ में कंबल मिलते ही सभी बुजुर्गों के चेहरों में खुशियां दिखाई देने लगी। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी कई जगहों पर कंबलों का वितरण कर बुजुर्गों को राहत पंहुचाई है। इस दौरान प्रीतम हेम्बम, विधान सोरेन, मोहम्मद सामद अंसारी, अब्दुल बारी अंसारी, अभिषेक मुखी आदि उपस्थित थे।



## पीएनबी आरसेटी में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण 5 से

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सरायकेला द्वार 05 फरवरी से ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। जिले में जरूरत मंद इच्छुक महिला एवं युवती यह प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं। इसके लिए उम्र सीमा 18से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। यह प्रशिक्षण भारत सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त एवं पंजाब नैशनल बैंक से नि~ शुल्क दी जाएगी। प्रशिक्षुओं के लिए भोजन, छात्रावास तथा प्रशिक्षण में कोपी किताब ड्रेस भी संस्थान द्वारा दिया जाता है। यह प्रशिक्षण 30 दिवसीय है जो प्रतिदिन सुबह 9~00 से संध्या 5~30 बजे तक चलेगा। प्रशिक्षुओं को ब्यूटी पार्लर से संबधित सारी जानकारियां सिखाने सहित सफल उद्यमी बनने के तौर तरीके भी बताए जाएंगे। अधिक जानकारी हेतु सरायकेला द्वानसाही स्थित प्रशिक्षण केंद्र से इच्छुक आवेदक संपर्क कर सकते हैं।

## भुइयांडीह में अपराधी टकलू पर ताबड़तोड़ फायरिंग, स्थिति गंभीर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह स्थित साहू होटल के पास बाइक सवार चार अपराधियों ने छायानगर निवासी टकलू लोहार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी तेज़ी से बर्निंग घाट की ओर फरार हो गए. इधर, टकलू के साथियों ने पास ही मौजूद पीसीआर वाहन की मदद से उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शी मानस ने बताया कि वो टकलू और अन्य साथियों के साथ कार बनवाने गया था. वह कार का जैक लगाने के लिए झुका था तभी बस स्टैंड की तरफ से दो बाइक पर सवार चार अपराधी मुंह बांधकर आए और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. उन्होंने एक युवक को धर दबोचा पर युवक ने उसपर भी फायरिंग की. गोली उनके हाथ को छूते हुए निकल गई।



## टाटा मोटर्स के 225 स्थायी किए गए कर्मियों का मेडिकल टेस्ट 5 से 19 फरवरी तक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा मोटर्स में स्थायी किए गए 225 कर्मचारियों का मेडिकल टेस्ट पांच फरवरी से 19 फरवरी तक होगा. इसकी सूचना जारी होते ही लेबर ब्यूरों में कर्मचारियों की भीड़ लग गई. सभी नोटिस बोर्ड में लगी सूची में अपना नाम और मेडिकल टेस्ट की तिथि खोजते रहे. टाटा मोटर्स प्रबंधन ने टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के साथ 900 कर्मचारियों को स्थायी करने का समझौता किया है. 900 कर्मचारियों की सूची पूर्व में ही जारी कर दी गई थी. अब इनका मेडिकल टेस्ट होगा. इसके बाद इन्हें विभागों में पदस्थापित किया जाएगा. कर्मचारियों को स्थायी करने के लिए श्रम विभाग, टाटा मोटर्स प्रबंधन और टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के बीच समझौता हुआ था। समझौते पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष आरके सिंह और महामंत्री गुरमीत सिंह तोते ने हस्ताक्षर किया था. इस समझौते के तहत 2700 कर्मचारियों को स्थायी किया जाएगा. प्रत्येक वर्ष 900 कर्मचारियों को स्थायी किया जाएगा.

# टाटा स्टील ने एमबीटी 24 पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज बेल्डीह क्लब, जमशेदपुर में माइनिंग एंड बेनेफिसिएशन टेक्नोलॉजी (एमबीटी%24) पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमईएआई), बड़ाजामदा चैप्टर के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि पद्म भूषण डॉ. वीके सारस्वत, सदस्य, नीति आयोग उपस्थित थे। अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों में डॉ. देबाशीष भट्टाचार्जी, वाईस प्रेसिडेंट, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टाटा स्टील, डी बी सुंदरा रामम, वाईस प्रेसिडेंट, रॉ मटेरियल्स, टाटा स्टील, पी के त्रिपाठी, चीफ रॉ मटेरियल्स प्रोसेस टेक्नोलॉजी, टाटा स्टील और अतुल भटनागर, जनरल मैनेजर (ओर माइंस एंड क्वैरीज़ डिवीज़न), टाटा स्टील उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र के दौरान अपने संबोधन में, नीति आयोग के सदस्य डॉ वी के सारस्वत ने सर्कुलरिटी और सस्टेनेबल खनन अभ्यासों आदि को शुरू करने के क्षेत्र में टाटा स्टील की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कार्बन न्यूट्रैलिटी के संबंध में सरकार के फोकस पर विस्तार से बात की, जो उन्नत तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। डी बी सुंदरा रामम, वाईस प्रेसिडेंट, रॉ मटेरियल्स, टाटा स्टील ने ऐसे सार्थक सम्मेलन के आयोजन के महत्व के बारे में बात की जो आकर्षक चर्चाओं और उपयोगी आदान-प्रदान का मार्ग प्रशस्त करेगा। दूसरे दिन आकर्षक तकनीकी सत्र होंगे, जिसमें पांच मुख्य प्रस्तुतियाँ, एक पैनल चर्चा और प्रतिभागियों द्वारा 28 तकनीकी प्रस्तुतियाँ शामिल हैं। सम्मेलन माइनिंग एंड बेनेफिसिएशन में नवीनतम प्रगति पर केंद्रित है, जो 8 पूर्ण, 10 की नोट्स, 37 तकनीकी पेपर प्रस्तुतियों और दो पैनल चर्चाओं के माध्यम से एक विशेष तकनीकी मंच प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथियों द्वारा एमबीटी 24 इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन माइनिंग एंड बेनिफिसिएशन टेक्नोलॉजी (एमबीटी) बुक ऑफ एब्स्टारैक्ट्स नामक पुस्तक का भी अनावरण किया गया। सम्मेलन के दौरान इस सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों के प्रौद्योगिकी उत्पादों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया।

## राज्यपाल की नीयत ठीक नहीं उन्हें पद से हटाया जाए : सुधीर कुमार

### बिहार में नीतीश दोपहर को इस्तीफा देते है और शाम को शपथ ग्रहण करते है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** महागठबंधन की तरफ से चंपई सोरेन को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया है बावजूद राज्यपाल ने उन्हें सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर रहे हैं। उनकी नीयत ठीक नहीं है मोदी सरकार झारखंड में राष्ट्रपति शासन लागू करने की साजिश कर रही है यह संवैधानिक मर्यादा का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन होगा। जमशेदपुर कोर्ट के अधिवक्ता एवं सामाजिक न्याय के चिंतक सुधीर कुमार पप्पू ने राज्यपाल की भूमिका पर उक्त बातें कही है। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार दोपहर को इस्तीफा दिया और शाम को शपथ ग्रहण हो गया परंतु झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने एनडीए में शामिल होने से इनकार कर दिया इसी कारण से मोदी सरकार और भाजपा हेमंत सोरेन को सबक सिखाने की साजिश कर रही है। झारखंड के मामले में राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू और उच्चतम न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। मोदी सरकार संविधान की धज्जियां उड़ा रही है और संघीय ढांचा का मजाक उड़ा रही है। राष्ट्रपति और उच्चतम न्यायालय को चाहिए कि केंद्र सरकार को गैर कानूनी काम करने से रोके। अगर झारखंड में राष्ट्रपति शासन लागू होता है तो इसका परिणाम गलत होगा। इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं को चाहिए कि झारखंड आकर आंदोलन की शुरुआत करें।

## झारखंड बंद को लेकर आदिवासी-मूलवासी संगठन ने नेशनल हाईवे किया जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** बीते दिन रजधानी रांची में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हिरासत में लेने के बाद गुरुवार को झारखंड के कई जगहों में आदिवासी लोगों द्वारा सड़क पर उतरकर झारखंड बंद कराया। इस दौरान आदिवासी- मूलवासी संगठन के लोगों द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ़ जमकर नारेबाज़ी की गई। बंदी को कुछ झलक चांडिल प्रखंड के चिल्गू तिलका बाबा चौक स्थित टाटा रांची मुख्य मार्ग 33 को आदिवासी- मूलवासी के महिला व पुरुषों ने सड़क पर उतरकर करीब एक घंटा जाम कर दिया, जिससे यातायात पूर्ण रूप से बाधित हो गया है। आक्रोशित लोगों ने पारंपरिक हाथीयर के साथ ईडी की कार्रवाई के खिलाफ़ जोरदार विरोध दर्ज किया।

## टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के कार्यकारिणी बैठक में उठे कई मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गोलमुरी स्थित टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के प्रांगण में यूनियन के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक अध्यक्ष राकेश्वर पांडे की अध्यक्षता में हुई. बैठक में अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक एवं प्रबंधन की पूरी टीम को टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड को टाटा स्टील लिमिटेड टिनप्लेट डिवीजन के रूप में समायोजित करने पर धन्यवाद दिया. इससे सभी कर्मचारियों का भविष्य उज्जवल एवं सुरक्षित हो गया है. उन्होंने टाटा स्टील प्रबंधन के इस विश्वास को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उत्पादन एवं उत्पादकता को और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया. इसके उपरांत कार्यकारिणी के सदस्यों के द्वारा कई मुख्य मुद्दे उठाए गए, जिसमे स्थाई कर्मचारियों और अवकाश प्राप्त कर्मचारीयों एवं उनके परिवार के सदस्य को भी टाटा मेन हॉस्पिटल की सुविधा दिलवाने के लिए जोर दिया गया. स्कूल बस को फिर से शुरू करने, डिपार्टमेंट में मैन पावर की कमी दूर करना,सभी ज्वाइंट कमेटी की मीटिंग समय अनुसार करवाने पर जोर, कैंटीन एवं अस्पताल में आधुनिकीकरण एवं नई-नई सुविधाएं बढ़ाने पर जोर, 1 अप्रैल 2024 से जो कर्मचारीयों का ग्रेड प्रभावी होगा इसे अच्छा ग्रेड बनाने पर जोर, नौकरी के बदले नौकरी एवं मैट्रिक पास कर्मचारियों के बच्चों की बहाली हो, द गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन का नाम भी बदलकर टाटा टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन किया गया. यूनियन के सभी सदस्यों ने इसे स्वीकार किया. कर्मचारियों के हितों के कई मुद्दों को कार्यकारिणी के सदस्यों ने बड़ी ही मजबूत ढंग से उठाया. बैठक में गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष राकेशेश्वर पांडे, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, यूनियन के महामंत्री मनोज कुमार सिंह, वाइस प्रेसिडेंट सतनाम सिंह, गौतम डे, मुन्ना खान, संयुक्त सचिव ए रमेश राव, वकील खान एवं अन्य मौजूद थे.

## झारखंड में संवैधानिक संकट, राष्ट्रपति शासन लागू करें : जटा शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा. जटा शंकर पांडे ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किए जाने से राज्य में संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है। जिसके कारण केंद्र सरकार को तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि झामुमो नीत सरकार ने झारखंड में अराजकता उत्पन्न कर दिया था।



### घाघीडीह सेंट्रल जेल के सजायाप्ता कैदी की बिगड़ी तबीयत, रिम्स रेफर

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के घाघीडीह जेल में हत्या में सजा काट रहे कैदी कालीचरण सिंह उर्फ कालिया की तबीयत अचानक बिगड़ गई. जेल प्रबंधन ने उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया था जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। कालीचरण सिंह अक्टूबर 2015 में कोर्ट ने अपने भाई की हत्या के मामले में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. तब से वह घाघीडीह सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था.

## संतुलित व शानदार बजट : प्रमोद मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के द्वारा पेश अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट गारंटी वाला बजट है। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया गया है। बजट देश के निर्माण का बजट है, जो विकसित भारत को मजबूती प्रदान करने हेतु संकल्पित है। वित्तीय घाटे को नियंत्रण मे रखा गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने जय किसान, जय जवान एवं जय विग्यान की ओर विशेष ध्यान दिया है।



## देश के विकास को समर्पित बजट : कुणाल षाडंगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गए अंतरिम बजट का झारखंड भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने स्वागत किया. उन्होंने बजट को प्रगतिशील और देश के विकास को समर्पि बताया और कहा कि बजट से नई उम्मीद और अवसर सृजन होगा. बजट में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 83 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी नौ करोड़ महिलाओं में से तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है. यह विकासोन्मुखी बजट हमारे युवाओं, किसानों, महिलाओं और विशेष रूप से समाज के पिछड़े तथा कमजोर वर्गों के जीवनस्तर को बेहतर कर उनके लिए नई उम्मीद एवं अवसर पैदा करेगा.



## आदिवासी संगठनों के आह्वान पर दुकानें रही बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को आदिवासी संगठनों के आह्वान पर दुकानें बंद रहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ इडी द्वारा कारवाई कर गिरफ्तारी करने को लेकर आदिवासी संगठन झारखंड बंद का आह्वान किया। जिससे ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक, डुमटांड़ मोड़ आदि जगहों पर दुकानें बंद रहा। हालांकि चौक चौराहों, भीड़भाड़ वाले जगहों व बाजारों में चप्पे-चप्पे पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात किया गया था। शांति पूर्ण ढंग से दुकानों को बंद कराया गया । वहीं रंजीत सिंह मुण्डा ने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को इडी के माध्यम से भाजपा द्वारा बार बार प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित तरीके से इडी का इस्तेमाल कर मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि आदिवासी संगठन सड़क पर उतरकर डराने, धमकाने व सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर विपक्ष को फंसाने का षड्यंत करने वालों का विरोध किया जाएगा और लोगों से इसका केंद्र सरकार की साजिश से आगाह कर जागरूक किया जाएगा।



## एक्सएलआरआइ में दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आज से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वैश्वीकृत दुनिया में सामाजिक और व्यावसायिक उत्तरदायित्व को सक्षम बनाने की थीम पर एक्सएलआरआइ में 2 फरवरी से दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है. जेआरडी टाटा फाउंडेशन फॉर बिजनेस एथिक्स और एक्सएलआरआइ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में देश व दुनिया के 78 से अधिक प्रतिष्ठानों के करीब 150 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं. इस दौरान कुल 98 पेपर प्रस्तुत होंगे. इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में यूएसए के क्रेयटन यूनिवर्सिटी के बिजनेस कॉलेज, लोयोला मैरीमाउंट यूनिवर्सिटी, लॉस एंजिल्स, यूएसए, एली ब्रॉड कॉलेज ऑफ बिजनेस, मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी, फैकल्टैट, इंसब्रुक यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रिया ने कॉन्फ्रेंस में हिस्सा ले रहे हैं. इसके साथ ही सात रिसोर्स पर्सन भी शामिल हो रहे हैं. सत्र की शुरुआत में आधुनिक व्यवसाय में नैतिक अभ्यास, स्थिरता और वैश्विक जिम्मेदारी विषय पर चर्चा होगी. पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं निदेशक अमित राज सिन्हा, टाटा स्टील की चीफ एथिक्स ऑफिसर सोनी सिन्हा, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर जॉर्ज सेबेस्टियन के साथ ही जमशेदपुर जेसुइट के प्रोवेंशियल जेरी कुटिना, एक्सएलआरआइ के डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो, डीन एडमिन डोनाल्ड डिसिल्वा समेत कई अन्य शामिल हो रहे हैं.

## प्रेमिका की तलाश में प्रेमी पहुंचा दूसरा गांव, रंगेहाथ पकड़ाया तो ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** अपनी प्रेमिका की तलाश में बुधवार की रात पटमदा थाना क्षेत्र के महुलबना गांव पहुंचे एक युवक को ग्रामीणों ने रंगेहाथ पकड़ लिया और रातभर एक कमरे में बंद करके रख दिया। सुबह में इसकी जानकारी ग्राम प्रधान एवं अन्य लोगों को दिए जाने पर मामला पटमदा थाने तक पहुंचा और दोनों के परिवार वालों की सहमति से शादी कराने का फैसला होने पर सभी लोग अपने-अपने घर लौट गए। इस संबंध में सूत्र बताते हैं कि कमलपुर थाना क्षेत्र के इंदाटांड़ा गांव निवासी एक युवक जो अपने गांव की ही एक युवती से प्रेम करता है और पिछले करीब 7-8 सालों से दोनों छिप-छिप कर मिलते थे। बताते हैं कि युवती के दादा-दादी वर्तमान में महुलबना गांव के एक टोले में रहते हैं। दो दिनों पूर्व युवती के अपने दादा-दादी के यहां पहुंचने की सूचना पर प्रेमी युवक बुधवार की रात करीब 8 बजे उसके कमरे में घुस गया। इसकी सूचना मिलते ही गांव के लोगों ने गुस्से में आकर कमरे के अंदर मौजूद युवक को बाहर से ताला बंद करके रख दिया। बाद में इसकी जानकारी दोनों के परिजनों को दी गई। सुबह में इंदाटांड़ा में ग्राम प्रधान के पास दोनों के परिजन पहुंचने के बाद मामला पटमदा थाने तक पहुंचा। यहां पुलिस व ग्रामीणों के समक्ष दोनों के परिजनों द्वारा शादी कराने पर सहमति जताने पर पुलिस ने सामाजिक रीति-रिवाज से शादी कराने का निर्देश दिया जिससे सभी लोग वापस लौटे। बताते हैं कि करीब 24 वर्षीय युवक प्रवासी मजदूर हैं और वह दूसरे राज्यों में मजदूरी भी करता है जबकि युवती स्नातक की पढ़ाई कर रही है।

## ओटो में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के तामारी गांव में अमर दास बुधवार की देर रात अमर दास के घर के आंगन में रखे एक ओटो में आग लग गई। जब तक गृहस्वामी को आग लगने की जानकारी हुई तब तक ओटो में लोड ठेला का समान सहित ओटो पूरी तरह जल गई। आग लगने के कारण का पता नही चल पाया है। हालांकि अमर दास ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाए जाने की आशंका व्यक्त किया गया है। घटना की सुचना ईचागढ़ थाना को गुरुवार को लिखित सुचना दिया गया है। वहीं एसआई गुंजन कुमार से पुछे जाने पर बताया गया कि आग लगने का कारण का पता नही चल पाया है। मामले का जांच किया जा रहा है।



संपादकीया

# मोदी को चुनौती का सच

**नीतीश** वुमार एक बार फिर भाजपा नीत गठबंधन यानि एनडीए के साथ खड़े दिख रहे हैं। उन्होंने महागठबंधन से पिंड छुड़ाया और एक बड़ा संदेश कांग्रेस को यह दिया कि वह विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने में सक्षम नहीं है। इंडिया गठबंधन ममता बनर्जी के पश्चिम बंगाल, केजरीवाल और भगवंत मान के पंजाब व दिल्ली में निर्थक साबित हो चुका है, जबकि उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव से बहुत उम्मीद करना बेकार है। ले-देकर महाराष्ट्र बचा है जहां उसकी दोनों सहयोगी पार्टियों शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस और शिवसेना उद्धव गुट की शक्ति क्षीण हो चुकी है। दरअसल कांग्रेस यह तय ही नहीं कर पा रही है कि घटक दलों को बांधकर रखने के लिए क्या करना चाहिए। नीतीश ने कोई एक दिन में नरेन्द्र मोदी के साथ जाने का पैसला नहीं किया है। उन्होंने जब देख लिया कि विपक्षी गठबंधन की अगुआई करने वाले राजनेताओं में संगठन क्षमता का अभाव है, तब उन्होंने एनडीए में जाने का पैसला लिया। दिल्ली में गणतंत्र दिवस की तैयारी और प्रांस के राष्ट्रपति के साथ अपने व्यस्त समय से नरेन्द्र मोदी ने बिहार की राजनीति के लिए वैसे समय निकाला, इससे कांग्रेस नेतृत्व को सीखना चाहिए। नीतीश वुमार के दो परम विरोधी चिराग पासवान और जीतन राम माझी को बुलाकर उन्हें यह समझाना कि बिहार में एनडीए को मजबूत करने के लिए नीतीश को साथ लेना जरूरी है। मोदी चाहते तो चिराग पासवान से बात न करते क्योंकि उनके पास तो कोई भी विधायक नहीं है। लेकिन चिराग को संतुष्ट करने के लिए मोदी ने यह जरूरी समझा। यह मोदी के ही संगठन क्षमता का परिणाम है कि बिहार में एलजेपी के दोनों धड़े एनडीए के घटक दल हैं। यही नहीं एक अफसरशाह के मध्यस्थता में मोदी ने नीतीश से जिस तरह बातचीत कर जनता दल यूनाइटेड के एनडीए में आने के लिए खुलकर चर्चा के लिए समय निकाला, यह भी कांग्रेस नेतृत्व के लिए अनुकरणीय है। सिर्प बातों से मोदी को हराने की परिकल्पना नहीं की जा सकती, इसके लिए मोदी जैसा रणनीतिकार बनना होगा। अब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा और मोदी की श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यंव्रम की तुलना करके देखा जा सकता है। राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उनके रणनीतिकार अपनी छवि चमकाने के लिए चिपके हैं। उनमें से लगभग सभी जनाधार विहीन राज्यसभा के सदस्य हैं। चाहे वेणुगोपाल हों या जयराम रमेश, इन सबके पास एक भी चुनाव क्षेत्र नहीं है लेकिन ये लोग राहुल गांधी को लांच करने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। दूसरी तरफ नरेन्द्र मोदी की रणनीति देखिए। उन्होंने अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यंव्रम में अपने साथ न तो राजनाथ सिंह को रखा न ही नितिन गडकरी, अमित शाह या किसी बड़े नेता यहां तक कि जेपी नड्डा को। उनकी रणनीति ही यह थी कि वह खुद अयोध्या में आकर्षण के केन्द्र बिन्दु बनेंगे जबकि जितने भी वरिष्ठ मंत्री और पार्टी के नेता हैं वे अयोध्या से बाहर निकलकर इस कार्यंव्रम का प्रचार-प्रसार करेंगे ताकि ज्यादा दूर-दूर तक इसकी लोकप्रियता को स्थायित्व एवं विस्तार दिया जा सके। दरअसल कांग्रेस में हो क्या रहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे भले ही पार्टी अध्यक्ष बन गए हैं कितु पैसले राहुल और गांधी परिवार ही लेता है। इसका असर इंडिया गठबंधन पर भी पड़ रहा है। गठबंधन में शामिल घटक दल खड़गे से ज्यादा राहुल से बात करना बेहतर समझते हैं और राहुल हैं कि वह यात्रा में ही मगन हैं। नीतीश से खड़गे ने बात की थी कितु उन्होंने उन्हें गंभीरता से लिया ही नहीं, यदि नीतीश के साथ बैठकर कांग्रेस नेतृत्व ने प्रयास किया होता तो संभव है, नीतीश इंडिया गठबंधन के लिए सव्रियता से काम करते और एनडीए में जाने का विकल्प ही नहीं चुनते। बहरहाल बिहार में आए राजनीतिक बदलाव के बाद इंडिया गठबंधन किसी भी तरह नरेन्द्र मोदी के लिए चुनौती नहीं रह गया है। चुनाव के पहले ही मोदी जिस तरह एनडीए की सफलता के लिए सारी बाधाओं को दूर कर रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि मोदी 2024 में बिना किसी चुनौती के ही बड़ी जीत को सुनिश्चित करना चाहते हैं।

> महागठबंधन से पिंड छुड़ाया और एक बड़ा संदेश कांग्रेस को यह दिया कि वह विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने में सक्षम नहीं है। इंडिया गठबंधन ममता बनर्जी के पश्चिम बंगाल, केजरीवाल और भगवंत मान के पंजाब व दिल्ली में निर्थक साबित हो चुका है, जबकि उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव से बहुत उम्मीद करना बेकार है। ले-देकर महाराष्ट्र बचा है जहां उसकी दोनों सहयोगी पार्टियों शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस और शिवसेना उद्धव गुट की शक्ति क्षीण हो चुकी है। दरअसल कांग्रेस यह तय ही नहीं कर पा रही है कि घटक दलों को बांधकर रखने के लिए क्या करना चाहिए। नीतीश ने कोई एक दिन में नरेन्द्र मोदी के साथ जाने का पैसला नहीं किया है। उन्होंने जब देख लिया कि विपक्षी गठबंधन की अगुआई करने वाले राजनेताओं में संगठन क्षमता का अभाव है, तब उन्होंने एनडीए में जाने का पैसला लिया। दिल्ली में गणतंत्र दिवस की तैयारी और प्रांस के राष्ट्रपति के साथ अपने व्यस्त समय से नरेन्द्र मोदी ने बिहार की राजनीति के लिए वैसे समय निकाला, इससे कांग्रेस नेतृत्व को सीखना चाहिए।

### अयोध्या में भगवान श्रीराम के 'भव्य, दिव्य मंदिर' की प्राण-प्रतिष्ठा उनके ही संकल्पों की निष्पत्ति है

# नरेन्द्र मोदी के राम एवं राष्ट्र को समझें

ललित गर्ग

> श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रस्ताव में यह भी कहा गया, हम कह सकते हैं कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। निश्चित ही मोदी अब इस नए युग के प्रवर्तन के बाद, नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आए हैं। श्रीरामलला के नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा की अपूर्व एवं अलौकिक घटना भारत के लिये युगांतरकारी है। हम एक नये युग में पदार्पण कर रहे हैं। यह नवयुग एवं नया दौर आशा और विश्वास के साथ ही जिम्मेदारियों से भरा है।

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम मंदिर के सफल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और एक धन्यवाद प्रस्ताव में कहा कि लोगों द्वारा उनके प्रति दिखाए गए प्यार और स्नेह ने उन्हें 'जननायक' के रूप में स्थापित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पढ़े गए इस प्रस्ताव में मोदी को एक नए युग का अग्रदूत बताया गया। क्योंकि उन्हीं की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या में संपन्न कार्यक्रम में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रस्ताव में यह भी कहा गया, हम कह सकते हैं कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। निश्चित ही मोदी अब इस नए युग के प्रवर्तन के बाद, नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आए हैं। श्रीरामलला के नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा की अपूर्व एवं अलौकिक घटना भारत के लिये युगांतरकारी है। हम एक नये युग में पदार्पण कर रहे हैं। यह नवयुग एवं नया दौर आशा और विश्वास के साथ ही जिम्मेदारियों से भरा है।

नरेन्द्र मोदी के महान एवं ऊर्जस्वल व्यक्तित्व को एक राजनीतिक दल के सर्वोच्च नेता के सीमित दायरे में बांधना उनके व्यक्तित्व को सीमित करने का प्रयत्न है। उन्हें नए राष्ट्र का निर्माता कहा जा सकता है। मोदी जैसे व्यक्ति दो-चार नहीं, अद्वितीय होते हैं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के माध्यम से स्वस्थ मूल्यों को स्थापित करके राष्ट्र को सजीव एवं शक्तिसम्पन्न बनाने का प्रयत्न किया है। राष्ट्र-निर्माण की कितनी नयी-नयी कल्पनाएं उनके मस्तिष्क में तरंगित होती रहती हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम के 'भव्य, दिव्य मंदिर' की प्राण-प्रतिष्ठा उनके ही संकल्पों की निष्पत्ति है। इसके साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा की यह तारीख आने वाले हजारों वर्षों के लिये एक उजाला एवं संकल्प बनते हुए नये इतिहास का सृजन करने वाली शुभ एवं श्रेयस्कर गति है। जैसा कि नरेन्द्र मोदी ने कहा



है, 'यह नये इतिहास-चक्र की भी शुरुआत' है। इस अवसर पर दिये गये संबोधन में मोदी ने अपने संकल्प 'सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास' को एक नया आयाम भी दिया है। नरेन्द्र मोदी केवल व्यक्तियों के समूह को राष्ट्र मानने को तैयार नहीं हैं। उनकी दृष्टि में राष्ट्र के सदस्यों में निम्न विशेषताओं का होना आवश्यक है जिस राष्ट्र के सदस्यों में इस्पात सी दृढ़ता, संगठन में निष्ठा, चारित्रिक उज्ज्वलता, कठिन काम करने का साहस और उद्देश्य पूति के लिए स्वयं को झोंकने का मनोभाव होता है, वह राष्ट्र अपने निर्धारित लक्ष्य तक बहुत कम समय में पहुंच जाता है। कहा जा सकता है कि नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र-चिंतन में जो क्रांतिकारिता, परिवर्तन एवं नये दिशाबोध हैं, वे राष्ट्र के चिंतकों को भी चिंतन की नयी खुराक देने में समर्थ हैं। अयोध्या में मोदी ने अपने संबोधन में कहा है, 'राम विवाद नहीं, समाधान है'। उनके इस कथन को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझा और स्वीकारा जाना चाहिए। यह भी समझा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री का यह कथन देश में संभावनाओं के नये आयाम भी खोल रहा है। राम और राष्ट्र के बीच की दूरी को पाटने का एक स्पष्ट संकेत भी प्रधानमंत्री ने दिया है। इस बात को भी समझने की ईमानदार कोशिश होनी चाहिए कि श्रीराम की महत्ता हिंदू समाज के आराध्य होने में ही नहीं है, बल्कि उन्हें सुशासन का प्रतीक पुरुष एवं शासक समझने में भी है। तभी हमारा राष्ट्र राजनीतिक विसंगतियों से मुक्त होकर सुशासन का आधार बन सकता है। जिसमें हर नागरिक को, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, वर्ण, वर्ग का हो, प्रगति करने का समान और पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा इस सोच और संकल्प के साथ आयोजित हुआ है कि हमें कुछ नया करना है, नया बनना है, नये पदचिह्न स्थापित करने हैं। बीते वर्षों की कमियों पर नजर रखते हुए उन्हें दोहराने की भूल न करने का संकल्प लेना है। हमें यह संकल्प करना और शपथ लेनी है कि आने वाले वर्षों में हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो हमारे उद्देश्यों, उम्मीदों, उमंगों और आदर्शों पर प्रश्नचिह्न टांग दे। अपनी उपलब्धियों का अंकन एवं कमियों की समीक्षा कर इस अवसर पर हर व्यक्ति अपनी विवेक चेतना को जगाकर अपने भाग्य की रेखाओं में राष्ट्रीयता और जिजीविषा के रंग भरें, सामंजस्य एवं सहिष्णुता को जीवन के व्यवहार में उतारने का अभ्यास करें। केवल अपनी भावनाओं को ऊंचा स्थान दे, वह स्वार्थी होता है। स्वार्थी होने की कीमत चुकानी ही पड़ती है। दूसरों की भावना के प्रति उदार बनें। उदार होने का मतलब है आप किसी के कहे बिना भी उनकी भावनाओं को समझें। उसके बारे में सोचें, विचारें। इससे आपके जीने का अंदाज बदल जायेगा। यही जीने की आदर्श शैली का प्रशिक्षण प्राण-प्रतिष्ठा महा-महोत्सव का हार्द है। समूचा देश 'राममय' हो रहा है, इस ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय अवसर पर अपने-पराये का भेद मिटाने की आवश्यकता को भी समझना ज़रूरी है। धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, अर्थ के नाम पर, भाषा के नाम पर होने वाला कोई भी विभाजन 'राम-राज्य' में स्वीकार्य नहीं हो सकता। सांस्कृतिक अथवा धार्मिक राष्ट्रवाद के नाम पर किसी को कम या अधिक भारतीय आंकना भी राम-राज्य की भावना के प्रतिकूल है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अयोध्या में नया मंदिर बनने के बाद हिंदू समाज में एक नया उत्साह है, जो स्वाभाविक भी है। पर हमें इस भाव की सीमाओं को भी समझना होगा। नदी जब किनारा छोड़ती है तो बाढ़ आ जाती है। सरसंघचालक मोहन भागवत ने प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कहा भी था 'जोश के माहौल में होश की बात' करनी ज़रूरी है। यह होश ही वे किनारे हैं जो नदी को संयमित रखते हैं। जीवन का पड़ाव चाहे संसार हो या संन्यास, सीमा, संयम एवं मर्यादा जरूरी है। मर्यादा जीवन का पर्याय है। धरती, अंबर, समन्दर, सूरज, चांद-सितारें, व्यक्ति, धर्म एवं समाज सब अपनी-अपनी सीमाओं में बंधे हैं। जब भी उनकी मर्यादा एवं सीमा टूटती है, प्रकृति प्रलय एवं समाज अराजकता में परिवर्तित हो जाता है। प्रभु श्रीराम के जीवन का कण-कण हमें मर्यादा की बात सिखा रहा है। अपेक्षा है, मानव अनुशासन और संयम को अपनाकर जीवन को संवारे। प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा का यह पावन अवसर सबको यही संदेश देता है कि संयम, सहिष्णुता एवं समानता से ही समस्याओं का निपटारा संभव है। पथभ्रान्त पथिक के लिये मर्यादा ही सच्चा पथदर्शन बनेगी। युग की उफनती समस्याओं की नदी मर्यादा की मजबूत नाव से ही पार की जा सकेगी।

दृष्टि कोण

# कृषि के कायाकल्प का अवसर, किसानों की आय बढ़ाने वाली नीतियों को मिले प्राथमिकता

**कृषि** देश के आर्थिक और सामाजिक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक तरफ एमएसपी बढ़ोतरी और फसल बीमा योजनाओं जैसी हालिया पहलों ने आशा की किरणें जगाई हैं, दूसरी तरफ बढ़ती कृषि लागत, अस्थिर बाजार कीमतें, कर्ज के नीचे दबता किसान, जलवायु परिवर्तन व सीमित बुनियादी ढांचा नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और नवीन समाधानों की मांग करता है। आगामी बजट नई जमीन तैयार करने और अधिक मजबूत, टिकाऊ व समावेशी कृषि परिदृश्य विकसित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। जलवायु परिवर्तन सिर्फ कृषि क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए समस्या बनकर उभरी है। बजट में ड्रिप सिंचाई, मृदा संरक्षण तकनीक और सूखा प्रतिरोधी फसल किस्मों को अपनाने जैसी जलवायु-लचीली प्रथाओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जैविक खेती के उपकरण और इनपुट के लिए कर छूट और सब्सिडी किसानों को रासायनिक उर्वरकों से दूर जाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। सिंचाई और कृषि प्रसंस्करण के



लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में निवेश जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटा सकता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम कर सकता है। किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। बीज, उर्वरक, बिजली और पानी पर भारी सब्सिडी देने के बावजूद अधिकांश किसान लगातार संकट में हैं और आत्महत्या और आंदोलन का कारण बन रहे हैं। भारत में किसानों की औसत आय उससे भी कम बनी हुई है। बजट में उन नीतियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो उनकी आय बढ़ाएं और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करें। पीएम-किसान जैसी प्रत्यक्ष आय सहायता योजनाओं के लिए आवंटन बढ़ाना बहुत जरूरी है और यह वित्तीय स्थिरता प्रदान कर सकता है। किसानों को उनकी ऊपज का उचित मूल्य देने के लिए पूरे देश में प्रत्येक फसल की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया जाए। बढ़ती कृषि लागत के बीच भारतीय किसानों को गंभीर ऋण संकट का सामना करना पड़ता है। कर्ज के बोझ तले दबा किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2022 में आत्महत्या करने वाले 5,207 किसानों में से 4,999 पुरुष और 208 महिलाएं थीं। आगामी बजट में ऋण राहत योजनाओं, ब्याज मुक्त ऋणों या फसल बीमा कार्यक्रमों के लिए ज्यादा धनराशि का प्रावधान किया जाना जरूरी है। कृषि प्रगति मजबूत बुनियादी ढांचे पर निर्भर करती है। सिंचाई नहरों, भंडारण सुविधाओं और ग्रामीण सड़कों जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाया जा सकता है। ग्रामीण विद्युतीकरण में निवेश और सूचना प्रौद्योगिकी तक बेहतर पहुंच किसानों को मौसम के पैटर्न, बाजार के रुझान और सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में ज्ञान से लैस कर सकती है। खाद्य प्रसंस्करण और पैकेजिंग के बुनियादी ढांचे में निवेश बर्बादी को कम करने, उत्पादों को टिकाऊ बनाने और किसानों के लिए उच्च रिटर्न उत्पन्न करने में मदद कर सकता है। बजट में कृषि शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों में निवेश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कृषि उद्यमिता और एग्रीटेक स्टार्टअप को बढ़ावा देना नवाचार को बढ़ावा दे सकता है और ग्रामीण युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है। उन्नत बीजों, सूखा प्रतिरोधी फसलों और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के लिए अनुसंधान में निवेश बढ़ाने से कृषि उत्पादकता और आय को बढ़ावा मिल सकता है। महिलाएं भारतीय कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करते हुए उन्हें सशक्त बनाने के लिए बजट में महिला-विशिष्ट कार्यक्रमों और पहल को बढ़ावा देना चाहिए।

कुछ अलग

# मध्य भारत का फेफड़ा बचाना होगा

**मध्य** भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के तीन जिले कोरबा सूरजपुर सरगुजा में एक जंगल है उसका नाम है हंसदेव अरण्य। इस भरपूर जैव विविधता के बीच में गोंड जैसे आदिवासी समुदाय का पुश्तैनी निवास स्थान है। इस वन भूमि को कोयला निकालने के लिए खदान कंपनियों को आवंटित कर दिया गया है। वर्तमान में यहां परसा ईस्ट एवं केते कोल बासेन खदान के लिए 116 हेक्टेयर वन क्षेत्र में फैले लगभग २ लाख से अधिक पेड़ों पर संकट मंडरा रहा है जिसका विरोध यहां के आदिवासी लोग कर रहे हैं। बताया जाता है कि अब तक 107 हेक्टेयर जंगल काटे जा चुके हैं। लगभग एक दशक से हंसदेव के जंगल को कोयले के खदान के लिए नष्ट किया जा रहा है। इसके लिए रात–दिन बड़ी–बड़ी भीमकाय मशीनें जंगल की जड़ों को उधेड़ने का काम कर रही है। यहां पर 10 हजार से अधिक आदिवासी समाज के लोग निवास करते हैं। जिन्हें अपनी जमीन और जंगल से बेदखल होना पड़ेगा। भूगोल के जानकार मानते हैं कि यह जंगल मध्य भारत का फेफड़ा है। जहां से शुद्ध हवा पानी मिट्टी का सतत प्रवाह है और आदिवासी लोगों की आजीविका इसी से चल रही है। हंसदेव (कोरबा) का जंगल झारखंड और उड़ीसा की सीमा से भी लगा हुआ है। माइनिंग के लिए जंगल की नीलामी के बाद से यहां बड़ी संख्या में पेड़ों का कटान चल रहा है। आदिवासी छात्र संगठन ने भी सरकार से कटान रोकने की मांग की है। देश के कोने–कोने के पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता हंसदेव जंगल को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से गुहार लगा रहे हैं। हंसदेव जंगल की कटाई के लिए जिस तरह से रास्ता खोला गया है उसी तरह से पहले भी बक्स्वाहा दिवांग घाटी उत्तराखंड में लाखों पेड़ों की प्रजातियां काटी जा चुकी है। अंधाधुंध जंगल काटने के ये ऐसे उदाहरण है जिसके आधार पर कह सकते हैं कि जिस तरह से ग्लोबल में पर्यावरण को स्वस्थ रखने के लिए हम अपनी भूमिका को रेखांकित करते हैं उसकी सच्चाई स्थानीय स्तर पर कुछ और ही देखने को मिलती है। वन विनाश की ऐसी स्थिति में अवश्य ही हम आने वाली पीढ़ियों के लिए बैंक बैलेंस तो छोड़ सकते हैं लेकिन हवा पानी की बर्बादी करके कोई भी मनुष्य बैंक से पैसे निकाल कर असुरक्षित पर्यावरण में जीवन नहीं जी सकता है लेकिन आदिवासी लोग अपने जंगल की उपयोगिता को अच्छी तरह से समझते हैं जिसका उदाहरण है कि वे इस कंपकंपाती ठंड में भी अपने बच्चों और महिलाओं के साथ दिन–रात रैली प्रदर्शन जुलूस निकालकर हंसदेव जंगल को बचाने की मांग कर रहे हैं। ॥ चिंताजनक है कि कोई भी राजनीतिक दल कंधा–से–कंधा मिलाकर प्रत्यक्ष रूप से उनका साथ नहीं दे रहे हैं। स्थानीय नेता यदा–कदा अपने वोट बैंक के लिए क्षण भर के लिए जरूर साथ हो जाते हैं लेकिन पूरी तरह से जंगल बचाने के इस आदिवासी प्रयास के साथ जनप्रतिनिधियों की हिस्सेदारी संतोषजनक नहीं दिखाई दे रही है। वैसे भी पर्वतीय इलाके हो या आदिवासी क्षेत्र में जहां लोग थोड़ा भी पढ़–लिखकर नौकरी के लिए बाहर चले गए हैं वहां भी पलायन कर गए लोग अपने यहां के जंगल बचाने में कोई सहयोग नहीं कर पाते हैं। यह जगजाहिर है कि जहां पर भी प्राकृतिक संसाधनों की कीमत पर विकास परियोजनाएं और खनन की शुरुûआत होती है; वहां सबसे पहले संबंधित क्षेत्र के नवयुवक नौकरी के लिए कंपनियों के मालिक से मिलने लगते हैं। उनके सामने चाहे उनके जंगल कट रहे हों या उनकी खेती–बाड़ी नष्ट हो रही हो; उसका वे जरा भी विरोध नहीं कर पाते हैं। किसी भी परियोजना प्रभावित क्षेत्र में इस अल्प समय के रोजगार में शामिल होने वाले नौजवानों की संख्या हजारों तक भी पहुंच जाती है और वे पैसे के लालच में अपने प्राकृतिक संसाधनों की पूरी कीमत खो बैठते हैं। और स्थानीय विरोध के चलते भी लोगों की स्थाई जीवनशैली को बहुत बड़ा भारी नुकसान पहुंचता है।

देश दुनीया से

# फलस्तीन का अतीत और वर्तमान, इस क्रूरतम संघर्ष के लिए अमेरिका, इंग्लैंड के साथ जर्मनी जिम्मेदार

> फलस्तीनियों के प्रति रवैया अच्छा नहीं था, जो उसके आने के बहुत पहले से यहां रह रहे थे। वह इवलिन से कह रहे थे, 'अगर अंग्रेज चले गए, और हमारा उदार शासन शुरू हुआ, तो हमारे कुछ विचार उन्हें बदल देंगे। निश्चित रूप से इस विशाल रेगिस्तान में हमारे आसपास उन्हें कोई अच्छी जगह मिल जाएगी।...हम उन्हें उनकी जमीन के पैसे देंगे। हम उनके साथ धोखा नहीं करेंगे ... हम भविष्य में विश्वास करते हैं।' इसे पढ़ते हुए मुझे यहूदी विचारक मार्टिन बुबेर की याद आई, जिन्होंने वर्ष 1938 में महात्मा गांधी को लिखी अपनी चिट्ठी में लगभग इसी से मिलती-जुलती बातें कही थीं।

**बंगलूरू** में सेकेंड हैंड किताबों की दुकानों से गुजरते हुए मेरी नजर व्हेन आई लिव्ड इन मॉडर्न टाइम्स नाम के एक उपन्यास पर पड़ी। इसकी लेखिका लिंडा ग्रांट थीं, जिनका नाम मैंने पहले नहीं सुना था। लेकिन इसके शीर्षक ने मुझे आकर्षित किया, जिससे यह पता चलता था कि फलस्तीन की पृष्ठभूमि में यह उपन्यास इस्राइल के गठन से कुछ समय पहले ही लिखा गया था, जब उस क्षेत्र पर ब्रिटिशों का नियंत्रण था। यह तथ्य मेरे लिए इस उपन्यास को खरीदने के लिए काफी था। चूंकि फलस्तीन में जारी संघर्ष अभी सुर्खियों में है, लिहाजा मुझे लगा कि इससे मिलती-जुलती पृष्ठभूमि का काल्पनिक चित्रांकन राह दिखाने वाला हो सकता है। मैं निराश नहीं हुआ। इस उपन्यास की केंद्रीय पात्र बीस साल की एक यहूदी युवती इवलिन सर्ट है, जो ब्रिटेन में पली-बढ़ी, लेकिन दूसरे विश्वयुद्ध के तुरंत बाद वह यह देखने के लिए फलस्तीन चली गई कि वहां बनने जा रहे नए यहूदी राष्ट्र के लिए वह क्या कर सकती है। वह रास्ते में एक किबुत्ज में ठहरती है, जिसका मालिक समाजवादी विचारों वाला एक रूसी यहूदी है



और जिसका आसपास के क्षेत्रों में बड़ा भारी प्रभाव है। किबुत्ज के इस कट्टरवादी नेता का उन स्थानीय फलस्तीनियों के प्रति रवैया अच्छा नहीं था, जो उसके आने के बहुत पहले से यहां रह रहे थे। वह इवलिन से कह रहे थे, 'अगर अंग्रेज चले गए, और हमारा उदार शासन शुरू हुआ, तो हमारे कुछ विचार उन्हें बदल देंगे। निश्चित रूप से इस विशाल रेगिस्तान में हमारे आसपास उन्हें कोई अच्छी जगह मिल जाएगी।...हम उन्हें उनकी जमीन के पैसे देंगे। हम उनके साथ धोखा नहीं करेंगे ... हम भविष्य में विश्वास करते हैं।' इसे पढ़ते हुए मुझे यहूदी विचारक मार्टिन बुबेर की याद आई, जिन्होंने वर्ष 1938 में महात्मा गांधी को लिखी अपनी चिट्ठी में लगभग इसी से मिलती-जुलती बातें कही थीं। हालांकि कट्टर यहूदियों के विपरीत बुबेर अरबों और यहुदियों में मेल-जोल में यकीन रखते थे, लेकिन उनका भी मानना था कि यहूदी अरबों को शिक्षित करने का काम करेंगे। खेती करने के अरबों के प्राचीन तरीकों को देखते हुए बुबेर का दावा था कि अरबों को और उनके तौर-तरीकों को बदलने के लिए यहूदी जरूरी हैं। जैसा कि उनका कहना था, यहां की मिट्टी से पूछें कि 1,300 साल तक उसके लिए अरबों ने क्या किया, और हमने मात्र पचास साल में क्या कर डाला! मार्टिन बुबेर फलस्तीन के अरबों को कमतर नस्ल के रूप में देखते थे। गांधी जी को लिखी चिट्ठी में उन्होंने कहा था, 'यहां की मिट्टी हमें पहचानती है।...यहूदी किसानों ने अपने फलस्तीनी किसानों को सिखाना शुरू किया है कि खेती कैसे करते हैं। हम आगे भी इन फलस्तीनियों को सिखाने की इच्छा रखते हैं।' इवलिन किब्तुज के ग्रामीण जीवन से ऊबकर आधुनिक शहर तेल अबीव में पहुंचती है। वहां यहूदियों की आबादी में वह एक अपार्टमेंट किराये पर लेती है और एक अत्याधुनिक महिला श्रीमती लिंज से दोस्ती गांठती है, जो बर्लिन की है। शहर में एक अतिवादी युवा यहूदी से उसकी निकटता बढ़ती है, जो एक सशस्त्र अतिवादी समूह इर्गुन का सदस्य है। इर्गुन के लोग किंग डेविड होटल पर बमबारी करते हैं, जिसमें ब्रिटिशों के साथ कुछ यहूदी भी मारे जाते हैं। उपन्यास के अंत में 70 साल की इवलिन द्वारा अपने जीवन का सिंहावलोकन होता है। फलस्तीन में एक साल बिताने के बाद इवलिन ब्रिटेन चली जाती है, जहां वह एक यहूदी संगीतकार से शादी करती है। दशकों बाद पति की मृत्यु के बाद वह तेल अबीव लौटती है, जहां वह जीवन के बाकी वक्त बिताने का फैसला करती है। उसकी पुरानी पड़ोसन श्रीमती लिंज जब वह फलस्तीनियों पर इस्राइल व उसकी सेना के वर्चस्ववादी रवैये के बारे में बताती हैं, तो इवलिन को बहुत बुरा लगता है कि आखिर एक यहूदी ऐसा कैसे कर सकता है। 1990 के दशक में जब यह उपन्यास लिखा गया, तब ओस्लो समझौते की विफलता स्पष्ट हो चुकी थी और इसने लिंडा ग्रांट को 1940 के दशक में संघर्ष की उत्पत्ति का एक काल्पनिक वर्णन करने के लिए प्रेरित किया। लेकिन आज जबकि इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष अपने क्रूरतम मोड़ पर पहुंच चुका है, यह उपन्यास पढ़ना काफी मार्मिक और गंभीर अनुभव था। उपन्यास यहूदियों की अद्वितीय पीड़ा, यूरोप में बड़े पैमाने पर यहूदी-विरोधी भावना, हिटलर द्वारा अंजाम दिए गए नरसंहार और इस्राइल के निर्माण के बाद भी पश्चिम एशिया के देशों में यहूदियों के उत्पीड़न की याद दिलाता है।

आप का नजरीया

# आस्था को बनाया जा रहा है वर्चस्व का हथियार

**अयोध्या** में श्रीराम के बाल विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से देश-दुनिया में बयानबाजी के माध्यम से अशान्ति पैलाने का काम शुरू हो गया है। भड़काऊ वत्तव्य, पुराने वीडियो और नयी मनगढन्त संभावनाओं का बाजार गर्म है। कट्टरता के बीज बोने वाले सव्रिय हो गये हैं। अनेक संगठनों के देशीविदेशी संस्थान जहर उगलने लगे हैं। व्रिया पर प्रतिव्रियायें भी सामने आ रहीं हैं। आस्था को वर्चस्व का हथियार बनाया जाने लगा है। श्रध्दा को दिखावे, भत्ति को भौंकाल और आत्मिक शान्ति को प्रदर्शन की वस्तु बना दी गईं है। निजिता के आयामों को बाजार की सड़कों पर दुकानों की तरह सजाया जाने लगा है। स्वयं की संतुष्टि के लिए किये जाने वाले परा-विज्ञान के प्रयोग अब चौराहों पर आकार लेने लगे हैं। श्रीराम आस्था के मुद्दे को विवादित बनाने वाले वुछ राजनैतिक दल स्वयं को लोकतंत्र का सबसे बड़ा पोषक बनाकर प्रस्तुत करते आये हैं जबकि ऐसे दल की केन्द्रीय सरकार ने अपने कार्यंकाल के दौरान ही धर्म के संबंध में कानूनी दांव खेलाकर सत्ता पर काबिज रहने की अपनी मंशा को जाहिर कर दिया था। देश के आन्तरिक मामलों में दूसरे देशों का वूदना, मानवता की आड़ लेकर हो-हल्ला मचाना तथा मनगढन्त आंकड़ों को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करना निरंतर जारी है। स्वयं गुड खाने वाले वाले दूसरों को गुड़ न खाने की सीख देने पर आमादा हैं। देश से पदम्म पुरस्कार पाने वाले भी ज्ञानवापी पर मंदिर की स्वीकारोत्ति देते हुए हालातों पर प्रश्न चिन्ह अंकित कर रहे हैं। आखिर कब तक ऐसा चलता रहेगा, जैसे सवाल करने वाले शायद यह कहना चाहते हैं कि जहरीली चालों की दम पर गुलाम बनाने वाले जुल्म करते रहे हैं, करते रहेंगे और शान्ति को अंगीकार करने वाले जुल्म सहते रहे हैं, सहते रहेंगे। यदि गुलामी के निजात पान गलत था तो फिर देश को आजाद कराना ही नहीं चाहिए था। दासता की बेड़ियों को ही मुकद्दर मान लेना चाहिए था। मानवीय प्रवृति के वशीभूत होकर ही विरासत वापिस लेने की मानसिकता पनपती है। परतंत्रता के निशान भी जुल्म के नासूरों को निरंतर बहा रहे हैं। कहीं सुलतान रहने का अहंकार जागता है तो कहीं गुलाम रहने की पीड़ा कसकती है। सांस्वृतिक विरासत और आस्था के आदर्श अलग-अलग होते हैं किन्तु वर्तमान में देश की प्राचीन संस्वृति को धर्म से जोड़कर परोसा जाने लगा है। स्वाधीनता संग्राम के दौरान ही राजनीति के नाम पर वुटिल नीतियां, चालाकियां और चालबाजियां चरम सीमा की ओर बढ चलीं थीं। वास्तविक राष्ट्र-भत्तों को फांसी के पंदों तक पहुंचने वालों ने ही गोरों की कठपुतली बनकर मां भारती की पीठ में खंजर भौंकने का काम किया था। प्राचीन संस्कति के अनुसार व्यत्तिगत रूप से मानसिक संतुष्टि के लिए किये जाने वाले उपाय हमेशा से ही एकान्त में ही होते रहे हैं। उन्हें चिल्लाकर करने की मनाही थी। देवालयों में भी छोटी सी घंटी के सहारे आरती का गायन किया जाता था। घरों के आंगन में ही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह आदि आयोजित होते थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने बालूभांग मे अभियान चलाकर पोस्ता के खेती को नष्ट किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियात :** थाना क्षेत्र अंतर्गत बालुभांग पंचायत के जंगली क्षेत्र मे बारियातु पुलिस ने अभियान चला कर सतरह एकड़ में लगे अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि ? लातेहार? एस पी अंजनी अंजन के द्वारा थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत के विभिन्न जंगली क्षेत्र के नदी किनारे अफीम माफीयाओं के द्वारा पोस्ता की खेती की गुप्त सूचना मिली, गुप्त सूचना के आधार पर अभीयान चला कर लगभग सतरह एकड़ भुमि पर लगा अवैध पोस्ता की खेती को ट्रेक्टर के माध्यम से नष्ट किया गया .साथ ही साथ खेती किसके द्वारा लगाया गया है इसकी जाँच कर खेती करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है,चिन्हित करने के पश्चात नियम संगत कड़ी से कड़ी कारवाई की जाएगी. साथ ही पोस्ता की खेती से होने वाले नुकसान के बारे मे जागरूक करने के बावजुद लोग पोस्ता की खेती करने से बाज नही आ रहें हैं. वैसे खेती करने व खेती मे साथ देने वालो के विरुद्ध कार्वाई की जाएगी. अभीयान में थाना के पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो, सहायक पुलिस अवर निरिक्षक धर्मेश कुमार लिम्बु सहित कई जवान मौजूद थे।

# पूरी पारदर्शिता एवं कदाचार मुक्त होगी परीक्षाएं : डीसी अबु इमरान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** आगामी 6 फरवरी 2024 से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन के मद्देनजर आज उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई कि इस वर्ष चतरा जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 45 परीक्षा केंद्रों पर 16485 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 28 केंद्रों पर 11427 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को अपने अपने केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों के लिए जारी दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को सभी केंद्र अधीक्षकों को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक के दौरान शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र के द्वारा परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में केंद्र अधीक्षकों की कई दुविधाओं को दूर किया गया वहीं शिक्षा पदाधिकारी ने परीक्षा के आयोजन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी केंद्र अधीक्षकों को दिए। बैठक के दौरान केंद्र अधीक्षकों, शिक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## मगध संघमित्रा क्षेत्र के द्वारा हथकरघा बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत किया गया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** मगध-संघमित्रा क्षेत्र, सीसीएल के सीएसआर के तहत मगध परियोजना के अन्तर्गत आरा में स्तिथ पीट कार्यालय में हथकरघा बुनाई और एप्लिक प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुरू किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक(कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्रा ने ऑनलाइन किया। इस अवसर पर हर्ष नाथ मिश्रा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए मगध परियोजना के प्रबंधन को बधाई देते हुए समारोहपूर्वक सभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि, हथकरघा मशीन का उपयोग सूती साड़ी और कपड़े बनाने के लिए किया जाता है, और महिलाएं मुख्य रूप से हथकरघा बुनाई में शामिल होती हैं। इस शिल्प को बढ़ावा देने से सीधे महिलाओं को रोजगार का लाभ मिलेगा। इस प्रशिक्षण में महिलाओं को तौलिया, बेडशीट, साड़ी आदि बनाने के लिए सूती धागा बुनने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा। उद्घाटन समारोह में उपस्थित मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ ने सभी के साथ संक्षिप्त बातचीत करते हुए सभी का स्वागत किया, और उनकी सफल भागीदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए, उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं से गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और सरकारी कार्यक्रमों का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम के तहत मगध संघमित्रा ने झारक्राफ्ट को प्रशिक्षण के साथ एम.ओ. यु. किया है। झारक्राफ्ट की तरफ से डी.जी.एम. अश्विनी सहाय एवं उनकी टीम ने हथकरघा एवम् एप्लिक मशीन से प्रशिक्षण के चरणो को दर्शाया और बताया कि 25 लाख की लागत से शुरू हुआ ये प्रोजेक्ट मे हथकरघा प्रशिक्षण 14 लाख एवं एप्लिक 11 लाख का है। आज के उद्घाटन समारोह के बाद हथकरघा बुनाई और एप्लिक प्रशिक्षण के लिए ग्राम आरा, चमातु, ओझा टोला, देवलगद्दा एवं मासिलोंग से कुल 50 महिलाओ का चयन हुआ जिसमे 20 महिलाएं हथकरघा बुनाई एवं 30 महिलाएं एप्लिक प्रशिक्षण के लिए चयनित हुई। सभी चयनित महिलाएं मगध परियोजना अंतर्गत ग्राम आरा में स्तिथ पीट कार्यालय में कल से तीन महीने का प्रशिक्षण करेंगी।

# आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आजसू ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुन्दा :** आजसू ने कार्यकर्ता समागम की कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कड़ी मेहनत शुरू कर दी है।इसी को लेकर पार्टी ने प्रखण्ड के संतोष कुमार यादव के आवास पर गुरुवार को बैठक आयोजित की।वही बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी अशोक गहलौत,केंद्रीय सदस्य संतोष यादव, जिला सचिव रंजीत सौंडीक,विनोद यादव,मनोहर यादव उपस्थित थे।जिसमें 11 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। 11 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम को आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो कार्यकर्ताओं एवं आमजन को संबोधित करेंगे। वही केंद्रीय महासचिव ने प्रखंड उपप्रमुख सत्येंद्र कुमार गुप्ता को आजसू की सदस्यता दिलाई। केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत ने नई प्रखंड कमिटी की घोषणा कर दी है।प्रखण्ड अध्यक्ष अजित यादव,उपाध्यक्ष मिथलेश महतो, सचिव अजित मिश्रा,महासचिव सुमन दास को चूना गया।जबकी ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विनोद महतो,सचिव दीपक गुप्ता,किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष उपप्रमुख सत्येंद्र गुप्ता को बनाया गया।वही केंद्रीय महासचिव ने कार्यकर्तायों को हजारों हजार की संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जोर दिया।वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं को टिप्स दिया।वही लोगों ने एक स्वर में कहा की विधानसभा प्रभारी अशोक गहलोत की हाथों को मजबूत करेंगे।वही कुन्दा पंचायत अध्यक्ष मुनारिक यादव,सिकीदाग सुधीर यादव,नवादा पिंटू यादव को बनाया गया है।मौके पर नीतीश रंजन,सीकेन्द्र कुमार,अखिलेश महतो,राजमुख यादव,राजेन्द्र गंझू समेत कई लोग मौजूद थे।

## जंगली हाथी के द्वारा क्षतिग्रस्त महिला के घर पहुंचे सांसद प्रतिनिधि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अंतर्गत हेसातु गांव में पिछले एक दिन पुर्व हाथियों ने काफी उत्पात मचाया था। हाथियों ने हेसातू निवासी गरीब महिला मंजू देवी के घर में काफी क्षति पहुंचाया। उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है, संज्ञान में आते ही टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर 50 किलो चावल, आटा,कपड़ा, कंबल व अन्य सामग्री देकर सहयोग किया। यह सहयोग पाकर पीड़ित परिवार ने आभार व्यक्त किया। इन दिनों क्षेत्र में हाथियों द्वारा काफी उत्पात मचाया जा रहा है, रात्रि में लोग भयाक्रांत वातावरण में रह रहे हैं। जिस बाबत को लेकर सांसद प्रतिनिधि के द्वारा वन क्षेत्र पदाधिकरी से बात कर इसके लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। मौके पर विशेष रूप से भाजपा के वरिष्ट नेता प्रमोद कुमार सिंह, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह, शिक्षक बिंदेश्वर महतो, राम प्रताप सिंह, दीपक कुमार सिंह, हीरा सिंह, कौलेश्वर सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# रुपये के हेर फेर में मनरेगा से कुआं का कार्य बंद को किया गया चालू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के कसारी पंचायत के चुन्नीडीह में दिनदहाड़े जेसीवी के सहारे मनरेगा योजना का कुआं काटा जा रहा था। यह मनरेगा योजना सिमरिया प्रखण्ड के कसारी पंचायत के चुन्नीडीह गांव के मो रियाज मियां का था। मो रियाज मियां का सरकारी मनरेगा योजना के तहत कुआं काटने का स्वीकृति एवं इकरार नामा रोजगारसेवक के नाम से किया जा चुका है। जहां मो रियाज द्वारा रोजगार सेवक सत्या कुजूर तथा जबड़ा निवासी दशरथ साहू के जेसीवी सहारे मिली भगत से धड़ल्ले से कुआं काट कर गरीब मनरेगा जॉब कार्डधारियों के हक अधिकार पर हथौड़ा चलाया जा रहा था। जिसे लेकर प्रमुखता से सभी अखबारों में एक माह पूर्व खबर प्रकाशित की गई थी। जिसे लेकर बीपीओ और पंचायत सेवक ने उक्त रियाज मियां का रेकड बंद कर दिया गया था। मामला शांत होते हीं रुपये की हेराफेरी कर पुनः कार्य को चालू करवा दी गयी है जो कार्य जारी है। वैसे में

## जेएसएलपीएस की महिलाओं ने किया पहली बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत स्थित सलगा कटघरा आजीविका महिला ग्राम संगठन की महीने का प्रथम इसी बैठक बृहस्पतिवार को किया। जिसकी अध्यक्षता महिला मंडल के अध्यक्ष तुना देवी ने किया। संचालन एफटीसी अनिल प्रजापति ने किया। बैठक में महीने भर की कार्य की समीक्षा की गई। और सभी समूहों से मासिक प्रतिवेदन जमा करवाया गया। उपस्थित सदस्यों के बीच एफटीसी के द्वारा लाखपति किसान के बारे में उपस्थित सभी सदस्यों को बतलाएं। जहां बतलाया गया। कि समूह से जुड़कर महिलाएं किस-किस कार्य में लगे हुए हैं। और अपने आजीवीका पालन करने को लेकर क्या एजेंडा अपना आए हैं। बतलाया गया।तब बतलाएं कि समूह से लोन लेकर बकरी पालन करना, शुकर पालन करना,मुर्गी पालन करना, गाय पालन करना दुकान चलाना व अन्य कई प्रकार की एजेंडा के बारे में बतलाए। जिससे किस महिला लाखपति किसान बन सके। मौके पर सीसी दिलीप कुमार अरुण कुमार बीआरपी विजय रजक सक्रिय महिला प्रतिमा देवी सदस्य गायत्री देवी सरिता देवी नीतू देवी उषा देवी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## टीबी मरीजों की जांच व मरीजों के इलाज के लिए दिए गए कई आवश्यक दिशा निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में टीबी कमिटि की बैठक आयोजित की गई।बैठक में चतरा जिला अंतर्गत कोल एवं खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मियों एवं मजदूरों का बलगम जांच टीबी जांच खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कराने का निर्देश दिया गया। टीबी मरीजों का पोषण एवं दवा की सम्पूर्ण व्यवस्था करने एवं टीबी मरीज अपना पुरे इलाज अवधि की कोर्ष को पूर्ण करें इसके लिए संबंधित पदाधिकारी मरीजों को मॉनिटरिंग करते रहें। साथ ही टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना का शत प्रतिशत लाभ दिया जाय। इस पर संबंधित पदाधिकारी ने जानकारी दिया कि मरीजों को पांच सौ रुपए प्रति माह पूरे इलाज अवधि तक मरीज के खाते में दिया जाता है। सभी इलाजरत मरीजों को पोषण टोकरी का लाभ देने का निर्देश दिया गया। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने हेतु स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को टीबी के प्रति व्यापक प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाय। सभी टीबी मरीजों का एच.वाई.वी. का जांच एवं डाइबिटिज की जांच अनिवार्य रूप से कराएं।बैठक में यक्षमा रोगी के प्रतिनिधि के द्वारा जानकारी दिया गया कि जिले में लघु उद्योग यथा बीड़ी मजदूर, मोमबती बनाने वाले या अन्य कार्य से जुड़े मजदूरों का टीबी जांच कराना है। बैठक में सिविल सर्जन डा. जगदीश प्रसाद, जिला यक्षमा पदाधिकारी डा. कुमार उत्तम, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डा. मनीष कुमार, जिला नोडल पदाधिकारी सह महामारी विशेषज्ञ डा. आशुतोष, जिला कार्यक्रम समन्वयक टीबी विक्रांत कुमार, टीबी,एच.आई.वी पर्यवेक्षक मनोज कुमार, यक्षमा रोगी प्रतिनिधि ओम प्रकाश वर्मा, पत्रकार प्रतिनिधि अभिमन्यु कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# देश के सर्वांगीण विकास वाला है बजट : राजीव रंजन पाण्डेय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024 के अंतरिम बजट पेश किया। सीतारमण के द्वारा बजट पेश करने के साथ ही उन्होंने एक एतिहास भी रच दिया।इससे पहले लगातार छह बार बजट पेश करने वाले मात्र स्वी0 मोरारजी देसाई ही थे, जिन्होंने लगातार छह बार बजट पेश किया था। **देश के निर्माण का बजट है : पंकज सिंह** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने संसद में वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा किया गया अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत के महिला युवा, गरीब और अन्नदाता (किसान) पर आधारित है।यह बजट देश के निर्माण का बजट है। बस बजट में 2047 के भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी दिखती है। मैं पीएम मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं। साथ ही सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 2 करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य रखा है।पहले हमारी सरकार ने 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था, जिसे अब बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है। यह बजट संपूर्ण रूप से गरीब, युवा, महिला और किसानों के उत्थान का बजट है। **लाइफ साइंस झारखंड केन्द्र विश्वविद्यालय के छात्रा रायेना खान** रायेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों अपनी मन की बात में कहा कि किसानों को समृध बनाने के लिए हमारी सरकार लगातार से प्रयासरत हैं, उन्होंने किसानों से अपील की थी किसान भाई मोटे अनाज का ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करें, जिससे किसानसमृद्ध और संपन्न होंगे साथ ही वह और हमारा देश स्वस्थ रहेगा। **बजट में दिखा, तेजी से हो रहा देश का विकास : राजीव रंजन पाण्डेय** भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पाण्डेय ने आज अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट सबके लिए अवसर, सबके अरमानों को पंख, पूर्वी भारत का तेजी से विकास, तकनीक पर भरोसा और उसका पूरा उपयोग, जनसाधारण के जीवन में और सुधार, रोजगार के अवसर, अनुसंधान, भविष्य में राज्य में निवेश में तेजी आएगी। साथ ही यह बजट दिखाता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में 11 फीसदी से अधिक निवेश, रेलवे, हवाई, गतिशक्ति द्वारा भी रोजगारों का सृजन, निजी क्षेत्र में बढ़ता पूंजीगत निवेश, वैश्विक निवेश के लिए उपयुक्त वातावरण, नीतियां, संरचना, बजट घाटे को नियंत्रण में है। इससे यह साफ झलकता है कि देश पीएम मोदी के नेतृत्व में तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले चुनाव में पीएम मोदी की हैट्रिक लगना तय है।साथ ही उन्होंने आगे कहा कि टैक्स का बढ़ता आधार, बढ़ती रकम, टैक्सपेयर की प्रशंसा, बजट की यह चंद बातें उल्लेखनीय हैं। वित मंत्री ने यह दर्शाया है कि सरकार का गरीबों को एम्पॉवर्ड करने पर जो है। कुल मिलाकर, बजट के आंकड़े बताते हैं कि भारत सरकार द्वारा जो योजनाएं चालू की गई है उनके अच्छे परिणाम आये हैं। ये योजनाएं चालू रहेंगी। **बजट मुख्य रूप से गरीब, युवा,अन्नदाता व महिलाओं के लिए केंद्रित : उत्तम** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार ने अंतरिम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी व सर्वहितेशी है। बजट में सभी वर्गो का बराबर ध्यान रखा गया है। वर्तमान बजट में हवा हवाई की बातें नहीं की गई है।सरकार में 1.4 करोड़ युवाओं को स्किल इंडिया मिशन का लाभ मिला है। युवाओं के लिए 7 ढ्ढढ्ढञ्जह्य, 16 IIITs, vz AIIMS और 7 IIMs खोले गए हैं। पर्यटन के दृष्टिकोण से सरकार लक्षद्वीप व अंडमान को विकसित करने हेतु कई कदम उठा रही है इसके अतिरिक्त किसान सशक्त बने डेयरी उत्पादन में और अच्छा कार्य हो इस हेतु भी बजट में ध्यान रखा गया है, मुख्यतः यह बजट गरीब, युवा , महिलाओं एवं अन्नदाताओं को केन्द्रित कर बनाया गया है । **राजद उपाध्यक्ष रंजीत यादव** रंजीत ने कहा कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा कर एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है। यह भाजपा का %विदाई बजट% है। सिर्फ उद्योगपतियों के लिए हुआ है। निजीकरण कर 14 लाख करोड़ कर्ज पूंजीपतियों का माफ हुआ।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत दो अलग-अलग तरह दुर्घटना में एक की मौत तीन लोग गंभीर रूप से घायल । पहली दुर्घटना अक्सी के पास बाइक एवम बोलेरो में हुई ।धक्का मार कर बोलरो वाहन फरार है ।वही दूसरी घटना महुआडांड़ डाल्टेनगंज रोड चर्च के पास ऑटो वहां को ट्रैक्टर ने मारा टक्कर दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर हुआ फरार। वही सभी को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया बेहतर इलाज । वहीं दूसरी घटना में राज डंडा निवासी बालमुकुंद उम्र 30 वर्ष कि मौके में मौत हो गई । सभी परिवार रो रो कर बुरा हाल है ।

## प्रधानाध्यापक की सेवानिवृत्ति पर दी गई भावविनी विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मयूरहंड :** प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय मधानिया के प्रधानाध्यापक श्री अशोक कुमार रजक के सेवानिवृत्ति के बाद भावविनी विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राजद के महासचिव सह आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में राजद के संभावित उम्मीदवार सह जिले के प्रतापपुर प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री अरुण यादव,मयूरहंड बीस सूत्री अध्यक्ष श्री रामभरोस यादव,बड़े भाई अभिभावक स्वरूप सह पंदनी पंचायत के पूर्व मुखिया श्री लखन रजक रहे। इस कार्यक्रम में शिक्षक के रूप में इनकी उपस्थिति रही।श्री राम राय,चंद्रदीप मेहता वासुदेव दांगी,कामदेव रविदास,भुनेश्वर यादव, आदित्य दांगी,बालेश्वर भुईयां,राजदेव भुईयां, वही विद्यालय के शिक्षक डॉ विकास कुमार पांडे,सुनील कुमार दांगी,जयशंकर प्रसाद वर्मा,शैलेश दांगी, अंजू कुमारी,सिकन्द्र मेहता,मनोज कुमार पांडे, विद्यालय ग्राम शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष नीरज प्रसाद महतो उर्फ मनोज दांगी, पंचायत के पूर्व उप मुखिया सह समाजसेवी नीलू दांगी,युवा समाजसेवी गोलू केशरी,वर्तमान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार चंद्रवंशी,विद्यालय के रसोईया मनोरमा कुमारी अनिता कुमारी बसंती देवी व अन्य,वहीं माता समिति की संयोजिका पिंकी देवी,व स्कूली बच्चे समेत अधिकाधिक संख्या में शिक्षक समुदाय उपस्थित हुए। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार रजक की विदाई कार्यक्रम में परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। विदाई कार्यक्रम में शिक्षक समुदाय और समाजसेवियों के द्वारा प्रधानाध्यापक सह शिक्षण के रूप में श्री अशोक कुमार रजक के द्वारा किए गए कार्यो की प्रशंसा की गई। इस खास मौके पर लोकसभा के भावी उम्मीदवार श्री अरुण यादव ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हैं उन्हें तो सेवानिवृत्ति मिलती है। शिक्षक आखरी सांस तक समाज की सेवा करता है। श्री अशोक कुमार रजक आज संविधान के बनाए नियमानुसार सेवानिवृत हो रहे हैं लेकिन शिक्षक आखरी सांस तक समाज के उत्थान के बारे में ही बात करता है। मुझे शिक्षक समुदाय पर गर्व है और इनके ऊपर, बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोष यादव ने कहा कि चतरा जिले के लावालौंग प्रखंड में पहली बार उनकी शिक्षक के रूप में पोस्टिंग हुई थी तब नक्सली का बोलबाला था दिन में अंधेरा होता था वैसे क्षेत्र में इन्होंने शिक्षा का दीप जलाने का काम किया है।

# बरही में बिजली मिस्त्री को करेंट लगने से हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग):** थाना अंतर्गत पटना रोड के नहर के पास बिजली पोल में कार्य कर रहे बरही के कोनरा पंचायत निवासी स्व मोहित भुईयां के 40 वर्षीय पुत्र मनोज भुईयां बिजली मिस्त्री को चपेट में ले लिया और उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि शुक्रवार देर संध्या करीब 8 बजे तिलैया रोड समीप नहर के पास बिजली मिस्त्री मनोज भुईयां बिजली बनाने के लिए पोल पर चढ़े ही थे कि अचानक बिजली की धारा उसे अपने चपेट में ले लिया और वे पोल से अचेत अवस्था में नीचे गिर कर घायल हो गए। वहां मौजूद बिजली मिस्त्री और उपस्थित लोगों ने उसे आनन फानन में बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की खबर मृतक परिजनों को मिलते ही बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और रोने चिल्लाने लगे। इस घटना को देख मृतक की पत्नी रंजू देवी की हालत खराब हो गई, जिसे इलाज उसी अस्पताल में की जा रही है। वहीं उनकी दोनों नाबालिक बच्चियां शिवानी और आभा और मृतक के बूढ़ी मां का रो रो कर बुरा हाल रहा। रोते हुए मृतक की बूढ़ी मां ने बताई की एक ही घर का कमाने वाला था। इधर देखते देखते भारी संख्या में लोग जमा हुए। अंततः बिजली विभाग के खिलाफ शव के साथ मृतक परिवार के साथ मौजूद लोगों ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल के सामने जीटी रोड को पूरी तरह जाम कर दिया। रात दो घंटे जाम के बाद जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के सहयोग से जाम को हटा लिया गया। गुरुवार सुबह 9:00 बजे पीड़ित परिवारों ने पुनः मृतक के शव को बरही अनुमंडलीय अस्पताल के सामने जीटी रोड पर रख कर उचित न्याय को लेकर पूरी तरह जाम कर दिया। जाम स्थल पर बरही पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह सहित पुलिस बल पहुंचे और स्थिति से अवगत हुए। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया छोटन ठाकुर, कोनरा मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, पंचायत समिति सदस्य मो युसूफ व मो सागीर सहित अन्य जनप्रतिनिधि ने मृतक परिवार को हक अधिकार दिलाने में सहयोग किया। जिसके माध्यम से जिला बिजली आपूर्ति विभाग को इस घटना की टेलीफोनिक जानकारी दी गई और वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया। जिसके बाद बिजली विभाग के एसी ने मृतक परिवार को मदद करने का आश्वासन दिया। कहा कि मृतक परिवार को मुआवजा 4 लाख मिलेगा। साथ ही उनकी पत्नी को मृतक के मानदेय के हिसाब से आजीवन पेंशन भी दी जाएगी। साथ ही आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्थानीय बिजली विभाग में काम भी दिया जाएगा। इस अश्वासन के बाद साढ़े तीन घंटे सड़क जाम को हटा लिया गया। वहीं बरही पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। बता दें कि मृतक मनोज भुईयां जितराज प्राइवेट लि. आउट सोर्सिंग कंपनी के अंदर 25वर्षो से बिजली मैनुअल मिस्त्री के रूप में कार्यरत थे।

## राम नारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही में एक दिवसीय सेमिनार सम्पन्न

**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राम नारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही में गुरुवार को कैरियर गाइडेंस इन द फील्ड आफ एकाउंट, टैक्सेशन एण्ड फाइनेंस विषय पर कामर्स एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रुप से एक दिवसीय सेमिनार सम्पन्न हुआ। सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. बिमल किशोर, आइसीए के चार्टेड एकाउंटेंट मिथिलेश कुमार, आइसीए सेन्टर मैनेजर खुशबू सिन्हा एवं आइसीए के मार्केटिंग मैनेजर चौधरी जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। हम सभी लोग सरकारी नौकरी की तलाश में नौकरी की उम्र खो देते हैं। जबकि पढाई के दौरान भी अपने जॉब की तलाश कर सकते हैं। यदि यही स्थिति रही तो हम काफी पीछे हो जाएंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, भी एक लोकप्रिय कौशल विकास योजना है। सेमिनार में लगभग दो सौ छात्रहीछात्राओं ने भाग लेते हुए अपने प्रश्नोत्तर सत्र में विभिन्न प्रश्नों के उत्तर जानते हुए यह भी जानने का प्रयास किया कि रोजगार सृजन भी कैसे किया जा सकता है। प्राचार्य ने अपने संम्बोधन में कहा कि आज के समय में कैरियर के क्षेत्र में सरकारी नौकरी से ज्यादा विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन उपलब्ध है। अभी की युवा पीढ़ी को इन क्षेत्रों में भी पढाई के दौरान ही अपने रोजगार की तलाश कर लेनी चाहिए। सेमिनार में इतिहास विभागाध्यक्ष डा. अरुणा रानी, हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. हिरामन साव, कामर्स विभाग के प्राध्यापक प्रो. महेश यादव, डा. अशोक कुमार, अर्थशास्त्र के प्राध्यापक डा. बद्री साव, डा. अंजलि कुसुम ओम, प्रो. बबीता कुमारी, प्रो. जागेश्वर यादव, ऊर्दू विभागाध्यक्ष नैय्यर इकबाल, मो. अब्बास समेत विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक गण उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुनील राणा को दीदीयों के द्वारा केक कटवा कर दिया गया विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** प्रखंड दारू के बीएमएमयू एवं जेएसएलपीएस दारू में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमे प्रखंड के सभी दीदी सहित कार्यकर्ता, कैडर दीदी, एडमिन, एकाउंटेंट, तीनो सीएलएफ के पदाधिकारी ने अश्रुपूर्ण केक कटवाकर कर विदाई दिए। इस संबंध में सभी को संबोधित करते श्री राणा ने कहा कि, साढ़े चार साल के कार्यकाल में दारू प्रखंड बहुत ही चुनौती पूर्ण रहा। लेकिन यहां की दीदी और सभी कार्यकर्ता के सहयोग से हमारे प्रखंड का नाम जिला स्तर और राज्य स्तर सहित दुसरे राज्यों पर लिया जाता है, मैं आशा करता हूं कि जिस तरह से हमारे कार्यकाल में दारू प्रखंड का नाम सबसे ऊपर है और हमेशा सबसे ऊपर रहेगा यह तभी संभव है जब सभी मिलकर जब सभी मिलकर एक जुटता से कार्य करेंगे हमारे परियोजनाओं को मीडिया का भी बहुत सहयोग मिला उनके माध्यम से परियोजनाओं को जमीनी स्तर पर दिखाने का कार्य किया गया, यहां के जनप्रतिनिधि का भी बहुत सहयोग रहा तभी जाकर हमारे परियोजनाओं को प्रथम स्थान पर ले जाने में कामयाब हुए सभी मीडिया बंधु और जनप्रतिनिधि को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं और आगे इसी तरह इनका सहयोग हमारे परियोजनाओं को सहयोग मिलता रहे। कार्यक्रम में कार्यक्रम में सीएलएफ से संतोषी देवी, बबिता सिन्हा, कलावती देवी, मधु देवी, दीपा देवी, शुशांत कुमार सामुदायिक समन्वयक विजय कुमार विनय कुमार धर्मवीर कुमार साव एडमिन शिवेश कुमार पांडे सुदेश कुमार गणेश कुमार सिकंदर कुमार अमृतेश कुमार, किरण देवी, राखी देवी, नीतू कुमारी, सहित अन्य दीदियां उपस्थित

## विधायक उमा शंकर अकेला के प्रयास से बरहीडीह में पीसीसी बनेगी रोड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधायक उमा शंकर अकेला के प्रयास से हजारीबाग रोड एनएच 33 सर्विस रोड से बरही पश्चिमी बरहीडीह के रमेश ठाकुर के घर तक लगभग 450 फीट पीसीसी ढलाई पथ निर्माण की सुकृति जिला योजना द्वारा की गई। जिसकी जानकारी विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू ने दिया। उन्होंने बताया कि जिला योजना द्वारा कार्य हेतु टेंडर की प्रक्रिया पुरी की जाएगी। इस सड़क कार्य से बरही पश्चिमी पंचायत के निवासियों को एवं प्लस टू उच्च विद्यालय एवं मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों को आवागमन में काफी सुविधा उपलब्ध होगा। विधायक के द्वारा इस सड़क निर्माण कार्य करवाने की खुशी जनता में है। इसके लिए बरही पश्चिमी निवासी एवं बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, स्वास्थ्य प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, विद्युत प्रतिनिधि राजू राणा, कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष बरही मनन वारसी, अशोक सिंह, कार्तिक पासवान, पंकज पासवान, उदय केशरी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल राजा सहित सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष ने विधायक को इस कार्य के लिए बधाई दिया है।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय में दो राजस्व कर्मचारी को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड अंचल कार्यालय में आज दो राजस्व कर्मचारी का विदाई समारोह सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बरही सीईओ रामनारायण खलको ने की। विदाई पाने वाले राजस्व कर्मचारी त्रिलोकी रविदास और अवधेश कुमार सिंह शामिल है। मौके पर सीओ रामनारायण खालको ने कहा कि दोनों राजस्व कर्मचारी का कार्यकाल काफी सराहनीय एवं निष्ठा पूर्ण रही, दोनों कर्मचारियों ने अपने-अपने हल्का में अच्छे कामों से पंचायत के लोगों का बेहतर तरीके से कार्य किया, इसके लिए दोनों राजस्व कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। मौके पर बरही प्रखंड के सीओ रामनारायण खलको, राजस्व उप निरीक्षक सतीश कुमार सिंहा,विनोद कुमार, लिपिक कृष्ण मोहन, कंप्यूटर ऑपरेटर जिबलाल प्रसाद, सागर कुमार, सहोदर पासवान, राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक, सहित बरही अंचल के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बी एम मेमोरियल स्कूल में कक्षा 10 के सभी विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर कक्षा 10 के सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से शुभकामनाओं के साथ-साथ गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर अपने बड़ों को विदाई दिया। मौके पर विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बाद आप सभी बच्चे अलग-अलग होकर पढ़ाई करेंगे हमारा विद्यालय परिवार की ओर से कामना है कि आप सभी बच्चे जहां भी जाएं अपने माता-पिता गुरुजनों और विद्यालय का नाम रोशन करें। वही कक्षा 10 से विदाई ले रहे सभी छात्र-छात्राओं ने एक स्वर में कहा कि बीएम मेमोरियल स्कूल और यहां के सभी शिक्षक हम लोगों को बहुत याद आएंगे यहां के शिक्षकों के द्वारा हम सभी छात्र-छात्राओं को बहुत ही अच्छे प्रकार से पढ़ाई कराया गया है जिसके लिए हम सभी बच्चे शिक्षकों को धन्यवाद देते हैं कि आप सबों ने हम लोगों को अच्छी शिक्षा दी। मौके पर मुख्य रूप से उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार, उपप्राचार्य पूनम कुमारी, विद्यालय के शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, आशीष कुमार, महेंद्र कुमार, विनोद नायक, एरिका टोप्पो, अमीन अंसारी, जेमा तिग्गा, सरिता बा, अंजली कुमारी, सुमित कुमार, मनीषा कुमारी, संदीप शर्मा, देवांति देवी, सोनू कुमार, दिलेश्वर दास, मुकेश दास, अफसाना प्रवीण, स्नेहा कुमारी, गंगा भारती, दुर्गा देवी, संजु देवी सहित सैंकड़ों छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## चेपकला में हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डाडी काला थाना क्षेत्र के चेपकला लुटवा गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया। हाथियों के झुंड ने बैजू महतो का ईट का पक्का दीवाल तोड़ दिया। अकल महतो का पुवाल का मचान और खेत में लगे अनाज को रौंद दिया। ग्रामीणों से पूछने पर बताया कि वन विभाग के तरफ से किसी भी प्रकार का कोई पहल अब तक नहीं किया गया है। वनपाल संटू कुमार से पूछे जाने पर बताया कि 21 साथियों का झुंड है जो बिछड़ कर अब तक दो भागों में बट चुका है। ग्रामीणों से अपील किया है कि जब तक हाथी का झुंड जंगल से हट नहीं जाता है तब तक आप लोग किसी भी काम से जंगल ना जाएं। हाथी के झुंड से छेड़छाड़ ना करें और किसी भी प्रकार की सूचना मिले तो तुरंत वन विभाग को सूचना पहुंचाने की कोशिश करें।

## समाजिक अंकेक्षण के लिए ज्यूरी सदस्यो का हुआ चयन

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णुगढ़ अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में आज सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत चयनित ज्यूरी सदस्यों एवं पंचायत समिति सदस्यों की उपस्थिति में जिला श्रोत व्यक्ति,हजारीबाग के द्वारा अंकेक्षण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयोजित बैठक में पंचायत स्तर पर ज्यूरी सदस्यों का चयन किया गया। ज्यूरी सदस्यो में प्रखंड कार्यालय के सुपरवाइजर तथा पंचायत स्तर पर पंचायत समिति सदस्यों को ज्यूरी सदस्य बनाया गया। इस कार्यक्रम के चयनित ज्यूरी सदस्यो को प्रशिक्षण भी दिया गया।सामाजिक अंकेक्षण(शोशल ऑडिट) का कार्यक्रम अभी प्रखण्ड के तेरह पंचायतों में पंचायत सचिवालय में किया जायेगा। बताया गया कि प्रखंड के मनरेगा में सामाजिक अंकेक्षण पिछले पांच दिनों से किया जा रहा अभी यह पंचायत स्तर ज्यूरी सदस्यो के द्वारा व इसके पश्चात इसका प्रखण्ड स्तर पर किया जाना है।

## कॉस्मिक पब्लिक स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार में संचालित कॉस्मिक पब्लिक स्कूल में दसवीं के छात्र-छात्राओं को संयुक्त रूप से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथङ्कसाथ नृत्य भी किया गया,कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए,मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा एक आदर्श विद्यार्थी के सभी अच्छे गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने अपने तरफ से दसवीं के सभी छात्रङ्कछात्राओं को जिनका बिदाई सह सम्मान समारोह था, उन्हें डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया, साथ ही साथ सभी छात्रङ्कछात्राओं की उज्वल भविष्य की कामना की गई। मंच संचालन स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद ने किया, मौके पर प्रधानाध्यापक राकेश कुमार राणा ने कहा कि मैं इस आशा के साथ आप सभी को अलविदा कहता हूं कि आप जो भी करेंगे उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। आप अपने अच्छे कार्यों से मुझे गौरवान्वित करेंगे। मौके पर स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश साव, अजय कुमार कुशवाहा,प्रधानाध्यापक राकेश कुमार राणा,पूर्व प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद, रामदेव यादव, सहित सभी छात्र-छात्राएं अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बिहार एनडीए एमएलसी का प्रवास के दौरान विष्णुगढ़ में किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** बिहार प्रदेश के एनडीए गठबंधन के जीवन कुमार भाजपा एमएलसी गया,रीना यादव जदयू एमएलसी नालन्दा,राजू यादव पूर्व एमएलसी जदयू नालंदा,भाजपा जिला प्रभारी बांका राजकुमार सिंह,अर्चना सिंह हाईकोर्ट अधिवक्ता पटना झारखंड प्रवास के दौरान अपने रिश्तेदार चेडरा पंसस मुन्नी देवी के यहाँ जाने के क्रम में विष्णुगढ़ रमुआ दुर्गा मंदिर प्रांगण में विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावे ग्रामीणों ने अगुवानी करते हुए पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर स्वागत किया।इस दौरान बातचीत में एमएलसी जीवन कुमार ने कहा आप सबो ने मेरा इतना मान सम्मान दिया जिसके लिए मैं आप सबो आभारी हूँ।भारत के किसी कोने में जाओ भाजपा परिवार के सदस्यों से मिलकर अपनापन महसूस होता है,जो मुझे यहाँ भी महसूस हुआ। आगे की बात करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत लगातार नाइ ऊचाइयों को छू रहा है। भारत की नेतृत्व शक्ति का लोहा आज पूरा विश्व मान रही है। इस मौके पर मुख्य रूप से पंसस मुन्नी देवी, गुरु प्रसाद साव,श्री प्रसाद, मिथलेश बर्मन, अनूप कुमार कसेरा, संदीप कुमार कसेरा, कारू प्रजापति (बड़ा)कारू प्रजापति (छोटा), देवानंद प्रसाद, संजय साव, राजकुमार साव, शेखर सुमन समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# अंतरिम बजट पर सामाजिक सरोकार के नाते विभिन्न नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का वक्तव्य आइए देखते है.

### अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया



विकास राणा
केन्द्रीय प्रवक्ता, आजसू पार्टी

**बजट से समाज के सभी वर्गों को राहत मिलेगी - विकास राणा**

केन्द्र सरकार के द्वारा पेश किया गया आम बजट स्वागत योग्य है इस बजट में समाज के सभी वर्गों को ख्याल में रखकर इस बजट को पेश किया गए है आजसू पार्टी इसका स्वागत करती है। किसी पर भी कोई बोझ नहीं पड़ेगा और ये बजट राहत देने वाला है।

### अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया



डॉ आरसी प्रसाद मेहता
प्रमंडलीय हेल्थ अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी उत्तरी छोटा नागपुर झारखंड

अंतिम बजट बेरोजगार मजदूर किसान महिला मध्यम वर्गीय छोटे व्यापारी को निरुत्साहित करने वाला मंगाई को बढ़ावा देने वाला अंतरिम बजट बिल है इस बिल से बेरोजगार किसान मजदूर मारमहत है आयुष्मान भारत योजना कौशल विकास योजना मुंगेरीलाल का झूनझुना है उपरोकत योजना से गरीबों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है यह मोदी सरकार का अंतिम बजट हैं।

### भारत का भविष्य तय करेगा यह अंतरिम बजट : टुन्नू गोप



टुन्नू गोप

**हजारीबाग :** अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह बजट भारत के भविष्य तय करने वाला बजट है। इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।विशेष रूप से महिलाओं, किसानों तथा नौजवानों की तरक्की के लिए स्थान दिया गया है। नौकरी पेशा लोगों को ध्यान में रखकर टैक्स में छूट का प्रावधान दिया गया है।यह बजट देश की तरक्की में मिल का पत्थर साबित होगा देश में आर्थिक रूप से समृद्धि की ओर आगे बढ़ेगा।

### उद्योगपतियों को समर्पित है अंतरिम बजट : गणेश सीटू



**हजारीबाग :** सीपीआईएम नेता गणेश कुमार सीटू ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इस बजट में मोदी सरकार ने उद्योगपतियों के लिए 22त्न टैक्स माफी का प्रावधान किया है।इस बजट से महंगाई कम होने के बजाय और बढ़ेगी।वही नौकरी करने वालों के लिए इनकम टैक्स स्लैब में कोई बढ़ोतरी नहीं किया है जिससे नौकरी करने वाले लोग काफी निराश है। केंद्र सरकार के अधीन लाखों पद रिक्त है उसको भरने की कोई बात इस बजट में नहीं है। इस बजट में किसानों को एमएसपी देने की भी बात नहीं है जिससे किसान भी नाराज है। सरकार ने प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ घर बनाने का लक्ष्य लेती है लेकिन किसी वर्ष यह लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाई है, इसलिए इस बजट से आम जनता को कोई खास लाभ नहीं होने वाला है।

### अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा अंतरिम बजट : चंद्र प्रकाश जैन



चंद्र प्रकाश जैन

**हजारीबाग :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अंतरिम बजट पेश किया है, बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि बजट में हर वर्ग का सम्मान और सबका ध्यान रखा गया है।बजट में ग़रीब कल्याण ,भारत कल्याण तथा नारी शक्ति की मजबूती के कई विकल्प पेश किए गए है।साथ हीं अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बजट में हर चीज पर चर्चा की गई है। इस बजट के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं।आज हम अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में एक आत्मविश्वासी देश बन गए हैं। इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। नारी शक्ति महिलाओं के लिए लखपति दीदी योजना लाई गई है, इसके तहत 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने का सौभाग्य मिलेगा। पूरे बजट में विकसित भारत का रोड मैप पेश गया है। कहा कि यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था ऊपर ले जाने एवं भारत के हर नागरिक को आर्थिक रूप से सशक्त करने का कार्य करेगा। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के उन्नयन में मील का पत्थर साबित होगा। इसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

### ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा : रौशन कुमार



रौशन कुमार

**हज़ारीबाग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने को समर्पित बजट प्रस्तुत करने हेतु वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हृदय से अभिनंदन।उक्त बातें भाजपा के युवा नेता रौशन कुमार ने कही।रौशन कुमार ने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट नए और विकसित भारत की नींव मजबूत करेगा।अवसंरचनात्मक विकास, महिला सशक्तीकरण व गरीबों,किसानों और युवाओं के लिये अधिक अवसर देने को केंद्रित है।उन्होंने कहा कि यह बजट प्रगति और विकसित भारत की ओर देश के बढ़ते कदमों को परिभाषित करता है।यह आम आदमी का बजट है। लक्षद्वीप सहित अन्य द्वीपों में एयर कनेक्टिविटी शुरू कर इन्हें मुख्यधारा से जोड़ने जैसे ऐतिहासिक फैसलों के लिए मोदी का आभार।अंतरिम बजट में किसान,मध्यम वर्ग, महिला से लेकर सभी वर्गों के लिए रूपरेखा बनाई गई है।भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर आगे बढ़ रही है।

## तीसरी बार अंग्रेजी विभागाध्यक्ष बने डॉ रिजवान अहमद



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रिजवान अहमद विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष के रुप में तीसरी बार नियुक्त किए गए। पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ सरिता सिंह की सेवानिवृत्ति के पश्चात अंग्रेजी विभाग का कार्यभार डॉ रिजवान अहमद को सौंपा गया है। इस मौके पर सभी प्रोफेसरों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। इससे पहले भी डॉ रिजवान दो बार विभागाध्यक्ष रह चुके हैं। वे अपने विधार्थियों से खासा लगाव रखते हैं। अंग्रेजी विभाग के सभी विधार्थी डॉ रिजवान अहमद को नये विभागाध्यक्ष के रुप में देखकर काफी उत्साहित हैं एवं सभी विधार्थियों ने उनका स्वागत किया।

## जेएसएलपीएस के बीपीएम को भावभीनी दी गई विदाई

**कटकमदाग (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जेएसएलपीएस के बीपीएम राज कुमार का स्थानांतरण होने पर कार्यालय में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जेएसएलपीएस के अन्य अधिकारी व कर्मियों ने उन्हें बैग व अन्य उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। सीसी मुकेश कुमार, रूपेश कुमार, पूजा कुमारी व अलका अवधिया ने बीपीएम के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनसे हम लोगों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। उनके कार्यकाल को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर आईपीआर करुणा कुमारी, ज्योति देवी, पिंकी उरांव, अकाउंटेंट अवंतिका वर्मा एडमिन सुलता किस्कू, एफटीसी सुजीत कुमार, डीईओ रिंकू कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# मोदी सरकार की अंतिम अंतरिक बजट को सभी ने सराहा

## शहर के प्रसिद्ध सीएमए सुबोध कुमार उपाध्याय ने बजट पर दी प्रतिक्रिया



**रामगढ़ :** अंतरिम बजट के आते ही गुरुवार को रामगढ़ के प्रसिद्ध सीएमए सुबोध कुमार उपाध्याय ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस अंतरिम बजट में इनकम टैक्स स्लैब में कोई भी परिवर्तन नहीं किया गया है। आयकर दाताओं को किसी भी प्रकार की नई राहत नहीं दी गई है। चुनावी वर्ष को देखते हुए मध्यमवर्गीय आयकर दाताओं को राहत की उम्मीद थी। खासकर अंडर सेक्शन 80ष्ट के तहत छूट की सीमा बढ़ने की उम्मीद थी और एगजम्पशन लिमिट बढ़ने की भी उम्मीद थी लेकिन कोई बदलाव नहीं किया गया। वही कॉरपोरेट टैक्स को घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया गया है कॉरपोरेट टैक्स में राहत दी गई है।

## राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ यह मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला बजट है : राजीव पामदत्त



**रामगढ़ :** भाजपा रामगढ मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने बजट पर बताया कि। यह अंतरिम बजट है। 2047 तक विकसित भारत बने को लक्ष्य में रखते हुए यह बजट सबका साथ सबका विकास के द्वार खोलने वाला है।राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ यह मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला बजट है। इस बजट में गरीब को खाश कर ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ घर बनाने की बात है।युवा वर्ग के लिए नवाचार और अनुसंधान क्षेत्र में स्वरोजगार के जरिए रोजगार की गारंटी है । पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण देने,किसान के लिए नैनो यूरिया के बाद अब नैनो डीएपी और आधी आबादी के बेहतर जीवन के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप से जोड़ना , आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकत्री के लिए आयुष्मान योजना से जोड़ने की गारंटी है।

## विकसित भारत को समर्पित हैं यह बजट : राजू चतुर्वेदी



**रामगढ़ :** भाजपा रामगढ़ ज़िला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ने बजट पर कहा कि विकसित भारत को समर्पित हैं यह बजट , यह युवा,किसान,महिला एवं गरिबो की महत्वाकांक्षाओं को पूर्ण करने के मजबूती प्रदान करेगा। युवाओ को रोजगार के नए साधनों के साथ 2047 तक विकसित भारत बनाने की ओर अपने कदम बढ़ाने वाला बजट हैं। 40,000 रेलवे कोचो को वंदे भारत के तर्ज पर अन्य ट्रेनो के विभिन्न मार्गो पर चलाए जाने का प्रयास,मेट्रो ट्रेन का विस्तार,न हवाई अड्डे का निर्माण कर विकास को गति देने का प्रयास,देश भर मे समाज में 3 करोड लखपति दिदी बनाने का लक्ष्य , 2 करोड नये पीएम आवास बनाने का लक्ष्य , आधुनिक खेती के लिए लोगो को सोलर के माध्यम से मुफ्त बिजली उपलब्ध करवाए जाने का निर्णय,स्टार्ट अप को टेक्स से रियायत दिया जाना,पशुओं तक के लिए बजट में न योजनाओ को लाना नये भारत के निर्माण की गारंटी है जो विकसित भारत,आत्मनिर्भर भारत,सुदृढ भारत की नींव रखेगा।

## यह बजट भारत में मिल का पत्थर साबित होगा : मनोज गिरी



**रामगढ़ :** भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने बजट पर बताया कि भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भारत वर्ष 2024 का अंतरिम बजट जो पेश किया गया है वह बजट स्वागत योग है यह बजट भारत में मिल का पत्थर साबित होगा। सभी क्षेत्र का ध्यान रखा गया है किसी भी तरह का टैक्स नहीं बढ़ाया गया गरीब किसान चूहा और नारी शक्ति का ध्यान में रखकर बढ़ावा देने के लिए इस बजट के माध्यम से बहुत सहयोग मिलेगा कृषि किसान कल्याण के लिए यह बहुत ही सुंदर बजट है इस बजट का सराहना करते हैं और भारत के विकास के लिए बेहतरीन बजट पेश करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी एवं माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बहुत-बहुत धन्यवाद।

## द्वितीय ओडिशा माइनिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंटरनेशनल एक्सपो 2024 वैश्विक खनन नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए तैयार है

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य की राजधानी जल्द ही फ्यूचरएक्स ट्रेड फेयर एंड इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बहुप्रतीक्षित द्वितीय ओडिशा माइनिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंटरनेशनल एक्सपो की मेजबानी करने वाली है। लिमिटेड, वैश्विक खनन और संबद्ध उद्योग पर एक विशेष अंतर्राष्ट्रीय क्क्2क्क्व्यापार शो हैं। जो ट्रेड शो 15 से 18 फरवरी तक बारामुंडा ग्राउंड, भुवनेश्वर में होने वाला है, ओडिशा असेंबली ऑफ स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और अन्य व्यापार निकायों के सहयोग से आयोजित यह एक्सपो दुनिया भर से खनन से संबंधित उत्पादों, सेवाओं और आपूर्ति में अत्याधुनिक प्रगति का अनावरण करने का वादा करता है। भारत के खनिज केंद्र के रूप में प्रसिद्ध ओडिशा में क्रोमाइट, निकल, बॉक्साइट, मैंगनीज, लौह अयस्क और कोयले का पर्याप्त भंडार है। यह एक्सपो व्यवसायों को इस आकर्षक बाजार में प्रवेश करने, ब्रांड दृश्यता बढ़ाने और उद्योग के नेताओं और निर्णय निर्माताओं के साथ जुड़ने का एक विशेष अवसर प्रदान करेगा। नमित गुप्ता, निदेशक ने कहा - ÷सरकार ने सक्रिय पहल के माध्यम से खनन उद्योग के विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता सराहनीय ढंग से प्रदर्शित की है।




## शमशेर जंग फुटबॉल टूर्नामेंट रामगढ़ दो गोल से विजय

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीजल कॉलोनी पतरातू में 35 वां शमशेर जंग फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन का पहला मैंच घाटो और रामगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें रामगढ़ 2 गोल से विजय रहीं। वहीं घाटो 90 मिनट खेल के दौरान एक भी गोल नहीं कर पाई और इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। इसके पूर्व टूर्नामेंट कमिटी के अध्यक्ष वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता ओंकार शरण सिंह द्वारा शमशेर जंग की प्रतिमा पर फूलमाला पहनाकर एवं टूर्नामेंट मैंदान में फुटबॉल पर किक मारकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। वहीं मौके पर मंडल यांत्रिक अभियंता अनुराग,विद्युत अभियंता अमित कुमार,सहायक मंडल अभियंता एस.बी. सिन्हा, एम.एम अंसारी, यू.के.सिंह,अजीत कुमार, एम.पी.मेहता.एस डी दास, विवेक कुमार, प्रवेश कुमार,अनमोल मिश्रा, इंद्रजीत मुंडा,बी.डी.सिंह, मनोज श्रीवास्तव और विश्वनाथ उरांव सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।



## रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने वायरल विडियो पर की कार्रवाई , चार पुलिस वाले को किया निलंबित

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ कोयलें लदे मोटरसाइकिल से पैसे लेने वाले चार पुलिसकर्मी को पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने किया निलंबित। जानकारी के अनुसार कल विभिन्न मीडिया के माध्यमों से एक कथित वीडियो वायरल हुआ था जिसमें यह प्रतीत हो रहा था कि कुछ पुलिसकर्मी कोयला लदी मोटरसाइकिल द्वारा फेंके गए सामान जो कि पैसा जैसा दिख रहा था उसको उठा रहे थे ।उक्त वीडियो का पुलिस अधीक्षक द्वारा तुरंत संज्ञान लिया गया एवं उस वीडियो की जाँच अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ से कराई गई है एवं जाँच प्रतिवेदन के आधार पर उन सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है । जिन पुलिस वाले को निलंबित किया गया है उनके नाम पु.अ.नि जगनारायण राम , ओम प्रकाश महतो (आरक्षी) , मंटू मुंडा (गृह रक्षक) , राकेश कुमार शर्मा (गृह रक्षक) को निलंबित किया गया है।

## रामगढ़ में नये जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने अपना पदभार ग्रहण किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को रामगढ़ जिला परिवहन पदाधिकारी के रूप में नये जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने अपना योगदान रामगढ़ में दिया। साथ ही निर्वतमान जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी को भार मुक्त किया गया। उन्हें धनबाद का जिला परिवहन पदाधिकारी बनाया गया है । इस मौके पर मोटरयान निरीक्षक रामगढ़ विमल किशोर सिंह कार्यालय प्रधान मनीष कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा प्रबंधक विक्की आनंद, सड़क अभियंता ऋषिकांत व कार्यालय के कर्मी गण मौजूद थे।



## जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ़ द्वारा एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ स्थित मिलन होटल के सभागार में जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ़ द्वारा एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी, रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मुकेश यादव मौजूद थे।संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शहजादा अनवर ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो मणिपुर से चलकर मुंबई तक जाना है वह यात्रा झारखंड की सीमा में 2 फरवरी को प्रवेश कर रही है तथा रामगढ़ जिले की सीमा में 4 फरवरी को बोकारो जिला की तरफ से प्रवेश करेगी यात्रा गोला,चितरपुर होते हुए रामगढ़ पहुंचेगी रामगढ़ में रात्रि विश्राम के पश्चात 5 फरवरी को बाजारटांड रामगढ़ से शुरू होकर चट्टी बाजार, थाना चौक, सुभाष चौक, पटेल चौक होते हुए रांची जिला के सीमा में प्रवेश कर जाएगी। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिला में रामगढ़ जिला की सीमा में प्रवेश करते जिला कांग्रेस कमेटी का नेतृत्व में यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा। पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि रामगढ़ जिले में पूरे कार्यक्रम की सफलता के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहां के रामगढ़ जिले में यात्रा ऐतिहासिक होगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि सभी प्रखंड कमेटियों जिला कमेटियों एवं पंचायत कमेटियों को व्यापक रूप से जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह करने का निर्देश दिया गया है पूरे जिले में पार्टी के सभी पदाधिकारी इस अभियान में जोर-जोर से लगे हुए है।



## रामगढ़ में फिर दिखा रफ्तार का कहर, सड़क दुघर्टना में एक की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ रांची मार्ग एनएच 33 पर स्थित चुटूपालू घाटी में एक सड़क दुर्घटना घटी । जिसमें एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद रामगढ़ रांची मार्ग कुछ समय के लिए जाम की स्थिति में आ गयाद्य रामगढ़ थाना पुलिस पहुंचकर घटनास्थल पर जाम को खत्म कराया। जानकारी के मुताबिक 1 फरवरी के दोपहर को एक सीमेंट लदा एलपी ट्रक jh10 सी एम 3960 एक बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया।जिससे की बाइक चला रहा लगभग 30 वर्ष का व्यक्ति घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद एलपी ट्रक का ड्राइवर गाड़ी को खड़ा कर फरार हो गया। दुर्घटना के बाद रामगढ़ रांची मार्ग जाम हो गया। इसकी सूचना रामगढ़ थाना पुलिस को दी गई। रामगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पहले शव को हटाने का काम किया। उसके उसके बाद धीरे-धीरे जाम को खत्म कराया गया। रामगढ़ थाना पुलिस मृतक का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

## एसएसवीएम में दसवीं कक्षा के भैया बहनों को दी गई विदाई




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** गुरुवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू बाजार के दसवी कक्षा सत्र 2023-24 के भैया-बहनों के लिये आशीर्वचन समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। उसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेन्द्र पांडे द्वारा भैया-बहनो को आगामी बोर्ड परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने की प्रेरणा दी गई। साथ ही साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान विद्यालय के संरक्षक नरेश प्रसाद पाठक, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्योति पूरी, संजय सिंह, घनश्याम कुमार, दीपक कुमार,नूतन कुमारी, निक्की कुमारी और रमेश प्रसाद आदि आचार्य का सहयोग रहा। वहीं मौके पर विद्यालय के सैकड़ों भैया और बहन उपस्थित थे।

## विकसित भारत का अतुल्यनीय बजट : अमित साहू



**रामगढ :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने केंद्र सरकार के द्वारा पेश किए गए आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत का अतुल्यनीय बजट है। साहू ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा जो बजट पेश किया गया है वह बजट आने वाले दिनों में पूरे भारतवर्ष की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम होगा। तेलहन फसल के बढ़ावा देना हेतु जो कदम उठाए गए हैं वह भारतवर्ष के किसान भाइयों के लिए एक सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। आम बजट में दुग्ध उत्पादन के बढ़ावा देने हेतु भी सार्थक प्रयास किए गए हैं। और रोजगार देने की दिशा में भी एक अच्छा निर्णय लिया गया है। कुल मिलाकर यह आम बजट बहुत ही विकसित एवं संतुलित बजट है।

## सीएचपी सोलो उद्घाटन कार्यक्रम का विरोध करेगा रैयत विस्थापित मोर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के न्यू बिरसा डीपू के समीप गुरुवार को एल.एण्ड.टी. कांस्ट्रक्शन में काम करने वाले विस्थापित मजदूरों को कम्पनी द्वारा मनमानी व शोषण कर रही थी। जिसको लेकर विस्थापित मजदूरों ने अपनी बातों को रैयत विस्थापित मोर्चा के समक्ष रखा गया। जिसमें मजदूरों ने कम्पनी पर आरोप लगाया है कि कंपनी उन्हें मनमाने ढंग से काम से बैठा दे रही है। आने वाले दिनों में कम्पनी कुछ विस्थापित मजदूरों को बैठाने की सम्भावना भी बनी हुई है। वही विस्थापित मजदूरों ने बताया कि हमलोग कंपनी के प्रति इमानदारी व निष्ठा पूर्वक हमेशा काम करते आये है। वहीं कुछ मजदूरों ने बताया कि उन्हें कंपनी के द्वारा समय पर वेतन का भुगतान भी नहीं किया जाता है।रैयत विस्थापित मोर्चा ने इस मामले को लेकर कम्पनी से वार्ता कि जिसमें कंपनी ने उन्हें बताया कि सिविल का काम समाप्ति की ओर है, इसलिए सभी मजदूरों को बैठाया जा रहा है। इसदौरान मजदूरों ने बताया कि विस्थापित मजदूरों को बैठाया जा रहा है, परन्तु बाहर के मजदूर वर्तमान समय में काम कर रहे है। यहां के मजदूरो के साथ कंपनी भेदभाव कर रही है। वहीं रैयत विस्थापित मोर्चा ने एल एंड टी कांस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को एक ज्ञापन पत्र सौंपा। जिसमें रैयतों ने लिखा है कि एल एंड टी कांस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड मजदूरों के प्रति मनमानी करती है तो रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा सम्पूर्ण रुप से कंपनी के काम को बधित कर दिया जाएगा।



आगामी होने वाले सीएचपी सोलो उद्घाटन कार्यक्रम का भी विरोध किया जाएगा। वहीं कंपनी के साथ रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष पप्पु लाल माँझी, सचिव सन्त्री सोरेन, बिनोद हेम्ब्रोम मौजूद थे। वहीं विस्थापित मजदूरों की ओर से राजेन्द्र मुण्डा,मंटू मुण्डा, राजा मुर्मू ,अजय करमाली, हीरालाल हेम्ब्रोम, संतोष करमाली, अनिल कुमार, ठुड्डु माँझी, मुकेश टुड्डू, राजु करमाली, बिनोद माँझी, महेश मुण्डा,महेश पवारिया,भदवा माँझी, प्रकाश माँझी, बिनोद माँझी, शाहरूख सोरेन, पंकज बेसरा,सुरेन्द्र बेसरा,रमेश मुण्डा, टींकु कुमार, रमेश प्रजापति, राजकिशोर सिंह, आकाश माँझी ,राजू मुण्डा, रौशन हाँसदा, राकेश हाँसदा, राजेश कुमार, धनीराम माँझी, महालाल सोरेन, बब्लू मुण्डा, सुमित सोरेन, निर्मल माँझी, राजेश मुर्मू ,अरूण तिग्गा, जीवन मिंज, छोटेलाल टुड्डू, सिकेन्द्र टुड्डू, दिलीप टुड्डू, सिकेन्द्र किशुन किस्कू,पंचम महतो, हिरा माँझी,पवन मुर्मू , पोटरा माँझी, बब्लू माँझी, मुनिष मराण्डी,जेकरा माँझी, गोपाल टुड्डू, साहेबराम मुर्मू,सुनिल कुमार,दिलीप कुमार आदि दर्जनों मजदूर मौजूद थे।

## शिक्षा रोजगार की मांग पर आइसा ने यंग इंडिया रैली निकाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** ऑल इंडिया स्टूडेंटएस एसोसिएशन (आइसा) ने मोदी सरकार के 10 साल,यंग इंडिया के 10 सवाल ,जुमला नही जबाव दो 10 साल का हिसाब दो,नारे के साथ जिले भर से आए सैकड़ों छात्र युवा ने यंग इंडिया मार्च में शामिल हुआ.यह मार्च भाकपा माले जिला कार्यालय से अनुमंडल कार्यालय तक किया गया एवम सभा में तब्दील कर दिया गया।मार्च में जुमला नहीं जवाब दो 10 साल का हिसाब दो! नफरत नही अधिकार चाहिए शिक्षा और रोजगार चाहिए। रेलवे में रिक्त पदों पर जल्द बहाली करो, नई शिक्षा नीति वापस लो,आरक्षण का दायरा बढ़ाना होगा। निजीकरण बंद करो एवम झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कि गिरफ्तार क्यों केंद्र सरकार जवाब दो! विपक्षी नेताओं पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दूरप्रयोग कर डराना धमनकन बंद करों सहित अन्य नारे लगाते हुए तख्ती और झंडा बैनर से रामगढ़ की सड़क गूंज रहा था। इंकलाबी नौजवान सभा की रेलवे में खाली पड़े पदों पर बहाली की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रतिवाद दिवस था, इस मुद्दों को भी शामिल किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ऑल इंडिया स्टूडेंटस एसोसिएशन आइसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलाशिष बोस ने कहा कि मोदी सरकार आने के बाद लगातार शिक्षा महंगी होती जा रही है, सीयुइटी और 4 साल का ग्रेजुएशन कोर्स से देश भर में लागतार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में गिरावट आई है।गरीब छात्र शिक्षा से दूर हो रहे है,नई शिक्षा नीति से फीस बढ़ रहा है। शिक्षण संस्थानों में लाखों पद खाली है,दूसरी तरफ बेरोजगारी पिछले 45 सालों में सबसे ज्यादा बढ़ी है, रोजगार सृजन करने की बजाय रोजगार के अवसर को बंद कर दिया है एवं सरकारी संस्थानों का निजीकरण हो रहा है। रेलवे में 3लाख से ज्यादा पद खाली है लेकिन 56 सौ बहाली निकली गई जो पटना सहित देश भर के सड़कों पर छात्र युवा देश भर में प्रदर्शन कर रहे है। मोदी सरकार हर साल दो करोड़ रोजगार देने की बात कह कर सत्ता में आई लेकिन रोजगार देने के बजाए रोजगार ही खत्म कर रहे है।सामाजिक आर्थिक की खाई काफी बढ़ रहा है। महिलाओं पर लगातार रेप हत्या बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही है। विपक्ष के नेताओं पर असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक तरीके से केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर डराया जा रहा है और भारत को विपक्ष मुक्त बनाने की पूरी कोशिश चल रही है। जिसका ताजा उदाहरण है झारखंड के मुख्यमंत्री गिरफ्तारी का है।वही आइसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने कहा कि आइसा मोदी सरकार के 10 साल होने पर देश भर में मोदी सरकार का 10 साल ,यंग इंडिया के 10 सवाल ! जुमला नहीं जवाब दो 10 साल का हिसाब दो! पर राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान चला कर मोदी सरकार के विफलताओं को सामने ला रही है और छात्र युवाओं के मुद्दों पर चुनाव हो इसकी कोशिश कर रहा है।




## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ का वनभोज रेलीगढ़ा में होगीं आयोजित

### यूनियन प्रतिनिधियों और नेताओं ने कार्यक्रम कर लिया जाएजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिददी :** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) अरगड्डा क्षेत्र के वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम को लेकर संगठन प्रतिनिधियों ने रेलीगढ़ा में जायजा लिया। इस दौरान कल 2 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए। अवसर पर मुख्य रूप से आजसू के केंद्रीय महासचिव तिवारी महतो, एजेकेएसएस के अरगड्डा क्षेत्र सचिव सत्येंद्र कुमार महतो, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा, उपाध्यक्ष इंद्रजीत प्रसाद, अनिल बेदिया, विनोद किस्कू, कालेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## कोतो में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोतो के पंचायत सचिवालय में मुखिया निधि सिंह के आग्रह पर पीवीयुएनएल द्वारा मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु विशेषज्ञ ,जेनरल फिजीशियन डाक्टर उपस्थित हुए और सभी प्रकार की जांच व दवा की समुचित व्यवस्था की गयी। मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणो ने हेल्थ कैम्प का लाभ उठाया। मुखिया निधि सिंह ने कहा पीवीयुएनएल के द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर हेल्थ कैम्प के आयोजन से पंचायत के सैकड़ों महिला-पुरुष लाभान्वित हो रहे है। वहीं वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि स्वास्थ्य,शिक्षा व कृषि के क्षेत्र में किसानों के लिए ट्रेनिंग,ग्रामीण के लिये सिलाई कढ़ाई,मोटर वाहन ट्रेनिंग,ई-रिक्सा देकर ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। मौके पर मुख्य रूप सीएसआर विभाग से संतोष कुमार सिंह,निशांत सैनी, डॉ सुबिस देव, डॉ दिपिका तिर्की, डा. राजेशभगत, डा. मुकेश कुमार और पुनम कुमारी, शीतल कुमारी, गोविंद कुमार, राजेन्द्र प्रसाद,चेतक महतो, सपन दास,आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड अल्पसंख्यक कांग्रेस कॉर्डिनेटर कमिटी ने ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन से की मुलाक़ात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड अल्पसंख्यक कॉर्डिनेटर कमिटी के सदस्यों ने अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन के साथ की बैठक रामगढ़ में तैयारियों का लिया जायज़ा।भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर हज़ारीबाग़ कांग्रेस अल्पसंख्यक कॉर्डिनेटर कमिटी के प्रदेश नेता तसलीम अंसारी एवं प्रदेश के महासचिव इम्तियाज़ अंसारी, कोडरमा ज़िला अध्यक्ष फ़ैयाज़ कैसर, परवेज़ अहमद, रब्बानी जी रामगढ़ पहुँच कर अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन से की मुलाक़ात तथा ज़िला अध्यक्ष के साथ बैठक कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने को लेकर तैयारियों का जायज़ा लिया एवं पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान मौके पर अल्पसंख्यक वरीय उपाध्यक्ष केसर इमाम, अल्पसंख्यक ज़िला उपाध्यक्ष मो आशिक़, अल्पसंख्यक ज़िला महासचिव रहमान ख़ान, विधिविभाग के अध्यक्ष अधिवक्ता भैरव ठाकुर, मीडिया प्रभारी शमीम जावेद आदि मौजूद थे।

## रामगढ़ विधायक के निर्देश पर बच्चों को खेल सामग्री प्रदान की गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी की सभी वर्गो का ख्याल रखती है खासकर छोटे-छोटे बच्चों का। रामगढ़ के कटारिया बेरा में सड़क उद्घाटन के दौरान छोटे बच्चों को यूं ही खेलते देखा उनके मन में दया की भावना आई और उन्होंने शीघ्र ही कार्रवाई करते हुए छोटे बच्चों के लिए खेलने के लिए खेल सामग्री देने का निर्णय लिया ।कटारिया बेरा और कैरा बिहार के बच्चों को खेल सामग्री दिया गया ताकि उनका शारीरिक और मस्तिक विकास हो सके। उनके निर्देशानुसार वार्ड नंबर 7 की रीना शाह सिंधु मेहता मीरा देवी सोनी देवी गोपाल यादव आदि अन्य कार्यकर्ताओं ने मिलकर सभी बच्चों को जाकर खेल सामग्री दी।



## अरगड्डा क्षेत्र में पत्रकारों के साथ प्रबंधन लगातार कर रहा भेदभाव : रविकांत

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र व सिरका समेत आस-पास के केंद्रीय ट्रेड यूनियन के क्षेत्रीय व शाखा प्रतिनिधियों व ऑल इंडिया एससी/एसटी ओबीसी को-ऑर्डिनेशन काउंसिल प्रतिनिधियों को इंडियन रिपोर्टरस एसोसिएशन(ईरा) पत्रकार संगठन के राज्य झारखंड संगठन सचिव रविकांत बनर्जी के नेतृत्व में सीआईएल एंव सीसीएल सीएसआर व अन्य कल्याणकारी योजना के तहत पत्रकारों, समाजसेवियों, संस्था को सीसीएल से मिलने वाले सुविधा के संबंध में पत्र सौपा गया हैं। पत्र यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधि सुशील कुमार सिन्हा, झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष दिलीप भुईयां, झकोमयू के प्रतिनिधि मुस्तफा खान, सीसीएल सीकेएस के प्रतिनिधि प्रशांत बेल्थरिया, कोलियरी मजदूर कांग्रेस के प्रदीप रविदास, एनसीओईएओ के नागेश्वर महतो, जेसीएमयू के कमरुद्दीन खान, आरसीएमयू के संतोष सिंह, जीएमएस के शिव शंकर, आरपीडब्ल्यू के जगदीश चंद्र बेदिया आदि यूनियन प्रतिनिधियों को सौप हैं। पत्र में कहा है कि इंडियन रिपोटरस संगठन भारत का वृहद पत्रकार संगठन हैं, जो ध्यान आकर्षित करना चाहती है कि सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन सीएसआर, वेलफेयर व अन्य कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा पत्रकारों, समाजसेवियों, संस्थाओं को कंपनी के साथ जुड़कर कार्यो में सहयोग प्रदान करने वालों को क्या सुविधा मुहैया कराई जाती हैं। इसके बारे में बताया जाए, ताकि कंपनी के गतिविधियों व यूनियन के क्रियाकलाप के साथ हमारा भी योगदान कदम-कदम पर होता रहे। कहा है कि कहने को पत्रकार भारत के चौथे स्तंभ हैं, लेकिन अभी तक ना ही सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र और न ही सीआईएल के द्वारा कोई गाइडलाइन प्रकाश में नजर आता हैं, जिसका नतीजा अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन के द्वारा पत्रकारों के साथ हमेशा भेदभाव आए दिन देखने को मिल रहा हैं। पत्र के संदर्भ में यथाशीघ्र ट्रेड यूनियन प्रतिनिधिगण पत्र द्वारा सूचना उपलब्ध कराने सकारात्मक पहल करने, तालमेल बनाने, जनहित व कामगारों के भविष्य के लिए कंपनी नियमों का पालन करते हुए इसकी रक्षा के बारे में आगे बढ़ा जा सकें। अभियान में ईरा के जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष तपन बनर्जी, पत्रकार कृष्ण कुमार, सुरेंद्र राम आदि शामिल थे।

## संयुक्त कल्याण पदयात्रा के तहत महुदा मोड़ में किया गया वृक्षारोपण



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा मोड़ शिव मंदिर परिसर में राष्ट्रीय सैनयरक्षक संयुक्त कल्याण पदयात्रा के तहत वृक्षारोपण किया गया। देश भक्त शिव सेवक शिवकरण धनबाद जिला के महुदा मोड शिव मंदिर में भारत माता के पूजन आरती के बाद मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण देश के क्रांतिकारी के नाम से जिसमें सुभाष चंद्र बोस रणधीर वर्मा, संदीप सिंह, विनोद बिहारी महतो, बिरसा मुंडा के नाम पर एक-एक वृक्ष लगाया गया।

## वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाददाता सम्मेलन को किया गया संबोधित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** अष्विनी वैष्णव, माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार द्वारा रेलवे बोर्ड से वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बजट 2024-25 के रेल पर आधारित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया गया । उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रेलवे हेतु रिकॉर्ड धनराषि आवंटित की गयी है। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के लिए रेलवे हेतु आवंटित धनराषि से अवगत कराया । इसी कड़ी में उन्होंने बिहार राज्य के लिए रेलवे हेतु आवंटित धनराषि का जिक्र करते हुए बताया कि इस साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बिहार में रेलवे हेतु रिकॉर्ड रु. 10,032 करोड़ का एलोकेषन दिया गया है ।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में रेलवे का 98 प्रतिषत विद्युतीकरण किया जा चुका है तथा बिहार के 92 स्टेषनों का अमृत भारत स्टेषन योजना के तहत पुनर्निमाण किया जा रहा है।

आज के बजट में भारतीय रेल हेतु तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा बनाने की घोषणा की गयी है इनमें ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, पोर्ट कनेक्टिविटी गलियारा एवं अधिक यातायात वाले गलियारा ।

## महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष हुई सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के झारखंड आगमन पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा रांची में आयोजित स्वागत समारोह व महिला कांग्रेस का महासम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होकर धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पूनम देवी ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह को गुलदस्ता व तैल-चित्र भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर दोनों नेत्रियों ने आभार जताते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना के साथ स्नेहाशीष आशिर्वाद दिया।

मौके पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं झारखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह ने संगठन सशक्तिकरण पर बल देते हुए उन्हें संगठन को धारदार, सशक्त व मजबूत बनाने का निर्देश देते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम को सफल व ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।

## भ्रष्ट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की जनता को कलंकित किया : मनोज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को भाजपा जिला संयोजक, सोशल मीडिया मनोज मौर्या ने प्रेसविज्ञाति जारी कर कहा कि झारखंड राज्य के लिए दुर्भाग्य है इस राज्य का जिसके मुख्यमंत्री अपने मुख्यमंत्रित्व काल में ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाते हैं। राज्य की जनता को भ्रष्टाचार मुक्त झारखण्ड देने का दावा कर सत्ता पाने वाले इंसान जब सत्ता का दुरूपयोग करते हैं तो ऐसी अराजक स्थिति पैदा होती है। आय से अधिक संपत्ति, जमीन घोटाला, कोयला चोरी, राज्य के खनिज सम्पदा की चोरी, गरीबों को मुफ्त मिलने वाले अनाज की चोरी, युवा एवं मेधावी छात्र छात्राओं को मिलने वाले छात्रवृत्ति की चोरी, स्कूली छात्र छात्राओं के पोशाक की चोरी, प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी द्वारा शुरू की गई छात्राओं को मिलने वाले साइकिल की चोरी और राज्य की जनता को मिलने वाले ऐसे अनगिनत सुविधाओं की चोरी का आरोप है। खुद को आदिवासी समाज का हितैषी बताने वाले मुख्यमंत्री पर ऐसा आरोप लगना ना केवल राज्य का दुर्भाग्य है अपितु आदिवासी समाज का भी दुर्भाग्य है। राज्य के जनता की सदाशयता का लाभ उठाकर इन्होंने ना केवल राज्य को बल्कि अपने समाज को भी कलंकित करने का कुकृत्य किया है। ईडी द्वारा भेजे जा रहे शमन की बार बार अवहेलना इसलिए की जा रही थी क्योंकि इनको अच्छे से पता था कि ये दोषी हैं। यद्धपि इन्होंने जो कृत्य किया है इसके लिए इनकी गिरफ्तारी आवश्यक थी।

# विधि व्यवस्था के मद्देनजर उपायुक्त व एसएसपी ने विभिन्न चौक-चौराहों समेत कई क्षेत्रों का लिया जायजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने विधि व्यवस्था के मद्देनजर धनबाद जिले के विभिन्न चौक-चौराहा समेत कई क्षेत्रों का जायजा लिया।

विधि व्यवस्था के मद्देनजर उपायुक्त एवं एसएसपी ने मटकुरिया, श्रमिक चौक, बैंक मोड़, सिटी सेंटर, गोधर, केंदुआडीह, करकेंद, लोयाबाद, सिजुआ, कतरास, अंगारपथरा, पंचगढ़ी, भटमुरना, बाघमारा, श्यामडीह, बेहरा, कुदर, झगराही, दरिदा, बरोरा, मुराईडीह, नेहरू चौक, गोमो रोड, पुरानाबाज़ार गोमो, गोमो स्टेशन, तोपचांची, कल्याणपुर, गोल बिल्डिंग समेत विभिन्न चौक-चौराहों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी दंडाधिकारी, अंकाधिकारी, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी को अलर्ट मोड पर रहने हेतु दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस किसी भी परिस्थितियों से निपटने हेतु तैयार है। जिला में शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था कायम रहे, इसे सुनिश्चित करने हेतु अलग-अलग क्षेत्रों का भ्रमण कर जायजा लिया जा रहा है।

इस दौरान उपायुक्त वरुण रंजन, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## झारखंड आदंलोनकारी नीलकंठ रवानी को डीसी ने किया सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** न्यु टाउन हॉल मे आयोजित जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान राजगंज डोमनपुर निवासी भाजपा नेता नीलकंठ रवानी को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के द्वारा सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने नीलकंठ रवानी को शॉल ओढ़ा कर एंव प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त शशि रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दन, अपर समाहर्ता बिनोद कुमार सहित जिला के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। नीलकंठ रवानी को झारखंड आदोंलनकारी का सम्मान मिलने पर सीडब्लुसी बोकारो के मजिस्ट्रेट शंकर रवानी, बड्स गार्डन स्कुल के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया, समाजसेवी संदीप अग्रवाल, बागदाहा मुखिया बाबूलाल महतो, गोबिदाडीह पंचायत के मुखिया पति भोलानाथ महतो, त्रिलोचन चौधरी, झामुमो के वरिष्ठ नेता देबु महतो, अनिल कुमार महतो, चन्द्रवंशी समाज के नेता बिनोद रवानी, संतोष रवानी, सुधीर रवानी, माथुर रवानी, रुपदेव रवानी, बिरजू रवानी, टाईगर संजय रवानी, देबु रवानी सहित दर्जनों लोगो ने बधाई दी।

## 67वीं राष्ट्रीय स्कूल प्रतियोगिता : एसजीएफआई में भाग लेंगे राजकमल के 7 खिलाड़ी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गुरुवार को विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग में 4 से 6 फरवरी को आयोजित हो रहे एसजीएफआई गतका चैम्पियनशिप के लिए प्रदर्शन के आधार पर राजकमल स.वि.मंदिर के 5 भैया व 2 बहन चयनित हुई हैं। ये सभी खिलाड़ी झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनके नाम हैं मिनमय दास, संजीव कुमार भारती, मोहन कुमार पांडेय, यश राज,देव कुमार, पलक परमा, सांभवी कुमारी। झारखंड सरकार की शिक्षा परियोजना परिषद के नेतृत्व में 2 फरवरी को टीम छत्तीसगढ के लिए प्रस्थान करेगी। राज्य सरकार से दो खेल शिक्षक टीम मैनेजर होंगें। वहीं गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड के पप्पू कुमार, राजीव सिंह, आरती कुमारी व माया चौहान कोच के रुप मे सम्मिलित होंगे। राजकमल स.वि.मंदिर के 7 भैया बहनों के एसजीएफआई के लिए चयनित होने पर विद्यालय समिति सहित प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार ने बधाई व विजयी होने की शुभकामनाएँ दी।

## गिरिडीह सड़क दुर्घटना में साला-बहनोई की मौत, परिजनों का रोकर बुरा हाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार की अहले सुबह गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग के ताराटांड थाना क्षेत्र के बड़कीटांड में हुए भीषण सड़क दुर्घटना में साला-बहनोई की मौत हो गई है। वहीं इस दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया है। मृतकों के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए सदस्य अस्पताल भेज दिया गया है। वही मृतकों की पहचान मधुपुर थाना क्षेत्र के हरा बगीचा निवासी सागर वर्मा और सदर प्रखंड़ के उदनाबाद निवासी रुपेश वर्मा के रूप में की गई है। घटना के बाबत बताया गया कि ये चारों युवक एक शादी समारोह में शामिल होकर लड़की को विदा करवाने के लिए स्विफ्ट डिजायर कार से बंगाल के बीरभूम जा रहे थे। इसी दौरान ताराटांड़ थाना क्षेत्र के बड़कीटांड के समीप उनकी गाड़ी नियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे ट्रक ने उनके गाड़ी को ठोकर मार दिया। जिसके बाद उनकी



स्विफ्ट डिजायर कार पेड़ से टकरा गई और स्विफ्ट डिजायर कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं दोनों युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रदीप महतो घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही गिरिडीह ज़िला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी सदर अस्पताल पहुँच कर परिवार जनों से भेंट कर परिवार के प्रति संवेदनाएं । उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से संबंधित जो भी मुवाजा होगा दिलवाने की प्रयास करूंगी।

# प्रमुख आशा राज ने स्ट्रॉबेरी के खेती का लिया जायज

### प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने किसान के मेहनत को देख किए तारीफ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर/गिरिडीह :** बगोदर प्रखण्ड के अन्तर्गत बेको के चर्चित किसान मनीष कुमार साव का किसानी कार्य को लेकर खूब इलाके में नाम है। बताया जाता है पिछले दो तीन वर्षो से एक ऐसे जमीन पर खेती कर रहा जो गांव में लोग तारीफ कर रहे है । ग्रामीणों की माने तो उस जगह जानवरों का चारा भी नही होता था। बंजर भूमि थी चारों तरफ जंगल ही जंगल उस स्थान पर कई तरह के सब्जी उगाने का कार्य कर रहा है । लोग कहते हैं की मनीष पहले बाहर मजदुरी करने जाता था। कोरोना काल के बाद वह बाहर नही जाने का मन बनाया और आज अच्छा किसान बन के उभर रहा है । ऐसे में लगभग पांच एकड से अधिक की जमीन पर मनीष ने खेती की है । बताया की मुम्बई के नासिक में जहाँ पर मजदुरी करते थे । वहाँ एक फॉर्म हाउस था और उनके मालिक का बडा सब्जि बगान था इसे देख वह सोचने लगा की जब हम यहां रहकर मजदुरी करते हैं ऐसे में अपने जगह में में ऐसा खेती क्यो नही कर सकता और इसी कडी में वों खेती करने का मन किया पहले कद्दू भिंडी करैला मिर्ची आदि सब्जियां लगाया गया था इसमें काफी मुनाफा भी हुआ फिर तारबूज की खेती किया वह भी बेहतर लाभ मिला था । और अब वह कैला मटर गाजर स्ट्रॉबेरी तारबूज सहित कई तरह प्लांट लगाया गय । इसे लेकर गुरुवार को बगोदर प्रखण्ड प्रमुख आशा राज बगोदर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार सिंह कूसमरजा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बशारत अंसारी बेको पश्चिमी पंचायत समिति प्रतिनिधि इस्तियाक अंसारी कारी पहरी स्थित स्ट्रॉबेरी प्लांट जायजा लेने पहुंचे इस दौरान इस तरह खेती और आलू की खेती देख प्रमुख ने किसान मनीष के मेहनत की खुब प्रशंसा किए साथ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार सिंह ने तारीफ किए । किसान ने बताया की हाथियों के झुण्ड ने काफी नुकशान किया किया ज्यादा कैले के पौधों को तोड दिया मटर भी चट गया था । अभी भी भय बना हुआ है ।

## बजट : बजट में महिलाओं, कृषकों, मजदूर व खासकर यूवाओं का विशेष ख्याल : रंजीत राय

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता युवा मोर्चा गिरिडीह ज़िला अध्यक्ष रंजीत कुमार राय ने केंद्र सरकार द्वारा आम बजट 2024 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है की यह अंतरिम बजट है। इस बजट में महिलाओं कृषक भाइयों, मजदूर और खासकर के युवाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए ब्लू इकोनॉमी 2.0 के तहत नई योजना , रक्षा योजना के लिए सबसे ज्यादा 6.2 लाख करोड़, 4 करोड़ किसानो को फसल योजना का लाभ , 11. 8 करोड़ किसानों को पीएम किसान योजना का लाभ, देश मे तीन नए रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे, 1 करोड़ परिवारों को मुफ्त मिलेगी 300 यूनिट बिजली मिलेगी।

## पुण्यतिथि पर लालमणि के वृद्धजनों को भोजन कराकर राशन की मदद की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गुरुवार को सबलपुर सहयोगी नगर स्थित लालमणि वृद्धा आश्रम संस्था द्वारा संचालित ओल्ड एज होम में स्वर्गीय विजय लाल और स्वर्गीय माला देवी के प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिजनों ने उन दोनो के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी व आश्रम में आश्रय ले रहे सभी बुजुर्गो को स्वादिष्ट भोजन कराया गया। साथ ही रोजमर्रा में उपयोग आने वाली आवश्यक राशन सामग्रियाँ भी प्रदान कर मदद की। आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने स्वर्गीय विजय लाल के परिजनों को आश्रम में पुण्यतिथि मनाने तथा वृद्धो को राशन की मदद करने के लिए धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉची**

पत्रांकः– दिनांक–

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन ई– निविदा संख्या –17/2023-24/RWD/EE/RANCHI, Package No.-RWD/RANCHI/29/STPKG/ 14/ 2023-24, PR 316798 REO(23-24)#D द्वारा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था। जिसमें कार्य समाप्ति की अवधि 9 माह की जगह 15 माह पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता
PR 317587 (REO)23-24*D ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉची

**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉची**

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 84/23–24.

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 08/02/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 09/02/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 09/02/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सरायकेला–खरसावॉ अन्तर्गत कुचाई प्रखण्ड के बारूहातू में हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर, ढलभंगा में 01 अदद् 16 मीटर के हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य एवं पॉच वर्षो तक वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 8,09,749=00 | 1250=00 | 17,000=00 | 21 दिन एवं पॉच वर्ष। |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची
PR 317582 Energy(23-24)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉची**

अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
(PR 314982 (REO)23-24*D)

पत्रांकः– दिनांक–

अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा संख्याः–13/RE/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राषि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | RWD/RANCHI/ 18/ STPKG/02/ 2023-24 | हुलसु पथ से गोपालपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–1.300 कि0मी0) | 11,20,14,800.00 | ग्यारह करोड बीस लाख चौदह हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 15 माह | तृतीय |
| | | डुरू से सकरपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–4.500 कि0मी0) | | | | |
| | | ग्राम तपकारा से पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ से महुगांव पी0डब्ल्यू0डी0 पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–1.020 कि0मी0) | | | | |
| | | ककरिया से कोईसारा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–3.750 कि0मी0) | | | | |
| | | बिरसा चौक से बंकाकेरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–5.690 कि0मी0) | | | | |
| | | सरसा मेन रोड से साईं मंदिर पी0डब्ल्यू0डी0 रोड भाया प्राथमिक विद्यालय सरसा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–0.900 कि0मी0) | | | | |
| | | बिरामकेल से पाण्डू तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–3.200 कि0मी0) | | | | |
| | | जातलोया पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से सरंगलोया चौक तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–4.590 कि0मी0) | | | | |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–03.02.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–12.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–15.02.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 317593 REO(23-24)D ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉची

### संक्षिप्त खबरें

#### डीपीएस के छात्र आयुष, 37 वां सब जूनियर राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले के कुडू के चंदलासो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र आयुष कुमार सिंह 37 वां सब जूनियर तीन दिवसीय राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवाना हुआ,आपको बता दें कि प्रतियोगिता 2 फरवरी से लेकर 4 फरवरी तक सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित होगा। रवाना होने से पूर्व छात्र ने विद्यालय के निर्देशक ज्ञान गंगा सिंह,अभिषेक कुमार, ताइक्कांडो प्रशिक्षक अरविंद कुमार यादव, एवं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने छात्र आयुष को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस मौके पर डिवाइन पब्लिक स्कूल के निर्देश ज्ञान गंगा सिंह ने कहा कि बहुत ही गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय का छात्र राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार अगर ध्यान दें तो कई छुपे हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त हो सकता है। और राज्य तथा देश का नाम रोशन करने में अपनी भागीदारी निभा सकते है। वहीं ताइक्कांडो प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहे खिलाडी आयुष ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के ताइक्कांडो चैंपियनशिप में शामिल होने जा रहा हूं जिसका सारा श्रेय मैं अपने ताइक्कांडो शिक्षक अरविंद कुमार यादव सर को एवं विद्यालय परिवार को देते हैं क्योंकि इन्हीं के मार्गदर्शन के कारण आज ये संभव हो पाया है।

# आत्मनिर्भरता को बल देने वाली बजट, सभी क्षेत्रों में विकास की होगी बढ़ोत्तरी : सुदर्शन भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा :** सुदर्शन भगत ने बजट पर अपनी राय देते हुए कहा कि स्टार्टअप्स को छूट और रियायतें बढ़ाई गई-सॉवरेन वेल्थ फंड्स और स्टार्टअप्स के लिए कर रियायतों का विस्तार मार्च 2025 तक किया गया। यह बहुत बड़ा कदम है। करदाताओं की सेवा प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने से 1 करोड़ लोगों को लाभ होगा। रेल की सुविधा और भी उत्तम हो इसके लिए 40,000 सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों के अनुरूप बदला का निर्णय,निजी क्षेत्र को अनुसंधान एवं विकास ,मुफ्त बिजली रूफटॉप सोलराइजेशन के माध्यम से, 1 करोड़ परिवार हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त करने में सक्षम होंगे। गरीब,महिला,अन्नदाता और युवा फोकस समूह होंगे। मोदी जी 2047 तक भारत को एक विकासशील भारत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन से भोजन की चिंता दूर हो गई है। पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा 25 करोड़ भारतीयों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया। अन्नदाता(किसानों) के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य समय-समय पर बढ़ाया गय11.8 करोड़ किसानों को सीधी वित्तीय सहायता दी गई हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक मॉडल है। उच्च शिक्षा में महिला नामांकन 10 वर्षों में 28 प्रतिशत बढ़ गया है। पीएम स्वनिधि ने स्ट्रीट वेंडरों को ऋण सहायता प्रदान की है,पीएम जनधन योजना विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों तक पहुंचती पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करती है। दिव्यांगों और ट्रांसजेंडर लोगों के सशक्तिकरण की योजना किसी को भी पीछे न छोड़ने के हमारे संकल्प को दर्शाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 परिवर्तनकारी सुधारों की शुरुआत कर रही है।पीएम श्री गुणवत्तापूर्ण शिक्षण दे रहे है बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा संस्थान अर्थात् 7 आईआईटी,आईआईआईटी,7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। आयुष्मान भारत योजना का कवर सभी आशा,सम्पदा योजना का विस् कोविड के कारण चुनौतियों के बावजूद,पीएम आवास योजना ग्रामीण का कार्यान्वयन जारी रहा और हम 3 करोड़ घरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के करीब हैं। अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ और घर बनाए जाएंगे। महामारी के कारण भोजन, उर्वरक,ईंधन और वित्त का संकट पैदा हो गया है,जबकि भारत ने सफलतापूर्वक अपना रास्ता दिखाया और दुनिया को आगे का रास्ता दिखाया। हमारी सरकार आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के तेजी से विकास में राज्यों की सहायता करने के लिए तैयार है। सरकार पूर्वी क्षेत्र और उसके लोगों को भारत के विकास का एक शक्तिशाली चालक बनाने पर अत्यधिक ध्यान देगी। सामाजिक न्याय मुख्यतः एक राजनीतिक नारा था। हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक शासन मॉडल है। सभी पात्र लोगों को कवर करने का संतृप्ति दृष्टिकोण सामाजिक न्याय की सच्ची और व्यापक उपलब्धि है,यह कार्रवाई में धर्मनिरपेक्षता है,भ्रष्टाचार को कम करता है, भाई-भतीजावाद को रोकता है। पारदर्शिता और आश्वासन है कि सभी पात्र लोगों को लाभ प्राप्त होता है।

## सेवानिवृत्त एलईओ नीता सरकार को अंग वस्त्र व उपहार भेंट कर दी विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड में कार्यरत एलईओ नीता सरकार के सेवानिवृत्त होने पर भंडरा प्रखंड कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा के अलावे सभी विभाग के अधिकारी व कर्मी शामिल हुए। इस दौरान बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने सेवानिवृत्त एलईओ नीता सरकार को अंग वस्त्र व उपहार भेंट कर विदाई दी। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि आपके द्वारा प्रखंड कार्यालय में बहुत निष्ठा से कार्य को पूरा किया गया है। प्रखंड कार्यालय में एलईओ के अलावे अतिरिक्त प्रभार के रुप मे प्रखंड कल्याण पदाधिकारी का भी काम बेहतर ढंग से किया गया है। आपके कार्य से सभी प्रखंड कर्मी को सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में हर कोई को एक न एक दिन सेवानिवृत्त होना ही है। आपके कार्य क्षमता हम प्रखंड कर्मियों को हमेसा ऊर्जा देती रहेगी। मौके पर महिपाल उरांव, अभिषेक किशोर, राधेश्याम चौधरी, अभिषेक मिश्रा, उज्ज्वल पांडेय, बिरसमुनी कुमारी, आशुतोष प्रसाद सहित प्रखंड के कर्मी मौजूद थे।

# खेल को अपने जीवन शैली का हिस्सा बनाए : कुमार अभिषेक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी नगर कमिटी के प्रधान सचिव कुमार अभिषेक (सूर्या सिन्हा)द्वारा लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 में बॉलीबॉल, नेट (किट) सहित खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। इस मौके पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों से कहा कि खेल को अपने जीवन शैली का हिस्सा बनाए। इससे आपका शारीरिक विकास तो होगा और खेल के माध्यम से आप आगे भी बढ़ेंगे और जिले और राज्य का नाम भी रौशन कर पाएंगे। कार्यक्रम में उनके साथ आजसू नगर उपाध्यक्ष आयुश गोयल, उपाध्यक्ष प्रदीप नायक, उपाध्यक्ष हर्षित अग्रवाल, सनी अग्रवाल, संदीप मेजर, शिव श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।



## राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम होगा ऐतिहासिक : आलोक साहू

# लोहरदगा से हजारों कार्यकर्ता राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम में होंगे शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत गुमला जिला के कामडरा एवं बसिया प्रखंड के रास्ते से राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा 6 फरवरी को गुजरेगी। इस यात्रा को सफल बनाने हेतु आज लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू कुडू प्रखंड के जीमा, टाटी एवं दोबा गांव का दौरा कर वहां के कांग्रेसजनों एवं आम ग्रामीणों से मिलकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में 6 फरवरी को कामडरा एवं बसिया जाने का आग्रह किया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आलोक कुमार साहू ने कहा कि झारखंड में राहुल गांधी का भारत जोड़ो और न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगा। लोहरदगा जिला से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता 6 फरवरी को कामडरा, बसिया प्रखंड में राहुल गांधी के कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री साहू ने कहा कि देश के लोगों को संविधान में दी गई हक और हकुक से आम लोगों को वंचित कर दिया गया है। देशवासियों को न्याय दिलाने के लिए राहुल गांधी पदयात्रा कर रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव के कारण झारखंड सरकार को डिस्टर्ब करने का काम कर रही है। जेल जाने से भला कौन डरता है ना राहुल गांधी डरे हैं और ना ही हेमंत सोरेन ।झारखंड में मोदी सरकार के मंसूबे को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। झारखंड में राहुल गांधी का न्याय यात्रा 2 फरवरी को पहुंच रहा है जिसमें भाजपा के हर बातों को करारा जवाब मिलेगा। मौके पर मुख्य रूप से इंसान उरांव, मंगल उरांव, आदित्य उरांव, सुरेश उरांव, अल्फास मिंज, इगनसिस खाखा, ईश्वर दास खाखा, बलासुस खाका, सोमरा उरांव, पीटर खाखा, राजकुमार तिर्की, अखिलेश उरांव, राजेंद्र उरांव, शशि विनय तिर्की, सहदेव महली, संपन्न खाखा, आकाश उरांव, अमर भगत, अरविंद उरांव, सुखराम उरांव, कृष्णा उरांव, सोनू उरांव सोमनाथ उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।



## केंद्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : घनश्याम सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भाजपा बीरू मंडल की बैठक आज बीरू राजा साहब के आवास में मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह की अध्यक्षता में की गई जिसमें प्रदेश के निर्देशानुसार मंडल के सभी शक्ति केंद्र के बूथ में गांव चलो अभियान एवं शक्ति वंदन कार्यक्रम को करने का समय01 से 10तारीख तक एवं पन्ना प्रमुख से संपर्क एवं नमो एप डाउनलोड करने की बात की गई इस बैठक में विधानसभा विस्तारक शशि दास, बीरू राजा दुर्ग विजय सिंह देव, जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू ,जिला कार्य समिति सदस्य सुमंत बीसी, वीरू मुखिया गंगाधर लोह रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ मिश्रा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हीरा राम, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंजू देवी, महा मंत्री संजय केसरी, मंडल मंत्री वीरेन्द्र यादव,नरसिंग पेथायी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामलाल नायक एवम दोनों कार्यक्रम के संयोजक सह संयोजक, शक्ति केंद्र के संयोजक, घनश्याम दास, मनोज बड़ाइक, सोमरा लोह रा, महिला मोर्चा की ज्योति देवी, धनेश्वरी देवी,सनियारो देवी उपस्थित रहे जय भाजपा विजय भाजपा ।




## हेमंत सोरेन के साथ चरितार्थ हुआ कहावत जैसी करनी, वैसी भरनी : विश्वनाथ उराँव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव विश्वनाथ उरांव ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी पर सत्तापक्ष के लोग हाय तौबा मचा रहे हैं किँतु कहावत है कि÷ जैसी करनी वैसी भरनी÷ आज झारखण्ड कलंकित हुआ है पुरे देश दुनिया में राज्य के मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार के मामले को जानने के बाद झारखंड का सिर शर्म से झुक गया है, लूट, झुठ और भ्रष्टाचार के एजेंडे पर काम करने के लिए बालू बेचे, खनिज पदार्थ बेचा,जंगल उत्पाद बेचे। जल जगंल जमीन पर से जनता का अधिकार लूट कर अपने और अपने परिवार के लोगों को स्थापित करना चाहते थे,युवाओं को रोजगार के मामले पर ठगा गया। 1932 का खतियान,पिछड़ा वर्ग को आरक्षण,आदिवासियों का सरना धर्म कोड, प्रति बर्ष 5 लाख युवाओं को रोजगार,शिक्षित बेरोजगार को बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं के लिए चुल्हा भत्ता के नाम पर जनता को ठगा गया। झारखंड के सर पर लगे कलंक को मिटाने के लिए राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए।

## केंद्र सरकार ने अपने बजट में आम आदमी को झुनझुना पकड़ा कर जनता के साथ किया है छल : विधायक भूषण बाड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में जनता को केवल झुनझुना पकड़ा दिया है। जनता भी 2024 के चुनाव में झुनझुना पकड़ाएगी। बजट में ना महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा है, ना महंगाई नियंत्रण का कोई प्रावधान है और ना ही रोजगार। इसके अलावा ट्रेन में सफर करने वाले सीनियर सिटीजन को भी कुछ नहीं मिला। महंगाई सिलेंडर के दाम, शिक्षा, स्वास्थ्य यह सब जनता के लिए महत्वपूर्ण बिंदु है और इन सब चीजों पर भी केंद्र सरकार का ध्यान नहीं गया। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी संपत्तियों को ऐसे ही उद्योगपतियों के हाथ में सौंप रही है, नए हवाई अड्डे बनाकर भी वही करेंगे। एक नजर बजट में डाला जाए तो आम आदमी को बस झुनझुना पकड़ा कर केंद्र सरकार ने जनता के साथ छल किया है। युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगा है यह सरकार का चुनावी बजट है। इस बजट में किसानों के लिए भी कुछ खास नहीं है। आधी से ज्यादा आबादी गांव में बसती है। लेकिन उनके लिए कुछ नहीं किया है। यह बहुत ही निराशाजनक बजट है। उन्होंने कहा कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बजट में जनता को नजरअंदाज किया गया है। 2014 के अगर वादे याद करें तो 100 स्मार्ट सिटी, दो करोड़ रोजगार तरह-तरह के प्रलोभन दिए थे, लेकिन सब जुमले ही निकले।

## झापा ने गाँधी मेला की अवधि विस्तार को लेकर जताया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिमडेगा :** सिमडेगा में आयोजित ऐतिहासिक गांधी मेला की 5 फरवरी तक अवधि विस्तार को लेकर झारखंड पार्टी सुप्रीमो सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने प्रेस वार्ता कर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा अवधि विस्तार किया गया है ,जिसका झारखंड पार्टी विरोध करती है क्योंकि यहां की जो व्यवस्था है ,गांधी मेला से जो परिवहन परिचालन गड़बड़ा गया है और लोगों को आने-जाने में इतना दिक्कत हो रहा है ,कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और दूसरी चीज यह है कि परीक्षा हो रहा है इन सब चीजों को देखते हुए झारखंड पार्टी विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि जो जनप्रतिनिधि अनुशंसा किए हैं वह पैसा में अंधे हो गए हैं ,वह पैसा लेकर अनुशंसा करने का काम किया। यहां की लोगों की भावना को नहीं समझ पाया है, यहां की लोगों की व्यथा को नहीं समझ पाया ।आने जाने में बहुत कठिनाई हो रही है । मेला 2 दिन काफी होता है लेकिन यहां पर 31 तारीख तक इसका परंपरा है । सरकारी आधार पर भी इनको 31 तारीख तक ही टेंडर किया गया था। लेकिन इसको विस्तार करने का या बढ़ाने का क्या मतलब है ।आज सचमुच में यह बड़े दुख की बात है और यहां के आदिवासी बेरोजगार यहां पर इस मेला में दुकानदारी का भाग नहीं ले पाये और यहां की सारा पैसा कलेक्शन कर बाहर जा रहा है जिसका झारखंड पार्टी विरोध करती है। अगर मेला 5 तारीख तक रहेगा तो झारखंड पार्टी केंद्रीय कमेटी बैठक कर सड़क जाम करेंगे ।इस मामले में जानकारी देखकर अवधि विस्तार नहीं करने के लिए आग्रह किया गया था लेकिन उन्होंने भी लोगों के जन भावना का ख्याल नहीं रखा।

## राज्य में राजनितिक सरगर्मी के कारण पुलिस प्रशासन मुस्तैद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा :** राज्य में उत्पन्न राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए व आदिवासी संगठनों के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ आहुत झारखंड बंद के कारण प्रखंड व पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। सायरन बजाती हुई पुलिस वाहन प्रखंड क्षेत्र से लेकर संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर रही है तो वही दुसरी तरफ बीडीओ, सीओ तथा थाना प्रभारी से लेकर दंडाधिकारी व पुलिस जवान सड़कों पर पैदल पैदल मार्च कर रहे हैं। लोहरदगा गुमला मार्ग में पुलिस जवान दंडाधिकारी के साथ गश्ती करते नजर आये तथा जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर हैं। सुबह से ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर सुबह दस बजे से पुलिस बल दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं। इसके अलावा क्षेत्र के गति विधि पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चिपड, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अभिनव कुमार नजरें रखे हुए हैं। साथ ही राज्य में उत्पन्न राजनीतिक उथलपुथल से निपटने के लिए प्रखंड प्रशासन अलर्ट हैं। मौके पर जेई सह दंडाधिकारी मनु कुमारी,ए एस आई अलबीना लकड़ा दल बल के साथ मौजूद थे।

## भाजपा नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने गांव चलो अभियान व अयोध्या जाने को लेकर की चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा :** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल लोहरदगा की बैठक नगर अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से गांव चलो अभियान तथा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर अयोध्या जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत हम सभी नगर मंडल के पदाधिकारी को प्रत्येक बूथ पर जाना है और एक दिन प्रवास करना है । बूथ पर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करना है। वहां के लोगों से मिलना है। केंद्र सरकार की प्रत्येक योजनाओं को लोगों को बताना है। साथ ही साथ बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि यह बजट ऐतिहासिक है। इस बजट से सभी लोगों के हितों की रक्षा होगी। इस अवसर पर राजकिशोर महतो ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभुकों से विशेष रूप से मिलना है तथा विचार विमर्श करना है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर अयोध्या जाने को लेकर सभी को बताना है। इसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो सुनिश्चित करना है। साथ ही साथ केंद्र सरकार की बजट पर चर्चा किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का बजट सभी लोगों के हितों के लिए सही है। सभी तबके के लोगों का ध्यान रखा गया है।

# पढ़ाई के साथ-साथ खेल से भी आप अपना बेहतर भविष्य बना सकते हैं : नेसार अहमद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा :** सदर प्रखंड ग्राम जूरिया में ब्लू स्टार क्लब जूरिया के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद शामिल हुए। जिन्होंने फाइनल मैच में पहुंचे भस्को एवं करम टोली की टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किए तत्पश्चात खेल का शुभारंभ किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया फाइनल मैच में भस्को की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करते हुए निर्धारित 10 ओवर में करम टोली की टीम को 36 रनों के स्कोर पर समेट दिया वही भस्को की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 ओवर में ही मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब भस्को टीम के बबलू उंराव को एवं मैन ऑफ द सीरीज मनोज उरांव को दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नेसार अहमद ने मौके पर उपस्थित दोनों टीम के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं जिस तरह इस क्षेत्र में फुटबॉल का काफी प्रचलन है उसी तरह अब ग्रामीण स्तर पर युवा क्रिकेट खेल में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं और क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भी ग्रामीण स्तर लोग कर रहे हैं जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत है महेंद्र सिंह धोनी युवाओं के आदर्श है जिन्होंने रांची जैसे शहर से निकलकर भारतीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व किया और कई कृतिमान स्थापित किये गुमला जिला के रॉबिन मिंज प्रतिष्ठित आईपीएल टूर्नामेंट में जगह बनाया है जो हम सभी के लिए गर्व की बात है युवा ऐसे क्रिकेटरों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। क्रिकेट तकनीक का खेल है युवा लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत अनुशासन और लगन से खेलेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। अंत में विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य रूप से ब्लू स्टार क्लब जूरिया के अध्यक्ष मनोज उरांव, तारीक अनवर, अरविंद उरांव महेश्वर उरांव आकाश बाखला, मनीष बाखला, सोनू उराव शिव शंकर उरांव दीपेश उरांव रामेश उरांव समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस सम्मेलन का हुआ आयोजन

## बीजेपी से लड़ने को तैयार हैं महिला बहनें : अलका लांबा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा :** गुरुवार को लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस महासम्मेलन राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में महिला अध्यक्ष सीमा परवीन की अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा उपस्थित हुई। एवं महिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अलका लांबा का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा की कांग्रेस पार्टी राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, कानूनी और संविधान द्वारा महिलाओं को दिए गए बराबरी के अधिकारों को पंक्ति में खड़ी अंतिम महिला तक पहुंचाने का काम कर रही है। और उन्हें उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें सशक्त करने का काम कर रही है। देश की बेटियों के आंसुओं के बीच भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने मुझे नई जिम्मेदारी सौंप है और मुझे पूरा एहसास है और मैं विश्वास दिलाता हूं कि महिला कांग्रेस देश में अन्याय, शोषण, हिंसा, अत्याचार का सामना कर रही देश के बेटियों बहनों की आवाज बनकर न्याय मिलने तक लड़ेगी। आज मैं लोहरदगा जिले के तमाम महिला बहनों को भरोसा दिलाना चाहती हूं की आप राहुल गांधी का साथ दीजिए आज राहुल गांधी अन्याय, भ्रष्टाचार, गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी और देश की तानाशाही व्यवस्था के खिलाफ भारत जोड़ो नया यात्रा कर रहे हैं आज हमें उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना है और देश के नकारात्मक तत्वों का समाप्त करना है और देश की महिलाओं को अपना हक एवं न्याय दिलाने का काम करना है। महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा की केंद्र कि बीजेपी सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं। आज देश में मणिपुर प्रदेश में महिलाओं को नंगा परेड कराया गया। विदेशों में देश का परचम लहराने वाली साक्षी मलिक जैसे बेटियों के साथ किया गया बलात्कारियों को जेल से रिहा कर दिया जा रहा है ऐसे आजाद भारत की संकल्पना बीजेपी सरकार कर रही है। आज हमें एकजुट होकर तानाशाही सरकार को करारा जवाब देना है हमारे झारखंड प्रदेश में भी सुनियोजित तरीके से बीजेपी सरकार ने केंद्रीय एजेंसी ईडी का दुरुपयोग कर राज्य सरकार को परेशान करने का काम किया है लेकिन हम चुप बैठने वाले नहीं हैं आगे भी अन्याय के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

## बुलंद बजट, आत्मनिर्भर बनेगा भारत : डॉ. शाहिद अख्तर



**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के सदस्य व मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. (प्रो.) शाहिद अख्तर ने संसद में पेश किए गए अंतरिम बजट को सर्वांगीण विकास का बजट बताया. कहा कि बजट में 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य है, वह साफ तौर पर परिलक्षित हो रहा है. डॉ. शाहिद अख्तर ने देश में 3000 नए आईटीआई खोले जाने, 15 नए एम्स, 390 नए विश्वविद्यालय और नए मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणाओं का स्वागत करते हुए इसे नए एवं बुलंद भारत की नई तस्वीर बताया, जिसमें आम इंसान की आमदनी में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी होना तय है. आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना को शुरू किया था. केंद्र सरकार की इस स्कीम के तहत रेहड़ी-पटरी लगाने वालों को बिना कुछ गिरवी रखे क्रेडिट की सुविधा दी जाती है. इस योजना को कोरोना महामारी के समय जून 2020 में शुरू किया गया था. पीएम स्वनिधि से 18 लाख वेंडर्स को मदद की गई है. मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने इसकी भरपूर प्रशंसा की है. मंच ने इस बात की भी तारीफ की है कि 1.40 करोड़ अभ्यर्थियों को स्किल इंडिया के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया. प्रशिक्षण के तहत रोजगार को प्रोत्साहन दिया गया, वहीं 42 प्रतिशत अभ्यर्थियों को देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में नियुक्त किया गया है. बजट का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार गरीबी हटाने के लिए काम कर रही है. सरकार ने चुनौतियों का डटकर सामना किया है. ग्रामीण विकास के लिए योजनाओं को लागू किया है. हर घर जल योजना से पानी पहुंचाया जा रहा है. 78 लाख स्ट्रीट वेंडर को मदद दी गई है. किसानों को सशक्ति बनाने पर जोर दिया है. 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ दिया जाता है. पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है. आम लोगों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है. युवाओं को सशक्त बनाने पर भी काम किया है. तीन तलाक को गैरकानूनी घोषित किया है. महिलाओं को संसद में आरक्षण देने के लिए कानून बना है. प्रो. शाहिद अख्तर ने कहा कि अंतरिम बजट में स्टार्टअप के लिए टैक्स छूट एक साल के लिए बढ़ा दी गई है. लखपति दीदी योजना को विस्तारित किया गया है. 3 नए रेल कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य रखा गया है. इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11 फीसदी ज्यादा खर्च किया जाएगा. रक्षा खर्च 11.1त्न ब?ाया गया है. राजकोषीय घाटा 5.1त्न रहने का अनुमान है. आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएगा. तिलहन के अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा. हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी. 2014-23 के दौरान 596 अरब डॉलर विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आया. ब्लू इकोनॉमी 2.0 के तहत नई योजना शुरू की जाएगी. इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाएगा. 50 साल के लिए 1 लाख करोड़ के ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा. लक्षद्वीप के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा दिया जाएगा. 40 हजार सामान्य रेल कोच वंदे भारत जैसे कोच में बदलेंगे. सर्वाइकल कैंसर के वैक्सीनेशन पर ध्यान दिया जाएगा. मातृ और शिशु देखरेख की योजनाओं को बढ़ावा मिलेगा. 9-14 साल की लड़कियों के टीकाकरण पर ध्यान दिया जाएगा. भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के जरिए एक परिवर्तनकारी पहल की गई है. डिफेंस के लिए 6.2 लाख करोड़ का बजट रखा गया है. 78 लाख स्ट्रीट वेंडर को मदद दी गई है. 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है. पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है. मनरेगा के लिए 60 हजार करोड़ से 86 हजार करोड़ का बजट किया गया है. डॉ. शाहिद अख्तर ने कहा, बजट में सभी का ख्याल रखा गया है। यह बजट विकास का आईना है।

# अति प्रशंसा नए रचनाकार को बर्बाद करती है : रणेंद्र कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रचनात्मक लेखन कार्यशाला के छठे दिन गुरुवार को स्वागत संबोधन में रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के निदेशक और साहित्यकार रणेंद्र ने हिंदी साहित्य में समीक्षा लेखन पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्य की समीक्षा बहुत ईमानदारी की समीक्षा नहीं है। अति प्रशंसा नए रचनाकार को बर्बाद करती है। हिंदी साहित्य के वरिष्ठ आलोचक और कवि विजय बहादुर सिंह ने आलोचना और रचना के संबंध विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आलोचना और समीक्षा दोनों एक ही चीज है। उन्होंने कहा कि एक आलोचक की शब्दों की कीमत उसके व्यक्तित्व से जुड़ी होती हैं। एक आलोचक को रसिक और कवि मिजाज होना जरूरी है। नए लेखकों को लेखनी के बारे में समझाते हुए कहा कि कला नकल की नकल नहीं, यह एक प्रतिसृष्टि है। कला फिर से संसार को रचने और देखने की दृष्टि है। रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के निदेशक और साहित्यकार रणेंद्र ने फिल्म प्रदर्शन के बाद कहा कि आदिवासी पुरखा देवता का अद्भुत और सजीव चित्रण करती यह फिल्म जमीन बचाने की कहानी को एकदम नए ढंग से प्रस्तुत करती है। युवा आदिवासी संगीतकार गुंजल इकीर मुंडा ने कहा कि वर्तमान समय के अखरा में आदिवासी गीत बजना बंद हो गए हैं। नए आदिवासी रचनाकारों को नए वक्त के हिसाब से आदिवासी गीत रचने, गढ़ने की जरूरत है।




## एबीवीपी संयोजक मंजुल ने अंतरिम बजट को सभी वर्गों का हितैषी बताया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गढ़वा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ला ने अंतरिम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी है। बजट में सभी वर्गों का बराबर ध्यान रखा गया है। बजट मुख्य रूप से गरीब, युवा अन्नदाता व महिलाओं को केंद्र में रखकर बनाया गया है। इस बजट में हवा हवाई बातें नहीं की गई है। सरकार में 1.4 करोड़ युवाओं को स्किल इंडिया मिशन का लाभ मिला है। साथ ही अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज से जोड़ने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी। एक लाख करोड रुपए का कॉर्पस यानी कोष बनाया जाएगा। ये कॉर्पस 50 साल तक विद्यार्थियों को इंटरेस्ट फ्री लोन प्रोवाइड करेगा। जिससे विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में सुलभता प्रदान होगी। सरकार का सभी युवाओं को रोजगार डाटा बनाने का संकल्प है जो इस बजट के माध्यम से पूर्ण होता दिखाई दे रहा है। साथ ही पर्यटन के क्षेत्र में भी ध्यान रखते हुए सरकार लक्षद्वीप सहित अन्य द्वीपों को विकसित करने हेतु आधारभूत संरचना और कनेक्टिविटी सुविधा शुरू की जाएगी। कुल मिलाकर यह बजट देश के सभी वर्गों के हित में है।

# संबद्ध डिग्री कॉलेज महासंघ ने किया गोपीनाथ कॉलेज का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के पूर्व निर्धारित योजना के तहत आज गुरुवार को महासंघ के अध्यक्ष प्रो. विवेकानंद उपाध्याय तथा कार्यकारिणी सदस्य प्रो. परवेज आलम ने जिला मुख्यालय स्थित गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय का दौरा किया।इस क्रम में महासंघ के अध्यक्ष ने पिछले दिनों प्रतिनिधि मंडल की कुलपति एवं कुलसचिव के साथ हुई वार्ता का उल्लेख करते हुए बताया की विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया है कि सिंडिकेट में संबद्ध डिग्री कॉलेजों को प्रतिनिधित्व देने समेंत सभी ग्यारह सूत्री मांगों पर कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन के अनुरूप विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा मांग माने जाने के लिए आने वाले दिनों में और अधिक दबाव बनाने का प्रयास महासंघ की ओर से किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए महाविद्यालय कर्मियों को सहयोग करने का अपील किया। इस क्रम में महाविद्यालय के कर्मियों ने विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन की बकाया राशि भुगतान नहीं किए जाने का मामला उठाया तथा कहा कि विश्वविद्यालय पिछले दिनों गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय, मेदनीनगर में आयोजित थर्ड सेमेस्टर के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन में ठहराव भट्ट 170 रुपये से घटाकर 130 रुपये निर्धारित कर भुगतान किया गया है जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। महंगाई को देखते हुए जहां राशि बढ़नी चाहिए वहां घटकर भुगतान किया जा रहा है। इस मौके पर महाविद्यालय कर्मियों ने अनुदान की राशि में इस बार भी विश्वविद्यालय द्वारा कालेजों को भुगतान में विलंब नहीं हो इसे लेकर चिंता जाहिर किया है। साथ ही सरकार की ओर से ग्रेड के आधार पर अनुदान की राशि कॉलेजों को उपलब्ध कराने का मामला भी उठाते हुए महासंघ से इस दिशा में पहल करने की बात कही। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संजुक्ता सिंह, प्रो. अशोक पाठक, प्रो. सत्येंद्र नारायण राय, डॉ. शीशम साहू, प्रो. रंजीत कुमार, प्रो. अनीता तूफानी, डॉ. अरुण सिंह आदि मौजूद थे।

# 67वा नेशनल स्कूल गेम में हिस्सा लेंगे संत मरियम के रौशन कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** संत मरियम स्कूल के समन्वयक अमरेंदर श्रीवास्तव और वरिष्ठ शिक्षका प्रीति सिंह ने कक्षा 8वी का छात्र रोशन कुमार को तिलक लगा कर 67वा नेशनल स्कूल गेम के लिए रवाना किया। मौके पर रोशन ने तमाम शिक्षकों एवं मैनेजमेंट टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि स्कूल में वह शिक्षा के साथ-साथ गतका खेल का भी प्रशिक्षण प्राप्त करता था। उसने पिछले वर्ष ही गतका फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय गतका प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है और दिसंबर में झारखंड खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एसजीएफआई के ट्रायल में प्रथम स्थान किया तत्पश्चात नेशनल एसजीएफआई के लिए चयनित किया गया। मौके पर स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन ने कहा कि रोशन झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 17 में फेरी सोती खेलेंगे। जिसमें आने और जाने एवं रहने का सारा खर्च झारखंड सरकार देगी। 2 फरवरी को रांची से 32 गतका खिलाड़ी छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे उनके साथ झारखंड से दो कोच बोकारो के राजीव सिंह और धनबाद के पप्पू सिंह और झारखंड सरकार द्वारा प्रतिनियुक्ति एक टीम मैनेजर सभी खिलाड़ियों को लेकर छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे।




### अरुणा शंकर ने अपने लागत से 16 लाख रुपए की कोल्ड फॉगिंग वॉटर बेस्ड मशीन आमजनों के लिए किया समर्पित

# जनप्रतिनिधि का कर्तव्य : पद के साथ व पद के बाद भी : प्रथम महापौर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा शहर में बढ़ते मच्छर के प्रकोप से बचाव हेतु 16 लाख रुपए लागत की कोल्ड फॉगिंग वॉटर बेस्ड मशीन अपने निजी खर्च से निगम वासीयो को सैकड़ो लोगों के बीच चैनपुर बाजार महावीर मंदिर में पूजा पाठ कर समर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि शहर के कुछ डॉक्टरों ने मुझे एक महीने पूर्व मिलकर बताया था कि शहर में मच्छर के प्रकोप से डेंगू का बीमारी बढ़ता जा रहा है। शहर में फागिंग की व्यवस्था जल्द सुनिश्चित होनी चाहिए। पर निगम कुछ नहीं कर रहा है। जिस पर मैंने तत्काल संज्ञान लेते हुए अपने निजी खर्च से बेहतरीन फागिंग मशीन जिसका संचालन चंडीगढ़, दिल्ली जैसे शहरों में किया जाता है, खरीद कर आज से प्रारंभ कर दिया। प्रथम महापौर ने कहा कि इसी शहर ने मुझे नगर माता बनाया। मैं एक माता होने के नाते शहर के हर सुख दुख को देखना मेरा कर्तव्य है। ऐसे भी हर सच्चे जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होना चाहिए कि पद के साथ भी और पद के बाद भी जनता के लिए समर्पित रहे। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने 2 वर्ष कोरोना के बावजूद अपने 3 वर्ष के कार्यकाल में बहुत शौक से शहर को सजाने का काम किया है। आज मैं पद पर नहीं हूं। फिर मैं अपने निजी खर्च से पलामू में इतनी गर्मी पड़ने के बावजूद प्रतिदिन कई माली लगाकर चौक चौराहों का देखरेख करवाती हूं। जिससे सारे पौधे हरे भरे नजर आते हैं। हर चौक चौराहे डिवाइड के लाइट बनाए जाते हैं। महापुरुषों के प्रतिमा को धोई जाती है। कोयल रिवर फ्रंट गांधी उद्यान की विशेष देखरेख की जाती है। पूरे निगम क्षेत्र में मेरे द्वारा लगाए गए बुजुर्गो, बच्चों एवं माताऔ के लिए बेंच का रखरखाव किया जाता है। मोहल्ले में लगे चिल्ड्रन प्ले स्टेशन का देखरेख किया जाता है। पानी मशीन का देखरेख किया जाता है। कोयल रिवर फ्रंट एवं शहीद चौक में लगी धौलपुर की जालियां, जो शहर की खूबसूरती को बढ़ा रहा है, जिसे कई बार असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ा गया। मैं हमेशा अपने निजी खर्च से बनवाती हूं। राजा हरिशचंद्र घाट की देखरेख चेंबर के नेतृत्व में करवाई जाती है। अब प्रतिदिन रोस्टर बनाकर फागिंग भी हर वार्ड में की जाएगी। प्रथम महापौर ने कहा कि मेरे कार्यकाल की कई प्रमुख योजनाएं लंबित है। जिसमें प्रमुख कोयल रिवर फ्रंट पर बन रहे नाइट मार्केट जो अब कंप्लीट हो चला है। शिवाजी मैदान जिसका कार्य चल रहा है। निगम के सभी तालाबों का सुंदरीकरण जिसका टेंडर निकल चुका है और कचरवा डैम में वाटर पार्क प्रमुख है। जिसका टेंडर भी हो चुका है। प्रथम महापौर ने कहा कि नगर आयुक्त डोर टू डोर सफाई की समीक्षा करें। मेरे बोर्ड द्वारा पारित कई बड़े कंटेनर खरीद कर रखें गए हैं। चौक चौराहा पर प्लेटफॉर्म भी बने हैं। कंटेनर उठाने वाली गाड़ी भी आई है। पर उसे अब तक नहीं लगाया गया। तत्काल लगवाएं। ताकि लोग रोड पर कूड़ा ना फेके।




**निगम खरीदे गए नए कंटेनर लगवाए और डोर टू डोर सफाई की समीक्षा करे**

## बजट में विकसित भारत की है रूपरेखा : आनंद शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पलामू चैंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर ने संसद में पेश अंतरिम बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को बधाई व शुभकामनाएं दी। कहा कि इस अंतरिम बजट में मोदी सरकार की पिछले 10 वर्षो की विकास गाथा है। 2047के विकसित भारत की रूप रेखा है। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, किसान,महिला, युवा सहित सभी वर्गो के उत्थान की सोच है। कहा कि बजट में स्पष्ट नीति और नीयत की झलक है। आनंद शंकर ने कहा कि यह अंतरिम बजट विकास के दशक का बजट है। जिसमे 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। 3 करोड़ लोगों को पक्का छत दिया है। सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की पहुंच आम आदमी तक हुई है। कहा कि यह सभी का बजट है। सरकारी योजनाएं जनता तक पहुंच रही हैं। सरकार गरीबी हटाने के लिए काम कर रही है. सरकार ने चुनौतियों का डटकर सामना किया है। ग्रामीण विकास के लिए योजनाओं को लागू किया है। हर घर जल योजना से पानी पहुंचाया जा रहा है। 78 लाख स्ट्रीट वेंडर को मदद दी गई है। किसानों को सशक्ति बनाने पर जोर दिया है। 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ दिया जाता है। पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है। आम लोगों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है. युवाओं को सशक्त बनाने पर भी काम किया है। आनंद शंकर ने कहा कि देश की जनता भविष्य की तरफ देख रहे हैं। वे आशान्वित हैं. पीएम मोदी के नेतृत्व में हम आगे बढ़ रहे हैं। अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखे जा रहे हैं। सरकार सबका साथ सबका विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर घर जल, सभी को बिजली, गैस, वित्तीय सेवाएं और बैंक अकाउंट खोलने के लिए काम किया है। कहा कि खाद्यान्न की चिंताओं को दूर किया है, 80 करोड़ लोगों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया है। मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आय बढ़ी है। 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। सरकार लोगों को सशक्त बनाने का काम कर रही है। आनंद शंकर ने कहा है कि सरकार गरीब लोगों को घर खरीदने और घर बनाने में आर्थिक मदद दे रही है। उन्होंने कहा कि मिडिल क्लास के लोगों के लिए, झुग्गी और चॉल में रहने वालों के लिए घर खरीदने और बनाने के लिए सरकार मदद करेगी। कहा कि जो लोग किराये के घरों में रह रहे हैं, उन्हें इस स्कीम से फायदा होगा। साथ ही जो लोग अनाधिकृत कॉलोनियों में रह रहे हैं, उन्हें भी अपना घर खरीदने और बनाने में मदद मिलेगी।



# किसी ने बजट को सराहनीय बताया तो किसी ने नकारा

### बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय बढ़ाने की घोषणा स्वागत योग्य कदम



वित्त मंत्री द्वारा आज बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय बढ़ाने की घोषणा एक स्वागत योग्य कदम है, जिसका देश की समग्र अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। तीन आर्थिक रेलवे विकसित करने के प्रस्ताव के साथ-साथ ग्रामीण आवास का निरंतर विस्तार पीएम गति शक्ति योजना के तहत गलियारे अन्य महत्वपूर्ण कदम हैं जो इस्पात की मांग को बढ़ावा देंगे, नौकरियां पैदा करेंगे और कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स में सुधार करेंगे। अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए परिकल्पित वित्तीय सहायता एक उत्साहजनक पहल है जो हमारे युवाओं की आकांक्षाओं को पोषित करने में मदद करेगी।

**टीवी नरेन्द्र**
**सीईओ सह प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील लिमिटेड.**

### केंद्र सरकार की अंतरिम बजट में गरीबों और मध्यम वर्गीयों के लिए कोई राहत नहीं



केंद्र सरकार की ओर से आज संसद में बजट पेश किया गया जिसमें गरीबों और मध्यम वर्गीय लोगों के लिए कोई राहत की बात नहीं है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश की आर्थिक हालात का रोना रोते हुए महंगाई और रोजगार पर कोई फोकस नहीं किया। सिर्फ जुमला वाला बजट बनाया गया है। आंतरिक बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मित्र अंबानी और अडानी का ख्याल रखा है ताकि उनकी पूंजी दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ती रहे। मोदी सरकार ने जो भी वादे किए थे पिछले 10 वर्षों में कोई वादे पूरे नहीं हुए। अंतरिम बजट से गरीब और मध्यम वर्ग के लोग निराशा है।

**सुधीर कुमार पप्पू**
**अधिवक्ता जमशेदपुर कोर्ट**

### 11.1 लाख करोड़ के खर्च से देश में व्यापार में होगी वृद्धि

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश अंतरिम बजट में 11.1 लाख करोड़ के खर्च से देश में विभिन्न परियोजनाओं से व्यापार बढ़ेगा वहीं बड़े पैमाने पर रोज़गार भी बढ़ेगा। उत्पादन में वृद्धि होगी तथा यह खर्च उत्पादन को बढ़ावा देने और विभिन्न उद्यमों को समर्थन करने के माध्यम से व्यापार में वृद्धि की स्थिति में सुधार कर सकता है। इससे देश भर में व्यापार में वृद्धि होगी और वित्तीय तरलता बढ़ेगी। यह बजट वोट ऑन अकाउंट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का प्रोग्रेसिव दस्तावेज है जो देश के भविष्य के विकास का दर्शन कराता है। अंतरिम बजट का स्वागत योग्य है।



**सुरेश सोन्थालिया**
**राष्ट्रीय सचिव, कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स**

### बजट भारत के संकल्पना को साकार करेगा



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गए अंतरिम बजट विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला बजट है। इस अंतरिम बजट में महिला, किसान, गरीब, युवा और मध्यमवर्गीय सभी घटकों की ओर विशेष ध्यान दिया गया है। 1 करोड़ परिवारों को सोलर सिस्टम देकर 300 यूनिट तक की बिजली मुफ्त देने की संकल्पना की गई है। युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ ब्याजमुक्त निधि तैयार करने का निर्णय क्रांतिकारी और स्वागत योग्य है। लखपति दीदी कार्यक्रम के जरिए 3 करोड़ बहनों को करोड़पति बनाने का भी संकल्प सराहनीय और क्रांतिकारी है।

**गुंजन यादव**
**निवर्तमान अध्यक्ष, भाजपा जमशेदपुर महानगर।**

